CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

लखनऊ, गुरुवार 24 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 263 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



ट्रम्प सीजफायर कराने वाले कौन: राहुल गांधी

पेज 2




हरमन प्रीत का शतक, भारतीय महिला टीम ने जीती वनडे सीरीज

खेल टाइम्स



प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की सच्चाई

सम्पादकीय



बिना वीजा 59 देशों की यात्रा कर सकते हैं भारतीय

पेज 12

## लगातार तीसरे दिन नहीं चली लोकसभा व राज्यसभा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने अपनी मांगों के समर्थन में बुधवार को भी जबरदस्त हंगामा किया, जिसके कारण दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थापित कर दी गई। पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही शुरू की विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबीच आ गए। पीठासीन अधिकारी ने हंगामे के दौरान कहा कि आज गोवा की जनजातियों से जुड़ा बहुत महत्वपूर्ण विधेयक है। गोवा राज्य विधानसभा निर्वाचन-क्षेत्र अनुसूचित जनजाति प्रतिनिधित्व का पुन:समायोजन विधेयक 2024 पर चर्चा करनी है। वहीं बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में लामबंद विपक्ष ने लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी राज्यसभा में जोरदार हंगामा किया, जिसके कारण दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई।

## श्रावण शिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**हरिद्वार (ब्यूरो)।** हरिद्वार में श्रावण शिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में बुधवार तड़के से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक करने के लिए उमड़ पड़ी। कनखल स्थित दक्षेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने भगवान शिव की ससुराल में जलाभिषेक कर पुण्य अर्जित किया। श्रावण मास की शिवरात्रि के दिन श्रद्धालु शिवालयों में जल चढ़ा रहे हैं। कांवड़ियों ने अपने-अपने स्थानीय शिवालयों में जल चढ़ाया। इसी के साथ श्रावण मेला बुधवार को संपन्न हो गया।

## मोदी ब्रिटेन, मालदीव की 4 दिवसीय यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय यात्रा के लिए बुधवार को राजधानी से लंदन के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान वह दोनों देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों चर्चा करेंगे। श्री मोदी ने रवाना होने से पहले जारी बयान में कहा कि भारत और ब्रिटेन के बीच एक व्यापक रणनीतिक भागीदारी है और जिसमें हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है।

# टॉयलेट में बैठे-बैठे ही हाईकोर्ट की सुनवाई में शामिल हुआ था शख्स

## गुजरात हाईकोर्ट ने लिया एक्शन- 15 दिन समाजसेवा करने का दिया आदेश

**अहमदाबाद, वार्ता**

**गुजरात** के अहमदाबाद में ऑनलाइन अदालती सुनवाई के दौरान टॉयलेट से ही पेश होने वाले शख्स को अदालत की अवमानना का सामना करने का निर्देश दिया गया।

गुजरात हाईकोर्ट ने मंगलवार को हुई सुनवाई में अब्दुल समद को 15 दिन की सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया है। यह घटना 20 जून को हुई जब जस्टिस नीरज एस. देसाई एक मामले की सुनवाई कर रहे थे। इसी दौरान अब्दुल टॉयलेट से ही ऑनलाइन सुनवाई में शामिल हुआ था।




इसका वीडियो वायरल हो गया था। जिसके बाद गुजरात हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लेते हुए अवमानना कार्यवाही की थी। कोर्ट ने 14 जुलाई को हुई सुनवाई में अब्दुल पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। जुर्माने की राशि 22 जुलाई तक कोर्ट की रजिस्ट्री में जमा करनी थी। हालांकि, मंगलवार को अब्दुल ने एक लाख रुपये की जुर्माना राशि भी भरी और कोर्ट से अपनी गलती के लिए माफी भी मांग ली है। गौरतलब है कि कोविड-19 महामारी के बाद से, गुजरात हाईकोर्ट ने वकीलों और पक्षकारों को वर्चुअल माध्यम से सुनवाई में शामिल होने की अनुमति दी है। कार्यवाही का सीधा प्रसारण न्यायालय के यूट्यूब चैनल के जरिये किया जाता है। अब्दुल समद शाह सूरत के किम गांव का निवासी है और मारपीट के एक मामले में शिकायतकर्ता है। इसी मामले की सुनवाई के दौरान वह टॉयलेट से ही ऑनलाइन सुनवाई में शामिल हुआ था।

# SC Order: महिला IPS को पति व ससुरालियों से मांगनी होगी माफी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- वैवाहिक विवाद में झूठे केस कराए थे दर्ज
- सुप्रीम कोर्ट बोला- पद का गलत इस्तेमाल न करें, सभी मामलों को भी रद्द किया

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक महिला आईपीएस अफसर को अपने पूर्व पति और ससुराल वालों से बिना शर्त माफी मांगने का आदेश दिया। अधिकारी ने वैवाहिक विवाद में पति और ससुराल वालों के खिलाफ कई झूठे क्रिमिनल केस दर्ज कराए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने उन सभी मामलों को भी रद्द कर दिया। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने अपने फैसले में कहा कि मुकदमों की वजह से पति को 109 दिन और उसके पिता को 103 दिन जेल में बिताने पड़े। उन्होंने जो कुछ सहा, उसकी किसी भी तरह से भरपाई नहीं की जा सकती। कोर्ट ने आदेश दिया कि महिला और उसके माता-पिता पीड़ित पति और उसके परिवार के सदस्यों से बिना शर्त माफी मांगें। माफीनामा अंग्रेजी और हिंदी के एक-एक प्रसिद्ध अखबार के राष्ट्रीय संस्करण में छपवाना होगा। साथ ही माफीनामा 3 दिनों के भीतर फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी प्रसारित करना होगा। कोर्ट ने 2018 से अलग रह रहे इस जोड़े के तलाक की अर्जी भी मंजूर कर ली और बेटी की कस्टडी मां (महिला आईपीएस अधिकारी) को सौंप दी। महिला का पूर्व पति और परिवार के सदस्य बेटी से मिल सकेंगे।

# भारत ने पाक को लताड़ा

## यूएन में कहा: आतंकवाद में आकंठ डूबा पाक

**न्यूयॉर्क, वार्ता**

**भारत ने** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अंतर्राष्ट्रीय शांति, सुरक्षा और बहुपक्षीय सहयोग के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराते हुए 'सीमा पार आतंकवाद को लगातार प्रायोजित करने' के लिए पाकिस्तान की कड़ी आलोचना की है।




- सीमा पार आतंकवाद को लगातार प्रायोजित करने के लिए कड़ी आलोचना की

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने पहलगाम में पर्यटकों पर किए गए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत के आतंकवाद-रोधी अभियान का जिक्र किया और छद्म युद्ध से उत्पन्न बढ़ते खतरे का उल्लेख किया। उन्होंने चेतावनी दी कि मौजूदा संघर्षों को पाकिस्तान के सहयोग से गैर-सरकारी तत्व तेजी से बढ़ाते जा रहे हैं। श्री हरीश ने पाकिस्तान को उसकी असलियत बताते हुए भारत और पाकिस्तान की स्थिति का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ एक जीवंत लोकतंत्र, उभरती अर्थव्यवस्था और एक बहुलवादी समाज वाला भारत है तो दूसरी तरफ कट्टरता, आतंकवाद और अंतर्राष्ट्रीय कर्ज पर लगातार निर्भर पाकिस्तान है। इस परिषद का एक सदस्य देश जिसका, आचरण पूरा विश्व जानता है, जो आतंकवाद का रहनुमा है और जिसकी आलोचना पूरी दुनिया करती है, उसे कम से कम इस तरह के उपदेश नहीं देने चाहिए। भारतीय प्रतिनिधि ने सुरक्षा परिषद में एक उच्चस्तरीय खुली बैठक में आतंकवाद के मसले पर जमकर पाकिस्तान को लताड़ा और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का हवाला दिया, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा कि इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन शुरू करते हुए पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादी शिविरों पर एक सटीक और आनुपातिक कार्रवाई की।

## जस्टिस वर्मा केस से अलग हुए सीजेआई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की रिट याचिका पर होने वाली सुनवाई से स्वयं को बुधवार को अलग कर लिया। न्यायमूर्ति वर्मा ने दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के पद पर रहने के दौरान राष्ट्रीय राजधानी के अपने सरकारी आवास से कथित तौर पर नकदी मिलने के मामले में आंतरिक जांच प्रक्रिया और उनके स्थानांतरण तथा न्यायाधीश के पद से हटाने के फैसले की वैधता को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत में एक रिट याचिका दायर की है। मुख्य न्यायाधीश ने सुनवाई से अपने आप को अलग करते हुए कहा कि चूंकि वह उनके स्थानांतरण (दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में) के निर्णय का हिस्सा थे, इसलिए उनके लिए इस मामले में सुनवाई करना उचित नहीं होगा।

## दिल्ली में सड़कें डूबीं, स्कूलों में घुटनों तक भरा पानी

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में बुधवार सुबह से ही बारिश हो रही है। दिल्ली के कई इलाकों में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया, जिससे गाड़ियां फंस गईं। दिल्ली के टिकरी कलां स्थित नगर निगम बालिका स्कूल के क्लासरूम में दो फीट तक पानी भर गया। बच्चे पानी के बीच डेस्क पर बैठे दिखे। कई जगह ट्रैफिक जाम की स्थिति देखी गई।

गाजियाबाद में रामनगर एलिवेटेड रोड पर गाड़ियों की



लंबी कतारें नजर आईं। आईएमडी ने दिल्ली और एनसीआर में बुधवार दिन भर गरज, बिजली और तेज हवाओं (30-40 किमी प्रति घंटे) के साथ और बारिश होने की संभावना जताई थी।

## सुप्रीम कोर्ट का नीट-यूजी काउंसलिंग पर रोक से इन्कार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न मेडिकल पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2025 की काउंसलिंग पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। पीठ ने मध्य प्रदेश के कुछ केंद्रों में बिजली गुल होने से पीड़ित नीट-यूजी 2025 परीक्षार्थियों की ओर से दायर दो याचिकाओं पर अंतरिम राहत देने से इन्कार कर दिया। पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा कि वह याचिकाओं पर शुक्रवार को सुनवाई करेगी।

## लगातार बढ़ रहा है अहमदाबाद प्लेन क्रैश की नई परतें खुलने का सिलसिला

# गलत शव भेज दिए ब्रिटेन, डीएनए से मिलान नहीं

**अहमदाबाद, वार्ता**

**ब्रिटेन में अहमदाबाद** प्लेन क्रैश के पीड़ित 2 परिवारों ने दावा किया है कि उन्हें गलत शव सौंपे गए हैं। उनके वकील जेम्स हीली के मुताबिक, दोनों शवों का डीएनए उनके परिजन से मेल नहीं खा रहा।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन में रहने वाले एक परिवार ने अपने परिजन के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी थी, लेकिन जब डीएनए जांच में पता चला कि ताबूत में किसी और यात्री का शव है, तो उन्हें अंतिम संस्कार की योजना रद्द करनी पड़ी। एयर इंडिया ने मामले की जांच शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। वहीं, भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि मामला सामने आने के बाद हम ब्रिटिश अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हालांकि भारत में अफसरों ने प्रोटोकॉल के तहत ही मृतकों की पहचान की थी। दरअसल, 13 शवों को ब्रिटेन भेजा गया था। 12 जून को प्लेन हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। हादसे के वक्त विमान में 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत 242 पैसेंजर सवार थे।

### टेकऑफ से पहले इंडिगो फ्लाइट में लगी आग

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद से दीव जा रही इंडिगो की फ्लाइट एटीआर 76 में बुधवार को उड़ान भरने से ठीक पहले इंजन में आग लग गई। फ्लाइट में 60 लोग पैसेंजर थे। जैसे ही विमान रनवे पर टेकऑफ की तैयारी कर रहा था, पायलट ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीएस) को इमरजेंसी 'मेडे' कॉल भेजा और उड़ान को रोक दिया गया। यह हादसा सुबह करीब 11 बजे हुआ। इसके बाद तुरंत सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। घटना की जांच जारी है।

NAAC A | UGC 12B Status Granted | 36 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

SHOBHIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
Shobhit Institute of Engineering & Technology

PRIORITY ADMISSION NOTICE
FOR CUET (UG/PG) CANDIDATES

Admission Notice 2025-26

B.Tech. 26th Batch | AICTE Approved
○ Computer Science & Engineering ○ Biotechnology ○ Biomedical Engineering ○ Agriculture Engineering
M.Tech. 19th Batch | AICTE Approved
○ Computer Science & Engineering ○ Biotechnology ○ Biomedical Engineering ○ Agriculture Engineering
BCA 30th Batch | AICTE Approved
○ AI & Machine Learning ○ Cyber Security ○ Internet of Things ○ Data Science ○ General
MCA 28th Batch | AICTE Approved
○ Cloud Computing ○ Data Sc.& Machine Learning ○ Full Stack Development ○ Internet of Things ○ Network & Info Security
LAW 12th Batch | BCI Approved
○ BA LLB ○ BBA LLB (Hons) ○ B.Com. LLB (Hons) ○ LLB ○ LLM (2 Yrs.) ○ LLM (1 Yr.)
BA (Hons)
○ Psychology ○ Government & Administration
B.Com. (Hons)
M.Com.
B.Ed. 11th Batch | NCTE Approved
PG Diploma - 1 Yr.
○ Counseling Psychology ○ Yoga

BBA 30th Batch | AICTE Approved
○ Digital Marketing ○ Banking, Finance & Insurance ○ Global Business & Management ○ General
MBA Plus | 31st Batch | AICTE Approved
○ Digital Business & AI ○ Marketing & E-commerce ○ Fintech, Banking & Insurance ○ People Mgmt & HR Analytics ○ Global Trade & Logistics Mgmt ○ Agri-business & Rural Entrepreneurship ○ Pharmaceutical & Healthcare Mgmt
B.Sc. (Hons)
○ Agriculture ○ Biotechnology ○ Microbiology ○ Biomedical Sciences ○ Nutrition & Dietetics
M.Sc.
○ Artificial Intelligence ○ Bio-informatics ○ Biomedical Sciences ○ Biotechnology ○ Clinical Research ○ Cyber Security ○ Data Science ○ Food Science & Tech ○ Mathematics ○ Medical Physics ○ Microbiology

The University offers a rigorous and research-oriented Ph.D. program aimed at fostering innovation and advancing knowledge across diverse disciplines.

OUR RANKINGS
3 Amongst India's Distinguished Law Schools The CSR Law School Survey 2025
6 Amongst Top Organisations (SIRO) for filing highest number of Patents in 2023-24
24 Amongst Top Technical Universities of India India Today University Ranking Survey 2024
25 Amongst Top Engineering Institutions of India Times Engineering Institute Ranking Survey 2025
28 Amongst TOP B-School of India Times B-School Survey 2025

Generous Scholarships Available for CUET (UG/PG) Candidates



Our Proud Alumni are leading globally in Technology, Research, Consulting, Engineering, Law, and Management.
PHILIPS | LinkedIn | Google | IBM | Microsoft | SYNTEL | intel | Apple | SAP | facebook | SAMSUNG | SIEMENS | ORACLE | standard chartered | ICICI Bank | Johnson & Johnson | KPMG | Goldman Sachs

THE UNIVERSITY OF TOLEDO
Joint Degree Option
Master of Business Administration (MBA)
Master of Applied Business Analytics (MABA)

Programs Offered in Distance Mode BBA | MBA | B.Com | M.Com www.shobhitodl.in
Programs Offered in Online Mode BBA | MBA | BCA | MCA www.shobhit.online

India's first RRTS (RapidX) connects directly to Shobhit University Campus in just 55 minutes from Delhi.

SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed-to-be University] Campus: NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR
www.shobhituniversity.ac.in | 9870265521 / 7617505016
Delhi Office: Shobhit University Tower, Pocket-B, Mayur Vihar Ph-II, New Delhi-110091 | +91-11-35205500

SCAN TO APPLY

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ में 16 साइबर ठग गिरफ्तार, एक करोड़ बरामद

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की गुंडबा पुलिस ने सोशल मीडिया पर पॉप मैसेज भेज कर साइबर ठगी को अंजाम देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 16 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से एक करोड़ सात लाख रुपए बरामद किए। पुलिस आयुक्त अमित सिंह सेंगर ने बताया कि अब तक साइबर फॅाड को लेकर लखनऊ में किए गए बड़े कार्रवाई में से यह एक है। उन्होंने बताया कि गुडंबा पुलिस को सूचना मिली थी कि सृष्टि डिपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 403 में एक अवैध रूप से कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा है। गिरोह के सरगना समेत 16 लोग गिरफ्तार किए गए है। इन लोगों के पास से लगभग 1 करोड़ 7 लाख रुपए बरामद किए गए है।

### आजाद, तिलक को मोदी ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दो महान स्वतंत्रता सेनानियों, चंद्रशेखर आज़ाद और लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके साहस, दृढ़ विश्वास और देश के स्वतंत्रता संग्राम पर उनके अमिट प्रभाव की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि चंद्रशेखर आज़ाद और लोकमान्य तिलक की विरासत देश की पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।

### योगी ने की लोक मंगल की कामना

**गोरखपुर।** पावन सावन माह की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि, सावन शिवरात्रि को गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंधियारी बाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

# गढ़मुक्तेश्वर बनेगा आस्था व ग्रामीण पर्यटन का केन्द्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले मे स्थित गढ़मुक्तेश्वर और उसके आस-पास के क्षेत्रों की धार्मिक, सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को आधुनिक स्वरूप देने के लिए उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने 19.50 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस परियोजनाओं से ना केवल तीर्थस्थलों के सौंदईकरण होगा, बल्कि आधु. निक पर्यटक सुविधाएं भी विक. सित होंगी। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक देशी-विदेशी सैलानियों को आकर्षित करके स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करना है। उन्होंने बताया कि गघ्मुक्तेश्वर एक पौराणिक एवं धार्मिक स्थल है। गंगा किनारे स्थित इस स्थल पर दूर-दूर से



**पर्यटन विभाग से 19.50 करोड़ की स्वीकृति दी गई: जयवीर सिंह**

श्रद्धालु दर्शन और पूजन के लिए आते है। इन परियोजनाओं में ब्रजघाट का पुनर्विकास सम्मिलित है, जहां वॉटर लेजर शो, वेंडिंग जोन, फूड प्लाजा और आधारभूत सामुदायिक सुविधाओं की स्थापना की जा रही है।

इसके अलावा नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों जैसे नक्का कुआं (गुरु तेगबहादुर गुरुद्वारा के पास), कल्याणेश्वर महादेव मंदिर और पंचायत मंदिर (बड़ा बाजार) का भी पर्यटन विकास किया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि गढ़मुक्तेश्वर, एक प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक नगर है, जो अब पर्यटन विकास की दृष्टि से भी उत्तर प्रदेश के मानचित्र पर तेजी से उभर रहा है। गंगा नदी के तट पर स्थित मुक्तेश्वर महादेव मंदिर, जो भगवान शिव को समर्पित है, श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इस मंदिर को मनोकामनाएं पूरी करने वाला माना जाता है।

### गाजियाबाद में डा. केएन मोदी विश्वविद्यालय के संचालन को मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गाजियाबाद के मोदीनगर में स्थापित होने वाले डा. केएन मोदी विश्वविद्यालय को संचालन की अनुमति प्रदान कर दी है। बुधवार को लखनऊ स्थित अपने आवास पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने विश्वविद्यालय को संच. ालन प्राधिकार पत्र सौंपा। प्रस्तावित विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2025 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या 8 सन्-2025) के अंतर्गत उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम, 2019 की अनुसूची-2 में क्रमांक 49 पर शामिल किया गया है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय को वैधानिक मान्यता प्राप्त हो गई है, जिससे यह औपचारिक रूप से संचालन शुरू कर सकेगा। इस अवसर पर उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। डा. केएन मोदी विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित समूह द्वारा गाजियाबाद में स्थापित होने वाला यह विश्वविद्यालय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर प्रदान करेगा।

# प्राथमिक स्कूलों के विलय पर सुनवाई जारी

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों के विलय मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में विशेष अपीलों पर सुनवाई जारी है।

मुख्य न्यायधीश अरुण भंसाली और न्यायधीश जसप्रीत सिंह की खंडपीठ के समक्ष बुधवार को विशेष अपीलों पर राज्य सरकार व बेसिक शिक्षा विभाग के अधिवक्ताओं की बहस चल रही है। इससे पहले याचियों के अधिवक्ता बहस कर चुके हैं। दोनों पक्षों के वकीलों ने अपनी दलीलों के समर्थन में नजीरों को भी पेश किया। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई को नियत की है। पहली विशेष अपील 5 बच्चों ने और दूसरी 17 बच्चों ने अपने अभिभावकों के जरिए दाखिल की है। इनमें स्कूलों के विलय में एकल पीठ द्वारा बीती 7 जुलाई



को दिए गए फैसले को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया है। याचियों की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डा. एलपी मिश्र व अधिवक्ता गौरव मेहरोत्रा ने दलीलें दीं। जबकि राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता अनुज कुदेसिया, मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह के साथ बहस कर रहे हैं।

बीती सात जुलाई को स्कूलों के विलय मामले में एकल पीठ ने प्राथमिक स्कूलों के विलय आदेश को चुनौती देने वाली दोनों याचिकाओं को खारिज कर दिया था। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह फैसला सीतापुर के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 51 बच्चों समेत एक अन्य याचिका पर दिया था। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बीती 16 जून को जारी उस आदेश को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था, जिसके तहत प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों की संख्या के आधार पर उच्च प्राथमिक या कंपोजिट स्कूलों में विलय करने का प्रावधान किया गया है। याचियों ने इसे मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा कानून के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाला कहा था। साथ ही मर्जर से छोटे बच्चों के स्कूल दूर हो जाने की परेशानियों का मुद्दा भी उठाया था। याचियों की ओर से खास तौर पर दलील दी गई थी कि स्कूलों को विलय करने का सरकार का आदेश, 6 से 14 साल के बच्चों के मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा के अधिकार का उल्लंघन करने वाला है।

# संविदा कर्मियों को समय से वेतन दिया जाए: आशीष

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण के विरोध में जारी आंदोलन के बीच पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने संविदाकर्मियों को समय से वेतन देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कहीं से इस बाबत कोई शिकायत मिलती है, तो फिर रेगुलर कार्मिकों का वेतन रोक दिया जाएगा। वहीं अध्यक्ष ने सभी मुख्य अभियन्ताओं को निर्देश दिए है कि बायोमीट्रिक उपस्थिति सौ प्रतिशत सुनिश्चित की जाए।

उप्र पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने बताया कि डिस्कॉम स्तर पर इसकी रेग्यूलर मॉनीटरिग करने को कहा गया है। जिससे संविदा कर्मियों आदि को समय से वेतन मिले। अध्यक्ष ने कहा कि जुलाई का वेतन रेग्यूलर कर्मियों को तभी मिलेगी, जब संविदा कर्मिको को मिल जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि संविदाकर्मी या मीटर रीडर अल्पवेतन भोगी हैं। लाइन मैन कड़ी मेहनत करता है इन सब लोगों को समय से वेतन मिलना चाहिए। उन्होंने निदेशक कार्मिक को यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

गर्मी को देखते हुए विद्युत आपूर्ति को सामान्य बनाए रखने के लिए उठाए जा रहे कदम के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि आपूर्ति सामान्य रहे और सभी क्षेत्रों को प्रर्याप्त विद्युत मिले इसके लिए सभी अधिक. ारी अत्यधिक सजगता बरतने को कहा गया है। साथ ही उपभोक्ताओं को विद्युत व्यवधान और आपूर्ति के बारे में सही जानकारी देने को कहा गया है। कृषि फीडर और रूरल फीडर पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है।

### मंत्री विजय शाह के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के खिलाफ कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका दाखिल की है, जिसमें मंत्री को पद से हटाने की मांग गई है। नेता ने अपनी याचिका में कहा है कि मंत्री शाह का आचरण संविधान के अनुच्छेद 164 (3) के तहत ली गई शपथ का उल्लंघन करता है। जिसके आधार पर याचिकाकर्ता ने मंत्री के खिलाफ क्वो-वारंटो रिट जारी करने की मांग की है, ताकि उन्हें मंत्री पद से हटाया जा सके। कांग्रेस नेता जया ठाकुर ने अपनी याचिका में कहा है कि डा. अंबेडकर नगर के रायकुंडा गांव में आयोजित एक समारोह के दौरान मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित टिप्पणी की थी।

### युद्धविराम पर प्रधानमंत्री की चुप्पी को लेकर सवाल उठाए

# ट्रम्प सीजफायर कराने वाले कौन: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता के बार-बार किए गए दावों पर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया।

गांधी ने संसद भवन परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए सरकार की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और ऑपरेशन सिंदूर से निपटने के तरीके पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री क्या बयान देंगे कि ट्रंप ने युद्धविराम की मध्यस्थता की? वह ऐसा नहीं कह सकते। लेकिन सच्चाई यह है कि ट्रंप ने



**ट्रम्प ने 25 बार दावा किया, पीएम मोदी एक जवाब नहीं दे पाए, कैसे बोलेंगे ट्रम्प ने कराया**

युद्धविराम की मध्यस्थता की थी और पूरी दुनिया यह जानती है। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने कम से कम 25 मौकों पर दावा किया है कि युद्धविराम समझौते की मध्यस्थता में उनकी भूमिका थी। उन्होंने कहा कि युद्धविराम कराने वाले ट्रंप कौन होते हैं? यह उनका काम नहीं है। फिर भी मोदी ने एक बार भी जवाब नहीं दिया।

यह सच्चाई है और आप इससे भाग नहीं सकते। कांग्रेस नेता ने कहा कि एक तरफ सरकार कहती है कि ऑपरेशन सिंदूर जारी है। दूसरी तरफ वह जीत का जश्न मना रही है और इस बीच ट्रंप बार-बार कह रहे हैं कि उन्होंने युद्धविराम करवाया है। जाहिर है, कुछ तो गड़बड़ है।

### हिन्दुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे: गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे को लेकर बुधवार को आरोप लगाया कि हिंदुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे हैं। गांधी ने संसद परिसर में कहा कि हिन्दुस्तान में चुनाव चोरी किए जा रहे है, यह वास्तविकता है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन चुप नहीं बैठेगा और संसद से सड़क तक लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ बिहार की बात नहीं है। महाराष्ट्र में भी चोरी की। हमने चुनाव आयोग से मतदाता सूची मांगी, वीडियो मांगे, लेकिन उन्होंने हमें नहीं दिया। नेता विपक्ष ने कहा कि सरकार ने वीडियोग्राफी देने का कानून ही बदल दिया। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले एक करोड़ नए वोटर जोड़े गए। हमने कर्नाटक में अध्ययन किया है और भयंकर चोरी पकड़ी है। मैं 'ब्लैक एंड व्हाइट' में आपको और चुनाव आयोग को बता सकता हूं कि कहां और कैसे चोरी की जा रही है।



**सेंसेक्स** 82726.64
**निफ्टी** 25219.90



**सोना रु.** 100502
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 115500
प्रति किलो



# अमेरिका-जापान समझौते से बाजार में लौटी तेजी

मुंबई, वार्ता

अमेरिका और जापान के बीच हुए व्यापार समझौते से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेजी लौट आई और प्रमुख सूचकांक लगभग दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। बीएसई का सेंसेक्स 539.83 अंक की मजबूती के साथ 82,726.64 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 159 अंक की बढ़त में 25,219.90 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का 10 जुलाई के बाद का उच्चतम स्तर है।

अमेरिका-जापान के बीच आयात शुल्क और निवेश संबंधी व्यापार समझौते के बाद आज एशियाई और यूरोपीय बाजार हरे निशान में रहे। जापान का निक्केई 3. 51 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग 1.62 प्रतिशत मजबूत हुआ।हालांकि चीन का शंघाई कंपोजिट लगभग सपाट रहा। यूरा. ेपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई और जर्मनी का



डैक्स क्रमश: 0.54 फीसदी और 0.84 फीसदी ऊपर बने हुए थे। इससे पहले मंगलवार को अमेरिका शेयर बाजारों में भी लिवाली देखी गई थी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जापान पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की घोषणा की है। पहले उन्होंने 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने की बात कही थी। मंगलवार को हुए समझौते के तहत जापान अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश करेगा। एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विशेषज्ञ रूपक डे ने बताया कि अमे. रिका-जापान समझौते से निवेशकों की धारणा सकारात्मक बनी हुई है और अल्पावधि में ऐसा ही बना रहेगा। निफ्टी ऊपर 25,500 अंक तक जा सकता, जबकि नीचे 24,900 अंक पर इसे समर्थन मिलेगा। सकारात्मक वैश्विक रुझानों से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से सेंसेक्स 265 अंक चढ़कर 82,451.87 अंक पर खुला और पूरे दिन मजबूत बना रहा। इसका दिन का निचला स्तर 82,279.73 अंक और उच्चतम स्तर 82,786.43 अंक रहा।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 22 के शेयर हरे निशान में रहे। टाटा मोटर्स में सर्वाधिक 2.51 फीसदी की तेजी रही। भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी और बजाज फिनसर्व के शेयर भी एक से दो प्रतिशत के बीच चढ़े। सेंसेक्स में हिंदुस्तान यूनिलिवर का शेयर सबसे ज्यादा 1.19 फीसदी टूट गया। निफ्टी-50 की शुरुआत 78.45 अंक की तेजी में 25,139.35 अंक से हुई। यह नीचे 25,085.50 अंक और ऊपर 25,233.50 अंक को छुने के बाद अंत में 0.63 फीसदी की तेजी में बंद हुआ।

### सोना 1,00,502 प्रति 10 ग्राम के ऑल-टाइम हाई पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम बुधवार को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 994 बढ़कर 1,00,502 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इससे पहले ये 99,508 पर था। वहीं चांदी की कीमत 1,007 बढ़कर 1,15,500 प्रति किलो हो गई है। इससे पहले चांदी 1,14,493 पर थी। देश के चार महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,480 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,950 थी, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रही। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,800 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 102,380 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,850 रही।

# चावल महंगा, गेहूं सस्ता, तेलों में रही तेजी

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू जिंस बाजारों में बुधवार को गेहूं में नरमी रही जबकि चावल के दाम बढ़ गए। खाद्य तेलों में भी तेजी का रुख रहा। दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया, जबकि गुड़ और चीनी के भाव टूट गए। घरेलू थोक बाजारों में चावल की औसत कीमत 17 रुपए बढ़कर 3,820.07 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं पांच रुपए टूटकर 2,817.06 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी करीब 11 रुपए सस्ता हुआ और 3,274.03 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल औसतन 38 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। सरसों तेल 61 रुपए और सोया तेल करीब 33 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। वनस्पति के दाम में 66 रुपए प्रति क्विंटल की मजबूती दर्ज की गई। सूरजमुखी तेल करीब 67 रुपए और पाम ऑयल लगभग 68 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ा। दाल-दलहनों में तेजी का रुख रहा। दलहन बाजार में मसूर दाल की कीमत लगभग स्थिर रही। चना दाल 24 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। तुअर दाल का औसत भाव करीब 17 रुपए घट गया। उड़द दाल में करीब 24 रुपए प्रति क्विंटल की नरमी रही। दाल मूंग में लगभग दो रुपए की मामूली तेजी रही। गुड़-चीनी: बाजार में गुड़ के



औसत भाव करीब चार रुपए प्रति क्विंटल गिर गए। चीनी भी दो रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई है। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7862.15, मसूर काली 8057.45, मूंग दाल 10126.14, उड़द दाल 10487.46, अरहर दाल 10996.74 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2817.06 रुपए और चावल 3820.07 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4266.89 और गुड़ 4892.63 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17183. 97 रुपए, मूंगफली तेल 17826.95 रुपए, सूरजमुखी तेल 15266.61 रुपए, सोया रिफाइंड 13764.98 रुपए, पाम ऑयल 122237.96 रुपए और वनस्पति तेल 14473.13 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# यूपी के ढाई लाख घरों में बायोगैस यूनिटें लगाएगी सरकार

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश में ग्राम-ऊर्जा मॉडल के तहत गांवों में घरेलू बायोगैस यूनिटों की स्थापना शुरू की जा रही है, जिससे न सिर्फ ग्रामीणों की रसोई का खर्च घटेगा, बल्कि जैविक खाद उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इस योजना से किसानों और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि योजना के पहले चरण को लागू करने के लिए अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर और गोंडा जिलों का चयन किया गया है। इन चारों जिलों में कुल 2,250 घरेलू बायोगैस यूनिटें स्थापित की जाएंगी। यह एक पायलट प्रोजेक्ट है और इन जिलों में सफलता के बाद अगले चार वर्षों में इसे

**रसोई का खर्च घटेगा पर्यावरण संरक्षण को भी मिलेगा बढ़ावा**

लगभग 2-5 लाख घरों तक विस्तारित करने की योजना है। उन्होंने बताया कि प्रत्एक बायोगैस संयंत्र की कुल लागत 39,300 रुपए है। प्रक्रिया के अंतर्गत बायोगैस यूनिट की स्थापना के लिए किसानों को केवल 3,990 रुपए ही अंशदान देना होगा। इस योजना को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से औपचारिक स्वीकृति भी मिल चुकी है। उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार यह पहल ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

### रुपए में गिरावट जारी, 3.25 पैसे टूटा

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में डॉलर की मांग आने से अमेरिकी मुद्रा की तुलना में बुधवार को रुपया 3.25 पैसे टूट गया। कारोबार की समाप्ति पर एक डॉलर 86.4125 रुपए का बोला गया। भारतीय मुद्रा लगातार छठे कारोबार दिवस पर कमजोर हुई है। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की अनुसंधान विश्लेषक रिया सिंह ने बताया कि रुपया 86.50 रुपए प्रति डॉलर की तरफ बढ़ रहा है जो चार सप्ताह का निचला स्तर है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में हो रही देरी से बाजार में निवेशक आशंकित हैं। विशेषकर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के बाद उनकी चिंता और बढ़ गई है जिसमें उन्होंने ब्रिक्स देशों के खिलाफ ऊंचे आयात शुल्क लगाने की बात कही थी। रुपया आज 8.50 पैसे की गिरावट में 86.4650 रुपए प्रति डॉलर पर खुला।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता व ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करें अधिकारी: मुर्मू

नई दिल्ली, वार्ता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रक्षा संपदा सेवा अधिकारियों से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन-आधारित भूमि सर्वेक्षण, उपग्रह चित्र और संपत्तियों के रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए ब्लॉकचेन जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का कामकाज में इस्तेमाल करने को कहा है।

श्रीमती मुर्मू ने बुधवार को यहां भारतीय रक्षा संपदा सेवा, सैन्य अभियंता सेवा और केंद्रीय जल अभियांत्रिकी सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति भवन में मुलाकात के दौरान यह बात कही। रक्षा संपदा सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के इस युग में डिजिटल समाधानों का



एकीकरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी में प्रगति से अवगत रहना और उन्हें ने कामकाज में लाना उनका कर्तव्य है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन-आधारित भूमि सर्वेक्षण, उपग्रह चित्र और संपत्ति रिकॉर्ड रखरखाव के लिए ब्लॉकचेन अब भविष्य की अवधारणाएं नहीं रह गई हैं, बल्कि ए शासन का हिस्सा बन रही हैं।ह उन्होंने अधिकारियों से बुनियादी ढाँचे के विकास में पर्यावरण-अनुक. ूल पद्धतियों को अपनाने, नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को अपनाने, अपव्यय को कम करने और छावनियों में जल संरक्षण सुनिश्चित करने की सलाह दी। सैन्य अभियंता सेवा (एमईएस) के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सैन्य निर्माण के क्षेत्र में उभरते नेतृत्व के रूप में, युवा एमईएस अधिकारियों की न केवल निर्माण, बल्कि जिम्मेदारी के साथ निर्माण करने की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि उन्हें सतत विकास को बढ़ावा देने और रक्षा अवसंरचना के कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि एमईएस 'आत्मनिर्भर भारत[ के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप 'मेक इन इंडिया[ पहल के तहत स्वदेशी सामग्रियों और प्रौद्योगिकियों के उपयोग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# आस्था से चिढ़ती है भाजपा, सामाजिक न्याय से डरती है: अखिलेश यादव

## बिजली संकट और चुनाव आयोग की निष्क्रियता पर भी साधा निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि आस्था जोड़ने का काम करती है, और समाजवादी पार्टी हर उस चीज के साथ खड़ी है जो लोगों को जोड़ती है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी जोड़ने वाली हर बात से चिढ़ती है और नफरत की राजनीति करती है। सपा मुखिया ने बुधवार को कहा कि समाजवादी पार्टी हर धर्म और आस्था का सम्मान करती है। ष्हम लोग हर आस्था पर आस्था रखते हैं,ष उन्होंने कहा। उन्होंने दावा किया कि भाजपा केवल भेदभाव और नकारात्मकता फैलाने का काम कर रही है अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) के खिलाफ



काम कर रही है। समाजवादी सरकार के समय बुनकरों और पसमांदा मुसलमानों के लिए जो योजनाएं और सुविधाएं शुरू की गई थीं, उन्हें भाजपा ने रोक दिया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय आधारित शासन की पुनः स्थापना करेगी। उत्तर प्रदेश में बिजली संकट का हवाला देते हुए श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में बिजली की भारी कमी है और भाजपा सरकार ने बिजली उत्पादन बढ़ाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उन्होंने तंज किया कि षबिजली मंत्री जहां-जहां जा रहे हैं, वहां-वहां बिजली चली जाती है। बिहार में मतदाता सूची की गड़बड़ियों के मुद्दे पर श्री यादव ने कहा कि विपक्ष इस पर एकजुट है। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के उपचुनावों में भी बड़े पैमाने पर धांधली हुई, लेकिन आयोग आंखें मूंदे रहा। उन्होंने मांग की कि हर मतदाता का नाम सूची में शामिल हो और किसी का वोट न कटे, ताकि अधिकतम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## महिला आरक्षी से दुष्कर्म के आरोप में दारोगा निलंबित

**झांसी।** झांसी के चिरगांव थाने में तैनात दारोगा को एक महिला आरक्षी द्वारा दुष्कर्म के आरोप लगाये जाने के बाद निलंबित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) बीबीजीटीएस मूर्ति ने चिरगांव थाने में उप निरीक्षक के पद पर तैनात रवि गोस्वामी को दुष्कर्म के लगे आरोपों के मद्देनजर निलंबित कर दिया है और मामले की जांच क्षेत्राधिकारी नगर को सौंप दी है। जिसके बाद दारोगा के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। पीड़िता ने दिये गए प्रार्थना पत्र में दारोगा द्वारा उसके साथ गलत काम करने और आपत्ति. जनक फोटो तथा वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने साथ ही जान से मारने की धमकी देने की शिकायत की थी।

# विद्युत सेवाओं में परफेक्शन लाएं

## जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरें: ऊर्जा मंत्री एके शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ऊर्जा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने आज राजधानी के शक्ति भवन में ऊर्जा विभाग की उच्चस्तरीय बैठक कर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप सेवा सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि विद्युत सेवा में सुधार के लिए परफेक्शन के साथ कार्य करें, अन्यथा लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में विद्युत आपूर्ति, ट्रांसफार्मर क्षति, ट्रिपिंग, उपभोक्ता शिकायतें और मानसून से उत्पन्न व्यवधानों की समीक्षा की गई। मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी फील्ड में उतरें और ट्रांसफार्मर जलने की घटनाओं को रोकने के लिए समय रहते अपग्रेडेशन कराएं। उन्होंने कहा कि फील्ड से दूरी रखने वाले और शिकायतों पर असंवेदनशील अधिकारी बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि ट्रांसफार्मरों की बार-बार खराबी की शिकायतों पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई हो, ताकि जनता को अनावश्यक कष्ट न हो।

विजिलेंस टीम को निर्देश दिए गए कि केवल वास्तविक तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करें, गलत रेटिंग या रिपोर्टिंग से विभाग की छवि को नुकसान पहुंचता है। ऊर्जा मंत्री ने विभाग की छवि को सुधारने को सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निस्तारण जरूरी है। इसके लिए टोल फी नंबर, पोर्टल एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश आज देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाला राज्य बन चुका है। यह राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का परिणाम है।

मानसून जनित समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए निर्बाध आपूर्ति की जाए। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारी तथा जिलों से वर्चुअली जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जनप्रति. निधियों से संवाद करें, संवेदनशील क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करें और जनता को भरोसेमंद सेवा उपलब्ध कराएं।

# लूट के ई-रिक्शा के साथ तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** इमलिया सुल्तानपुर थाना पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर तिराहे के निकट छापेमारी की यहां पर पुलिस ने इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गांगेय हेमपुर निवासी सो. हनेलाल उर्फ सोनू पुत्र रामचंद्र, ढाकनपुर हेमपुर निवासी रजनीश पुत्र गोविंद उर्फ छोटकन्ने तथा रामकोट थाना क्षेत्र के ग्राम पथरी निवासी मोहित राज उर्फ गोपी पुत्र राम सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटा गया ई-रिक्शा, एक मोबाईल फोन, 400 रूपये नकद तथा 2 अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है।



पुलिस का कहना है कि बरामद रिक्शा को इन्हीं तीन बदमाशों ने 18 जुलाई को लूटा था। बदमाशों ने रोडवेज बस स्टॉप से रिक्शा बुक किया था और हेमपुर रेलवे ब्रिज के निकट लूट लिया था। पुलिस लाइंस सभागार में घटना का राजफ़ाश करते हुए एडिशनल एसपी दुर्गेश सिंह ने कहा कि अवैध तमंचा बरामदगी के संबंध में इमलिया सुल्तानपुर थाने में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

## लखनऊ का शातिर अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** महमूदाबाद कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने लखनऊ जनपद के मडियाहू थाना क्षेत्र के मार्केट बाल निकुंज इंटर कॉलेज निकट निवासी समी अहमद उर्फ राजा पुत्र अली अहमद को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। इसके अलावा 2200 रूपये नगदी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि समी अहमद साथी अपराधी है उसने 12 मई को मुबारकपुर कला के एक व्यक्ति के पास से दो अंगूठी छीनी थी। जिसे बेच दिया था, शेष बचे रूपये यही हैं।

# हजरत गंज की सुरक्षा पर सवाल

## राजधानी के बीचोंबीच नाबालिग किशोरी से अनाचार, पुलिस जांच में उलझी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी के अति संवेदनशील और अतिविशिष्ट क्षेत्र हजरतगंज में एक 13 वर्षीय विशेष (दिव्यांग) किशोरी के साथ कथित अमानवीय कृत्य की घटना ने पूरे शहर को झकझोर दिया है।

विधानसभा, मुख्यमंत्री आवास, पुलिस मुख्यालय और तमाम प्रशासनिक भवनों से चंद कदम की दूरी पर हुई यह घटना कानून व्यवस्था की चौकसी पर गहरी चिंता छोड़ गई है। पीड़िता की बड़ी बहन ने जब उसके शरीर पर गहरे चोट के निशान और रक्तस्राव देखा, तब यह बात सामने आई। बच्ची ने हिम्मत जुटाकर बताया कि उसके साथ तीन लोगों ने घिनौनी हरकत की। वह किसी तरह बचकर घर लौटी, लेकिन घबराहट और डर के कारण पहले कुछ नहीं बता सकी। पुलिस को दिए बयान में किशोरी ने तीन संदिग्ध युवकों के नाम बताए हैं, जिनकी पहचान सामने आ चुकी है। पुलिस क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। यह घटनास्थल कोई सामान्य जगह नहीं, बल्कि लखनऊ का दिल है। जहां दिन-रात पुलिस गश्त और सीसीटीवी की निगरानी का दावा किया जाता है, वहीं इस तरह की वीभत्स घटना का चुपचाप घटित होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। प्रदेश सरकार के महिला सुरक्षा और अपराध पर नियंत्रण के तमाम दावे इस घटना के सामने फीके पड़ते दिख रहे हैं। विडंबना यह है कि राजधानी में ही जब इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, तो दूरदराज के क्षेत्रों की स्थिति की कल्पना करना भी कठिन है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल पुलिस व्यवस्था या कड़े कानून से ऐसी मानसिक विकृति पर रोक नहीं लगाई जा सकती। युवाओं के भीतर बढ़ती हिंसा, अश्लीलता और नशे की प्रवृत्तियों पर सामाजिक जागरूकता अभियान और विद्यालय स्तर पर व्यवहारिक शिक्षा से ही अंकुश लगाया जा सकता है। यह एक गंभीर सामाजिक संकट का संकेत है।

## बाइकों की भिड़ंत में दो युवकों की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के शाहगंज कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के अनुसार जिले में शाहगंज कोतवाली क्षेत्र में बड़ागांव पुलिस चौकी के समीप बुधवार की लगभग 12 बजे दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें सरपतहा थाना क्षेत्र के अररिया बाजार निवासी मोनू अग्रहरि (22) व आदित्य गुप्ता (12) के अलावा सुल्तानपुर के करौंदी कला थाना क्षेत्र के बागर गांव निवासी अरविंद (23) व धीरज निषाद (16) घायल हो गए।

# हाईकोर्ट में स्कूल विलय पर सरकार ने रखा पक्ष

## कहा: बच्चों की पढ़ाई नहीं होगी बाधित, खाली भवनों में चलेंगी बाल वाटिका व आंगनबाड़ी, कल फिर होगी सुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राज्य सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों के विलय (स्कूल मर्जर) की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में बुधवार को भी सुनवाई जारी रही।

मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की डबल बेंच के समक्ष राज्य सरकार ने आज विधिवत रूप से अपना पक्ष रखते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी स्कूल को 'बंद' नहीं किया जा रहा है, बल्कि विद्यालयों का युक्तिसंगत समायोजन किया जा रहा है, जिससे शिक्षा व्यवस्था अधिक प्रभावी बन सके। सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता अनूप कुदेशिया और मुख्य स्थायी अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार सिंह ने अदालत को बताया कि एकीकरण की यह नीति शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) का उल्लंघन नहीं करती, बल्कि इसका उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता और संसाधनों की उपयोगिता को बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि कई प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों की संख्या एक से दो तक सीमित है, और कुछ में तो एक भी छात्र नामांकित नहीं है। ऐसे में इन विद्यालयों का समीपवर्ती विद्यालयों में विलय कर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना आवश्यक हो गया था। सरकारी पक्ष ने यह भी कहा कि खाली हो रहे भवनों को यूं ही नहीं छोड़ा जाएगा, बल्कि इनका उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में बाल वाटिका (प्री-प्राइमरी शिक्षा केंद्र) और आंगनबाड़ी केंद्रों के रूप में किया जाएगा। इससे छोटे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा के साथ-साथ महिला एवं बाल पोषण सेवाओं को भी मजबूती मिलेगी। शिक्षकों की तैनाती को लेकर भी सरकार ने स्पष्ट किया कि विलय के बाद शिक्षकों की संख्या बढ़ेगी और छात्र-शिक्षक अनुपात बेहतर होगा, जिससे बच्चों को अधिक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। दूसरी ओर, याचिकाकर्ता पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने तर्क दिया कि यह आदेश बच्चों के मौलिक अधिकारों के प्रतिकूल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालयों का एकीकरण बच्चों को मीलों दूर पढ़ने जाने के लिए विवश करेगा, जिससे उनकी शिक्षा में अनिश्चितता और व्यवधान उत्पन्न होगा। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया कि इस निर्णय से पूर्व न तो अभिभावकों की राय ली गई और न ही ग्राम पंचायतों की सहमति प्राप्त की गई, जबकि शिक्षा एक सामुदायिक अधिकार है। मंगलवार से शुरू हुई सुनवाई में याचिकाकर्ता पक्ष ने अदालत को बताया कि यह कदम संविधान के अनुच्छेद 21 (क) के तहत शिक्षा के अधिकार का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने अदालत से अपील की कि सरकार को इस आदेश पर रोक लगाने के निर्देश दिए जाएं। जवाब में सरकार ने बुधवार को तर्कों सहित अदालत को बताया कि यह कदम नीति के स्तर पर व्यापक विचार और आंकड़ों के विश्लेषण के बाद उठाया गया है। अदालत ने आज की सुनवाई में दोनों पक्षों की दलीलों को गंभीरता से सुना और सरकार से अपेक्षा की है कि वह सभी संबंधित आंकड़े, यथाकृविलय किए गए विद्यालयों की सूची, प्रभावित छात्रों की संख्या, दूरवर्ती विद्यालयों की दूरी, और स्थानांतरित शिक्षकों की स्थिति, गुरुवार को अदालत के समक्ष रखे। अदालत ने यह स्पष्ट किया है कि जब तक यह सुनिश्चित न हो जाए कि बच्चों की शिक्षा बाधित नहीं होगी और उनका हित सर्वोपरि रहेगा, तब तक अंतिम निर्णय नहीं दिया जाएगा। गौरतलब है कि प्रदेश भर में करीब एक हज़ार विद्यालयों को एकीकृत करने की प्रक्रिया चल रही है।

# पेड़ से टकराकर बाइक सवार की मौत

**अमेठी।** जनपद के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा निजामुद्दीनपुर गांव के समीप जाखा मोड़ पर हुआ, जहां बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई।

हादसे में मृतक की पहचान अजीत यादव (30 वर्ष) के रूप में हुई है, जो सुल्तानपुर जिले के बल्दीराय थाना क्षेत्र स्थित अशरफपुर गांव का निवासी था। अजीत अमेठी के जामों क्षेत्र में राम. सपुर के पास एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत था और प्रतिदिन डड्यूटी पर बाइक से आता-जाता था।पुलिस के अनुसार, सड़क पर मोड़ होने और तेज रफ्तार के कारण अजीत बाइक से नियंत्रण खो बैठा। तेज टक्कर से उसका पैर बाइक में फंस गया और सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर खून के निशान और उल्टी के धब्बे पाए गए हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि टक्कर अत्यंत भीषण रही होगी।हादसे के समय अजीत ने हेलमेट नहीं पहना था, जिससे सिर में लगी चोट जानलेवा साबित हुई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

## राजापुर क्षेत्र में दबिश देकर गिरफ्तारी, पॉक्सो एक्ट सहित कई धाराओं में केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चित्रकूट।** थाना पहाड़ी क्षेत्र में एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने आखिरकार गिरफ्तार कर लिया।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी राजापुर जयकरण सिंह के पर्यवेक्षण और थानाध्यक्ष पंकज तिवारी के नेतृत्व में की गई। मामले में पीड़िता के परिजनों ने थाना पहाड़ी में दी गई तहरीर में बताया था कि ग्राम डिंगरीपुरवा मजरा ओरा निवासी राजाराम राजपूत, पुत्र स्वर्गीय जगदीश राजपूत, उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया था। जब परिजनों ने इसका विरोध किया तो आरोपी पक्ष ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

इस आधार पर दिनांक एक जुलाई को थाना पहाड़ी में मामला दर्ज किया गया, जिसकी एफआईआर संख्या 136/25 है। प्रकरण में शुरूआत में भारतीय न्याय संहिता की धाराएं 137(2), 351(2) व 352 के तहत मुकदमा कायम हुआ। प्रगति के क्रम में जब पीड़िता के बयान दर्ज किए गए और मेडिकल परीक्षण कराया गया तो प्रकरण में गंभीर धाराएं जुड़ गईं। मामले में अब धारा 64 बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 को भी शामिल कर लिया गया है। पुलिस टीम ने बीती रात आरोपी राजाराम को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक श्यामदेव सिंह के साथ आरक्षी शुभम द्विवेदी व मृत्युंजय पांडेय शामिल रहे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि किशोरी की सुरक्षा और न्याय के लिए केस की विवेचना गंभीरता से की जा रही है और आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। मामले की आगे की कार्रवाई प्रचलित है।

## कांड़ियों को लेकर आई बस में लगी आग

**अयोध्या।** धार्मिक नगरी अयोध्या में आज सुबह बैकुंड धाम पार्किंग में खड़ी कांवड़ यात्रियों की बस मे आग लग गई। जिससे थोड़ी देर के लिए वहां अफरातफरी मच गई। यह बस गोरखपुर जनपद के कैंपियरगंज विधान सभा क्षेत्र से कांवड़ यात्रियों को रामनगरी अयोध्या आई थी। पार्किंग स्थल पर बस खड़ी होने के बाद सभी शिवभक्त दर्शन पूजन के लिए निकल गए जिसके कारण कोई बड़ी घटना घटने से बच गई। आग लगने के समय केवल चालक बस में मौजूद था। उस बस को चालक हरिप्रसाद यादव पुत्र शिव मूरत निवासी रामकोट रेवती थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती चला रहा था कि अचानक आग लग गई।

# कारगिल विजय दिवस पर कलक्ट्रेट सभागार में किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** कलेक्ट्रेट सभागार में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कारगिल विजय से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

जिसमें भारतीय सेना की ताकत, उस समय के हथियार, युद्ध में प्रयोग की गई रणनीतियां, युद्ध के दौरान चुनौतियां एवं सैनिकों के अद्वितीय शौर्य को दिखाया गया। यह कार्यक्रम 7वीं कुमांयू बटालिन मध्य कमान, लखनऊ के द्वारा कारगिल युद्ध में विजय की 26 वीं वर्षगांठ के अवसर आयोजित किया गया। इस अवसर पर बाईक रैली




आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट परिसर में आगमन पर बाईक रैली का भव्य स्वागत किया गया। कारगिल युद्ध के दौरान महान शहीद सैनिकों के सम्मान एवं युद्ध में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर सपूतों को नमन करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसमें सैनिकों के लिए संचालित योजनाओं की जानकारी सभी को दी गई एवं पात्रों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शहीद सिपाही मनोज कुमार यादव की वीर माता सत्यवती देवी, वीर सैनिकों प्लाइट ले0 राममूर्ति, कै0 महीप सिंह, वा0 अफसर राम चन्द्र सिंह, सूबे0 मे0 सुखबेंदर सिंह, पेटी अफसर सरोज कुमार सिंह, ना0सूबे0 राकेश कुमार सिंह आदि को सम्मानित भी किया गया। 7 कुमाउ रेजीमेंट के मेजर रोहित शेटी एवं उनकी पूरी टीम को जिलाधिक. ारी ने सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सम्मानित वीर माताओं, वीर नारियों, वीर सैनिकों को नमन करते हुए देश की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीरों को नमन किया।

# टीकाकरण अभियान के छठे चरण का डीएम ने किया शुभारंभ

## कलक्ट्रेट परिसर से वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एफ.एम.डी. सी.पी. (खुरपका-मुंहपका) टीकाकरण अभियान के छठे चरण का शुभारंभ बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी संजय चौहान द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने टीकाकरण हेतु गठित टीमों के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जी.के. शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान 23 जुलाई 2025




से 05 सितम्बर 2025 तक कुल 45 दिनों तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत जनपद के 13 विकास खंडों में पशुपालन विभाग की 58 टीमें लगभग 4,95,182 पशुओं को निःशुल्क टीका लगाएंगी। उन्होंने बताया कि खुरपका-मुंहपका एक अत्यंत संक्रामक रोग है, जिससे पशुओं की उत्पादकता में भारी गिरावट आती है, हालांकि इसमें मृत्यु दर कम होती है। इस बीमारी की रोकथाम हेतु नियमित टीकाकरण आवश्यक है। डॉ. शुक्ला ने बताया कि अभियान के दौरान प्रत्येक पशु के कान में टैग लगाकर उनका टीकाकरण किया जाएगा। सभी पशुपालकों से अपील की गई है कि वे अपने पशुओं का समय पर टीकाकरण कराकर इस मुहिम को सफल बनाएं।

जिले में संचालित समस्त गो-आश्रय स्थलों में रखे गए गोवंशों को भी 100 प्रतिशत टीकाकरण करते हुए गो-आश्रय पोर्टल पर अद्यतन किया जाएगा। अभियान की वैज्ञानिक पद्धति के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा चयनित गांवों में टीकाकरण से पूर्व पशुओं के रक्त के नमूने (प्री वैक्सीनेशन ब्लड सैंपल) लिए गए हैं।

# नगरपालिका खैराबाद की हरिशंकरी वृक्षारोपण अभियान की हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददात**

**सीतापुर/ खैराबाद।** नगरपालिका की ओर से आज गेस्ट हाउस में बैठक नगरपालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता व अधिशाषी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। खैराबाद के विभिन्न कस्बों में नगरपालिका कर्मियों की निगरानी में वृक्षारोपण हेतु नियुक्त किया गया। अभिषेक गुप्ता द्वारा बताया गया कि रोपण के बाद पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी सबसे ज्यादा अहम होती है। इसके लिए अभियान में रोपित किए जाने वाले सभी पौधों की सुरक्षा व्यवस्था की जाए। सनातन धर्म में वृक्षों की पूजा होती है। आषाढ़ मास में पीपल, बरगद, नीम, आंवला व अशोक जैसे पौधो के रोपण की परम्परा है। पीपल, बरगद व पाकड़ के सम्मलित रोपण को हरिशंकरी कहते हैं।

अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता ने पालिका कर्मियों को समन्धित क्षेत्रो में पेड़ लगवाने के लिए विभिन्न व किस तरह पेड़ो को लगाया जाए विस्तृत चर्चा करते हुए बताया हरिशंकरी का पौधो के रोपड़ से से हमारे पर्यावरण को बहुत लाभ मिलता है। आमजन को अधिक से अधिक वृक्ष लगा कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारे पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है, पर्यावरण को बचाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है तथा हम सभी को भविष्य के ख्रष्टिगत इस जिम्मेदारी का निर्वहन करना आवश्यक है। इस अवसर पर आरएसएस के प्रभात अग्निहोत्री ने हरिशंकरी पेड़ो पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर सफाई इंस्पेक्टर मनोज राणा, प्रदीप, कुलदीप जयसवाल (महामंत्री तैलिक समाज),निरंकार गुप्ता ( घंअध्यक्षों व्यापार मंडल ),रामख्र ष्ण पाल णं( मंडल अध्यक्ष),विमल गुप्ता (अध्यक्ष बाथमच वैश्य),राम जी गुप्ता (मंडल महामंत्री),प्रभात सहित समस्त सभासद गण व नगर के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पत्नी का गलत इलाज करने का आरोप

## पीड़ित ने सीएमओ से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। किसान ने पत्नी का गलत ईलाज कराये जाने का आरोप लगाते हुए सीएमओ से शिकायत की है। शिकायत पर सीएमओ ने मामले की जांच हसनपुर के प्रभारी चिकित्साधिकारी को सौंप दी है।

क्षेत्र के फूलपुर गढ़ी गांव निवासी संजू ने अपनी पत्नी सविता के गलत इलाज का आरोप लगाते हुए सीएमओ से शिकायत की है। संजू ने बताया कि 17 जून की शाम 7 बजे प्रसव पीड़ा होने पर उन्होंने अपनी पत्नी सविता को रहरा अड्डे पर सब्जी मंडी के पास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। प्रसव के दौरान सविता ने बच्चे को जन्म दिया। लेकिन उसके बाद उन्हें लगातार ब्लीडिंग होती रही।

संजू का आरोप है कि अस्पताल के चिकित्सक ब्लीडिंग रोकने में नाकाम रहे और उन्होंने सविता का अंदरूनी ऑपरेशन कर दिया। जिससे उनकी तबीयत और बिगड़ गई। लगातार ब्लीडिंग और पेशाब न आने के कारण सविता की हालत गंभीर हो गई। जिसके बाद उन्हें 19 जून की शाम 8 बजे मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मेरठ के डॉक्टरों ने बताया कि सविता का ऑपरेशन गलत तरीके से किया गया था। जहां महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। अब तक इलाज में लाखों रुपये खर्च हो चुके हैं। पीड़िता के पति संजू ने पूरे मामले की शिकायत सीएमओ से की है। सीएमओ ने इस पूरे प्रकरण की जांच चिकित्सा अधीक्षक सीएचसी हसनपुर को सौंप दी है। जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# रेलवे के हाइटगेज से टकराई कांवड़ियों की डीसीएम डीजे संचालक के सहयोगी की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** रेलवे के हाइट गेज से टकराकर कांवड़ियों की डीसीएम की छत पर तिरपाल ओढ़कर बैठे डीजे संचालक के सहयोग की मौत हो गयी। हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार हापुड़ जनपद थाना क्षेत्र गढ़ के गांव लठीरा गड़ावली निवासी युवक हरिद्वार से डीसीएम द्वारा डाक कांवड़ लेकर लौट रहे थे। डीसीएम में डीजे भी लदा था। डीजे के ऊपर गांव निवासी हरिओम (30) पुत्र सोमपाल बैठा था। बारिश के कारण उसने तिरपाल ओढ़ रखी थी। वह डीजे संचालक का सहयोगी था। ब्रजघाट चौकी क्षेत्र में ओसीता जगदेवपुर के अंडरपास से

**हादसा**

● **ओसीता जगदेवपुर के अण्डरपास पर हुई दुर्घटना**

हाइटगेज से निकलते वक्त हरिओम ने तिरपाल ओढ़े होने के कारण हाइटगेज का ध्यान नहीं किया और उसका सिर हाइटगेज में लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि डीजे आदि सामान नीचे बिखर गया। हादसे के बाद कांवड़िए और आसपास के लोग एकत्र हो गए तो वहीं पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भिजवाया। वहीं प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है। वह कांवड़िया नहीं था बल्कि डीजे संचालक का सहयोगी था।

## सात हादसों में बीस लोग हुए घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** मंगलवार की रात को अलग-अलग स्थानों पर स्थानों पर हुए हादसे में बीस लोग घायल हो गए। धनौरा मार्ग पर अहरौला तेजवन गांव के सामने बाइक फिसलने से आदमपुर निवासी जितेंद्र, तिगरी निवासी विक्रम व आवेश एवं कुमराला पुलिस चौकी के पास में डाक कांवड़ियों की कई बाइकें के आपस में टकराने से आदमपुर निवासी विजेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, लाखन सिंह, रूप सिंह व आकाश घायल हुए। इसी तरह तीसरे हादसे में चौथे हादसे में अमित निवासी सम्भल जख्मी हुए, जबकि चौथे हादसे में तिगरिया भूड़ निवासी रवि, हसनपुर के विपिन को चोट लगीं। पांचवें हादसे में सैदनगली निवासी विनोद, अशोक गिरी, उत्तम सिंह, छठें हादसे में गांव नवादा निवासी अंकिता **व** सातवें हादसे में रजपुरा संभल के पप्पू, गिरीश, ललतेश, सत्यभान, राजेश, विपुल, ब्रजेश कुमार घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया।

# अफवाहों का बाजार गर्म रातें जागकर काट रहे लोग

## चोरों के आतंक से लोगों में खौफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। जागते रहो, जागते रहो, रात की गहरी खामोशी में जब पहरा देने वालों की आवाजे सुनाई देती है तो लोगों में सिहरन दौड़ जाती है। रात को सोते हुए लोग भी यह आवाज सुनकर जाग जाते हैं।

हसनपुर क्षेत्र में गांव हो या कोई कस्बा हो इस वक्त लोगों के बीच चोरों का भय बना हुआ है। रात हो या दिन लोगों के बीच बस एक ही चर्चा हो रही है क्या रात तुम्हारे मोहल्ले में चोर आये थे। अफवाहों का बाजार इस वक्त इतना गर्म है कि यदि रात के अंधेरे में किसी के घर कोई मेहमान आ रहा है तो उसे भी शक की नजर से देखा जा रहा है। अधिकतर मोहल्लों ग्रामीण क्षेत्र में लोग स्वयं पहरा देकर अपनी व घर की रखवाली कर रहे है। रात के अंधेरे में पहरा देने वाले की एक आंख सड़क पर दाएं बाएं रहती है। दूसरी आंख आसमान में रहती है कि कहीं कोई ड्रोन तो नहीं उड़ रहा है। अफवाहो की मार्केट इस वक्त इतनी गरम है कि समझाने वाले को लोग बेवकूफ मानकर चल रहे है। हसनपुर सर्किल क्षेत्र में अभी ना तो कोई चोर पकड़ा गया है ना ही कोई ऐसी वारदात घटित हुई है। जिससे अंदाजा लगाया जा सके की इलाके में चोरों का गिरोह सक्रिय है। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि अफवाह पर लोग ध्यान ना दें। नगर के एक मोहल्ले में कार दो मेहमानों को छोड़कर चली गई। मेहमान घर में चले गये। अफवाह उड़ गई की चोर थे मोहल्ले में कहीं छुप गये है। अफवाह इस वक्त इतना काम कर रही है कि लोग बैठकर यह बताते हैं की रात उस मोहल्ले में चोर आ गये थे। रात उस गांव में ड्रोन उड़ते हुए देखा गया है लोग भी ऐसी ही अफवाह पर विश्वास कर रहे हैं।

# मारपीट करके दम्पति को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ठेला खड़ा करने को लेकर विवाद होने पर दम्पत्ति को मारपीट करके घायल कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। घायल पक्ष ने आरोपियों के विरूद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार मुरादाबाद के लाकड़ी फाजलपुर निवासी विशाल पुत्र राजवीर सिंह अपनी पत्नी निकिता के साथ नगर के मौहल्ला मायापुरी में तीन दिन पहले ही किराए के मकान में रहने आया है। वह यहां पर बिरयानी का ठेला लगाता है। आरोप है कि इसी मकान में रहने वाले दूसरे किराएदार चंद्रकिरन, राहुल व गुड्डु निवासीगण शेरपुर थाना मण्डी धनौरा ने ठेला खड़ने को लेकर उससे विवाद किया। विशाल ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की। चीख पुकार सुनकर निकिता भी पति को बचाने दौड़ी तो उसके साथ भी मारपीट की गई। सूचना मिलने पर कस्बा इंचार्ज अतवीर सिंह चौहान भी मौके पर पहुंच गए और जांच पड़ताल की।



# झमाझम बारिश से मिली गर्मी से राहत

**शाह टाइम्स संवाददात,**

**गजरौला।** बुधवार की दोपहर हुई झमाझम वर्षा ने लोगों को गर्मी से राहत पहुंचाई। वहीं दूसरी ओर विभिन्न स्थानों पर हुए जलभराव से लोगों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। तापमान में गिरावट होने से लोगों ने राहत महसूस की। हालांकि सड़कें पानी से लबालब नजर आयी। जिससे आवागमन में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बुधवार को दोपहर 12 बजे से प्रारंभ हुई झमाझम बारिश करीब डेढ़ घंटे तक होती रही। सावन माह की बारिश में लोगों ने भीगकर आनंद लिया। अच्छी वर्षा होने से जहां गर्मी से राहत मिली तो वहीं नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, ब्लॉक कार्यालय, थाना परिसर, डिग्री कॉलेज के मैदान, इंदिरा चौक से बस्ती मार्ग, टीचर्स कॉलोनी, हाईवे पर हवेली व मोगा होटलों की दिशा में सर्विस मार्ग पर, एमडीए कॉलोनी में एक से दो फिट पानी खड़ा हो गया जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं ब्लॉक क्षेत्र के खाईखेड़ा में भी जलभराव से ग्रामीणों को काफी समस्या का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने मीडिया को अपनी समस्या बताते हुए गांव में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की।



## एक घंटे की बारिश में तालाब बना हसनपुर

**हसनपुर**। एक घंटा लगातार मूसलाधार बारिश होने से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में पानी पानी हो गया। बरसात का पानी घरों में घुस गया। बुधवार को आसमान में चारों ओर काली घटा छा गई। उसके बाद मूसलाधार बारिश होनी शुरू हो गई। बारिश होने के कारण नगर की सड़कों पर पानी ही अपनी नजर आ रहा था। पानी की धार सड़कों पर चल रही थी। जिसे देखकर लोगों को डर भी लग रहा था। आखून चौक, मोहल्ला कायस्थान, रहरा रोड, कुरैशीयान, कंकर वाला कुआं, संभल रोड, अमरोहा रोड आदि इलाकों की सड़कों पर पानी की तेज धार चल रही थी। बरसात अधिक होने के कारण एसडीएम आवास में पानी घुस गया। नगर पालिका बिजली घर में बरसात का पानी घंटों तक खड़ा रहा। जिसके चलते बाइक एवं ई रिक्शा भी उधर को नहीं निकल सके। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी जमकर बरसात होने के कारण खेत खलियानों में पानी खड़ा हो गया। खादर क्षेत्र में बरसात का पानी रास्तों पर खड़ा होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बरसात होने के कारण जंगल में भी चारों ओर हरियाली ही हरियाली नजर आने लगी है।

# आतिशबाजी के लाईसेंस धारकों को डीएम ने जारी किए नोटिस



**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने आतिशबाजी के भंडारण, बिक्री और उपयोग से संबंधित नियमों के उल्लंघन एवं आबादी के मध्य आने के दृष्टिगत आतिशबाजी के लाईसेंस धारक ललित कुमार चुंग, मौ० अकरम, सुरेंद्र कुमार, अजय प्रकाश अग्रवाल, मोनिका सरदाना, सिकंदर रावत, अमित, जाहिद, हसीना, गौरव सिंघल, वीरेंद्र सिंघल को नोटिस जारी किए गए हैं। नोटिस प्राप्त होने की तिथि के 07 दिन के अन्दर कारण बताने के निर्देश दिए गए हैं। जबाब न देने की स्थिति में आतिशबाजी लाइसेंस निरस्त करने संबंधी विधिक कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई संबंधित उपजिला मजिस्ट्रेट, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी के संयुक्त निरीक्षण की रिपोर्ट के बाद की गई है। इसके साथ आबादी के मध्य आने वाले लाइसेंस धारकों को यह भी निर्देशित किया गया है कि नोटिस प्राप्ति के 03 दिन के अन्दर अवशेष आतिशबाजी स्टॉक का विधिवत निस्तारण कर लें तथा भविष्य में किसी भी प्रकार की आतिशबाजी का विक्रय और भण्डारण न करें।

# स्कूल विलय के निर्णय के पुनर्विचार की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला**। जिला पंचायत सदस्य डॉ.सोरन सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों के विलय करने के निर्णय पर छात्र, अभिभावक व स्टॉफ के हितों को देखते हुए पुनर्विचार करने की मांग की। उन्होंने इस बाबत मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र भेजा है।

**■ जिपं सदस्य डॉ.सोरन सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र**



हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने पचास से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को नजदीकी विद्यालयों में मर्ज करने का आदेश दिया है। जिला पंचायत सदस्य डॉ.सोरन सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा है कि प्रदेश सरकार के इस निर्णय से 29 हजार विद्यालय प्रभावित होने की सूचना प्राप्त हो रही है, जिसके परिणामस्वरूप लगभग पांच लाख छात्र-छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, वहीं इन विद्यालयों में कार्यरत स्टॉफ को भी समायोजित करने की समस्या भी उत्पन्न हो रही है। इन विद्यालयों में मजबूत आधारभूत ढांचा जैसे जमीन, भवन व अन्य संसाधान मौजूद हैं। इन विद्यालयों में गरीब बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, इसलिए आम जनता की भावना को ध्यान में रखते हुए प्राथमिक विद्यालयों के निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए इसमें आवश्यक सुधार एवं गुणवत्ता में वृद्धि के साथ इनको चलाने का आदेश जारी करें।

# रालोद की जिला कार्यकारिणी का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने जिला कार्यकारिणी का गठन करते हुए संगठन की मजबूती के लिये काम करने का आह्वान किया।

**■ पार्टी की मजबूती के लिए जुटने का आह्वान**

बुधवार को जिलाध्यक्ष द्वारा गठित की गई कार्यकारिणी में सुलेख चंद चौहान, अशरफ अल्वी, हरपाल सिंह, संजीव कुमार, राहुल चौधरी, सुरेन्द्र गंधर्व, अर्जुन प्रधान, रामवीर सिंह गिल, पतराम सिंह, निखिल धारीवाल को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। नमित चौधरी को जिला संगठन महासचिव व सुमित शिवाच को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है। जितेन्द्र सिंह बबलू को नौगावां और विजयपाल सैनी को हसनपुर विधानसभा का अध्यक्ष बनाया गया है। इसी क्रम में बोबिन सिंह को गजरौला, मौहम्मद आलम को अमरोहा, कृतपाल सिंह को सैदनगली व मौहम्मद गुफरान को बछरायूं का नगराध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसके अलावा जिला सचिव और जिला महासचिव पद पर 16-16 लोगों को मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने सभी नवमनोनीत पदाधिकारियों से संगठन की मजबूती के लिये जुट जाने का आह्वान किया।

# गणेश जन्म व बाल लीलाओं ने किया भाव विभोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर के श्री राम जानकी मंदिर में श्रावण मास के अवसर पर चल रही महा शिवपुराण कथा के सातवें दिन श्रद्धा और भक्ति का भावपूर्ण संगम देखने को मिला। कथा वाचक आचार्य पंडित श्री हित आकाश जी महाराज ने भगवान कार्तिकेय एवं गणेश जी के जन्म, बाल लीलाओं और विवाह प्रसंग का मनोहारी वर्णन किया। उनके वचनों से श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा स्थल भक्ति रस में सराबोर नजर आया। कथा में नगर की प्रतिष्ठित महिलाओं की भागीदारी विशेष रही। कुसुम सिंहल, मीना आर्य, रजनी सारस्वत, वैशाली अग्रवाल, रजनी (दिल्ली), कृष्ण गर्ग, बबीता, मीना शर्मा, हेम अग्रवाल, राकेश वर्मा,

## शिव पुराण कथा का भक्ति संगम



साधना अग्रवाल, सिम्मी अग्रवाल, कमला अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, ममता सिंहल, पूनम सिंहल, श्वेता सिंहल, चुनमुन अग्रवाल, बीना अग्रवाल, अर्चना सिंहल, ममता अग्रवाल, राजबाला गुप्ता, ओम लता वर्मा, उमा आर्य, कचन दत्त, सुधा शर्मा सहित मां संतोषी मंडल की सभी सदस्याएं एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। कुसुम अग्रवाल ने कहा कि श्रावण मास में शिव शंभू जटाधारी का नाम जपने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उन्होंने कहा कि शिव की आराधना से जीवन में आने वाली हर बाधा दूर हो सकती है। प्रसाद वितरण वरिष्ठ समाजसेवी एवं ब्लू वर्ल्ड इंटरनेशनल के प्रबंधक राहुल अग्रवाल, पंकज सिंहल, चुनमुन और अनुज सिंहल की ओर से कराया गया। प्रसाद वितरण की व्यवस्थाएं अत्यंत सराहनीय रहीं, जिससे भक्तों ने प्रसन्नता पूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। कथा स्थल पर भक्ति का माहौल देखते ही बन रहा था। शिव महापुराण के प्रसंगों से जीवन दर्शन और पारिवारिक मूल्यों की भी झलक मिल रही है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारें और कथा का पुण्य लाभ प्राप्त करें

# रामलीला समिति में बनी नई कार्यकारिणी

## 23 नए सदस्यों को किया शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। रामलीला प्रबंध समिति (मंदिर महादेव) की बैठक बुधवार को संपन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जागेश कुमार ने की। इस दौरान समिति के 23 सदस्यों की नई सूची घोषित की गई, जिसे सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने पारित कर मान्यता दी। जल्द नामित सदस्यों की घोषणा की जायगी। प्रेस नोट के अनुसार, कार्यकारिणी में नरेश सिंह, विमल, राकेश सैनी, मिन्टू चरनजीत सिंह, दिनेश पंवार, अनिल सागर, ध्यान सिंह, सुनील नेता, पुनीत, नवनीत वर्मा, आमोद, राजीव शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, दिनेश अग्रवाल, शंकर सैनी, दीपक अग्रवाल, सुधीर दिल्ली वाले, विजय उझारी वाले, राजू बादशाह, श्याम गर्ग, आशीष पाठक, सुबोध देवरा और गजब सिंह सहित कुल 23 सदस्यों को शामिल किया गया है। यह नई कार्यकारिणी आने वाले 'रामलीला मंचन की जिम्मेदारियों का निर्वहन करेगी और धार्मिक- सांस्कृतिक आयोजनों में समिति की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगी। बैठक के दौरान अध्यक्ष जागेश अग्रवाल, अवनीश अग्रवाल, पवन गुप्ता, ओमकार गर्ग, राजू बादशाह, वीरेंद्र शर्मा, राजीव शर्मा, सुनील अग्रवाल, विजय अग्रवाल आदि रहे।

## जश्न-ए-सुलेमान आल इंडिया मुशायरे में शायरों ने पढ़े कलाम

# कौन मिलता है किसी से अब जरूरत के बगैर...

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। ऑल इंडिया मुशायरा में शायरों ने अपना कलाम पढ़ते हुए शोहरा इक राम को अपनी ओर आकर्षित कर लिया।

बीती रात हसनपुर के मोहल्ला कायस्थान में शहर के युवा पहले साहिब ए दीवान शायर सुलेमान फराज के सम्मान में जश्न ए सुलेमान फराज के शीर्षक से एक आल इंडिया मुशायरे का आयोजन किया गया। जिसमें हसनपुर तथा दूरदराज से आये शायरों ने प्रतिभाग किया। मुशायरे की अध्यक्षता उस्ताद मुजीब बेग ने की। मुशायरे की शमा रोशन हाजी गयासुद्दीन सैफी तथा चमन अंसारी ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर इक्तेदार उल्लाह खान मौजूद रहे। मुशायरे का संचालन आरिफ हसनपुरी द्वारा किया गया। मुशायरे में सुलेमान फराज हसनपुरी को उनके साहित्यिक सेवाओं और दीवान ए फराज के लिए सम्मानित किया गया। मुशायरे में आये सभी शायरों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शायरों ने अपना कलाम इस तरह पेश किया। सुलेमान फराज ने कहा हासिद तेरे हसद का जनाजा निकल गया, ले आई मुझ को देख दुआएं कहा तलक। बुरहान संभली ने कहा... दे गया चाबियां पड़ोसी को, अपने भाई का ऐतबार नहीं। नौशाद राज ने खूब कहा... एक तस्वीर लगाकर तेरी दीवार के साथ, हम तुझे देखते रहते हैं बड़े प्यार के साथ। अफजाल गौहर ने फरमाया याद करते हैं दिये को सब अंधेरा देख कर, कौन मिलता है किसी से अब जरूरत के बगैर। उस्ताद शफीक बरकाती ने खूब वाह वाही लूटी... हौसलों ने मंजिल ए मकसूद तक पहुंचा दिया, राह में हाएल हजारों गिरगिट के बावजूद। उस्ताद मुजीब बेग साहिब ने कहा मगरिब से आ रही है सदा जागते रहो, मगरिब से आ रही है सदा जागते रहो। अजहर हसनपुरी ने यूं कहा फुर्सत अगर मिले तो कभी आप आइये, मेरे गरीब खाने पे तशरीफ लाइये। एहतिशाम बाबू ने कहा... मेरे महबूब वो मंजर बड़ा प्यारा होगा, जब तेरी मांग में सिंदूर हमारा होगा। आरिफ हसनपुरी ने कहा... हौसला है जिस का कायम उसका बाकी है वजूद, बुजदिली से मुश्किलों का सामना होता नहीं। वकार फराजी ने फरमाया प्यार जब था नहीं प्यार जताया क्यों था, बेवफा तूने मेरे दिल को दुखाया क्यों था। मुशायरा के अंत में मुशायर आयोजक अफजाल गौहर और अजहर हसनपुरी ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर अलावा मुकर्रम गौहर, तारिक अंसारी, उस्मान चौधरी, नोमान सैफी, नोफिल सैफी, जावेद जरतब हाफिज आजम, शाहनवाज अंसारी हाजी साजिद शहाबुद्दीन मुल्तानी और गुड्डू सैफी आदि भी मौजूद रहे।




# जलस्तर बढ़ने से फसलों में भरा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बिजनौर स्थित बैराज से मंगलवार को छोड़े गए 71899 क्युसेक पानी व बारिश के चलते गंगा के जलस्तर में तीस सेमी की वृद्धि हो गई। बुधवार को जलस्तर 200.20 मीटर गेज पर पहुंच गया। जलस्तर बढ़ने से खादर क्षेत्र के गांवो की फसलों में फिर से पानी भर गया। बुधवार को जलस्तर बढ़ने से तिगरी धाम में दिवंगतो के अंतिम संस्कार करने आए लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं पुरोहितों की झोपड़ियां व दुकानों तक भी पानी पहुंच गया। जिसके बाद पुरोहितों व दुकानदारों ने अपनी अपनी झोपड़ियां पीछा कराईं। जलस्तर बढ़ने से गंगा का बहाव भी काफी तेज हो रहा है। गंगा कुछ स्थानों पर तेजी से कटान कर रही है। वे किसान जिनके खेत गंगा पार हैं, उन्हें जोखिम लेकर नाव में सवार होकर फसल काटने आना जाना पड़ रहा है। बाढ़ खंड विभाग के द्वारा तटबंधो व बाढ़ खंड चौकियों पर पूरी तरह से सतर्कता बरती जा रही है। टीमें यहां पर पैट्रोलिंग कर रही हैं। जेई सुभाष कुमार ने बताया कि बुधवार को जलस्तर 200.20 मीटर गेज पर रहा जबकि बैराज से 45254 क्युसेक पानी छोड़ा गया है।

**समस्या**

● **तीस सेमी की वृद्धि के बाद 200.20 मीटर पर पहुंचा गेज**



# यूपी की अर्थव्यवस्था में पर्यटन की भूमिका अहम

## सेक्टर का योगदान 70 हजार करोड़ रुपये सालाना होने का अनुमान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन क्षेत्र अहम भूमिका निभा रहा है और 2028 तक इस सेक्टर का योगदान 70 हजार करोड़ रुपये सालाना होने का अनुमान है। पर्यटकों की बढ़ती संख्या के अनुसार ही इस सेक्टर से होने वाला राजस्व भी बढ़ा है।

प्रयागराज महाकुंभ में आए 66-30 करोड़ पर्यटकों और इनसे इस सेक्टर को हासिल राजस्व को अपवाद मान लें तो भी उत्तर प्रदेश में आने वाले पर्यटकों, खासकर घरेलू पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आंकड़ों के मुताबिक 2023 में उत्तर प्रदेश आने वाले पर्यटकों की संख्या करीब 48 करोड़ थी। प्रदेश सरकार के आंकड़ों के मुताबिक इसमें से 28.790 करोड़ पर्यटक का तो सिर्फ अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, और प्रयागराज में आना हुआ। वर्ष 2025 में इन शहरों में आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़कर 41.56 करोड़ हो गई। प्रयागराज महाकुंभ में 66.30 करोड़ पर्यटकों के आने और उनके उलट प्रवाह के नाते 2025 का रिकॉर्ड ब्रेक होना तय है। एक अनुमान के मुताबिक वर्ष 2028 तक पर्यटकों की संख्या बढ़कर 80 करोड़ तक पहुंच सकती है। पर्यटन के लिहाज से वाराणसी, अयोध्या, मथुरा, प्रयागराज, नैमिष, गोरखपुर, मीरजापुर स्थित विंध्यधाम नए केंद्र बनकर उभरे हैं। केंद्र सरकार ने देश के जिन 100 शहरों को संभावना वाले शहरों में शामिल किया है उनमें उत्तर प्रदेश के चार शहरों में काशी और अयोध्या भी हैं। इनके अलावा बाकी दो शहरों में प्रदेश की राजधानी लखनऊ और कानपुर हैं। ये सारे शहर वैश्विक स्तर की कनेक्टिविटी से जुड़ चुके हैं। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि योगी सरकार धार्मिक स्थलों की कनेक्टविटी को और बेहतर बनाने का लगातार प्रयास कर रही है। चंद रोज पहले वाराणसी और चंदौली के दो दिवसीय दौरे के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एक्सप्रेसवे के संबंध में की गई घोषणाएं इसका प्रमाण हैं। चंदौली की एक जनसभा में उन्होंने कहा था कि चंदौली और सोनभद्र भी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ेगे। उल्लेखनीय है कि अरबों वर्षों की पुरानी फासिल्स और प्राकृतिक सुंदरता वाले सोनभद्र को सरकार पहले ही यूपी का स्विट्ज़रलैंड बनाने की घोषणा कर चुकी है। इसमें यह कनेक्टिविटी मील का पत्थर साबित हो सकती है। बेहतर कनेक्टिविटी के साथ प्रदेश सरकार पर्यटकों की सुविधा और सुरक्षा के अनुसार बुनियादी सुविधाएं भी विकसित कर रही है। नियोजित विकास और बेहतर मॉनिटरिंग के लिए प्रमुख धार्मिक स्थलों के लिए सरकार ने तीर्थ विकास परिषदों का गठन कर रखा है। कॉरिडोर्स, प्रमुख मेलों का प्रांतीयकरण, अलग-अलग क्षेत्रों के लिए बने सर्किट का भी यही मकसद है। पर्यटकों की संख्या के हिसाब से अर्थव्यवस्था में इस सेक्टर का योगदान भी बढ़ेगा।

## पेड़ो की सुरक्षा में लगेगी विधायक निधि की एक प्रतिशत धनराशिः केपी

**अयोध्या।** वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्यमंत्री केपी मलिक ने रामलला का दर्शन पूजन किया और एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत सर्किट हाउस परिसर में वृक्षारोपण किया। वृक्षारा.ेपण के बाद मौजूद पत्रकारों से बात. चीत में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अति महत्वकांक्षी अभियान में पूरे प्रदेश में बहुत ही बृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया गया है। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में अब पौधों को स्मृति चिन्ह के रूप में दिया जा रहा है। जितना ज्यादा हम वृक्षारोपण का काम करेंगे आने वाले पीढ़ी को एक अच्छा सुरक्षित वातावरण दे सकेंगे। पौधों की सुरक्षा के लिए विधायकों से कहा गया है कि वह विधायक निधि का एक प्रतिशत धनराशि पौधों की सुरक्षा के लिए दें।

उस धनराशि का प्रयोग वन विभाग ट्री गार्ड के रूप में करेगा। इससे विधायकों को तो पहचान मिलेगी ही आने वाले पीढ़ियों को भी अच्छा पर्यावरण मिलेगा। अयोध्या में हरित अयोध्या के नाम पर इस बार पौधारोपण अभियान को समर्पित किया गया है।

## आधुनिक इलाज के लिए शोध जरूरीः ब्रजेश



**लखनऊ।** त्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि रोगियों को आधुनिक इलाज उपलब्ध कराने के लिए शोध जरूरी है। नई दवाएं, इम्प्लांट व तकनीक की खोज आवश्यक है। इसमें सेन्टर ऑफ बायोमेडिकल रिसर्च (सीबीएमआर) अहम भूमिका अदा कर रहा है। पीजीआई में सीबीएमआर के 19वें वार्षिकोत्सव को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीबीएमआर मानव स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए तत्पर उत्तर प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत अनुसंधान प्रौद्योगिकी एवं नवाचार का एक उत्कृष्ट केंद्र है, जो रोगियों की समस्याओं के लिए डॉक्टरों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि सीबीएमआर में होने वाले शोध को भारत एवं विश्व पटल पर पहचान मिली है। रोगियों को आधुनिक उपचार उपलब्ध कराने के लिए बीते कई वर्षों में उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व में संस्थान में कई नीतिगत निर्णय लिए गए हैं। जिससे संस्थान में खासा बदलाव देखने को मिला है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि व्यवसायीकरण की दिशा में काम किया जा रहा है। साथ ही एक टेक्नोलॉजी जिसको आईआईटी बॉम्बे के साथ विकसित किया गया है।

# उत्तर प्रदेश की नदियों को मिल रहा पुनर्जीवन, लौट रही हरियाली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भूली-बिसरी नदियों को पुनर्जीवित किया जा रहा है। वर्षों से सूखी, गाद से भरी और अतिक्रमण की शिकार नदियां अब फिर से लबालब बहने लगी हैं।

यह परिवर्तन सिर्फ नदियों तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे हरियाली, पर्यावरण और ग्रामीणों की खुशहाली का नया दौर शुरू हुआ है। प्रदेश की 82 नदियों के किनारे अब तक दो करोड़ 14 लाख से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है। पर्यावरण, स्वच्छता और जल संरक्षण की दिशा में यह ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि नदी किनारे पौधरोपण में जालौन जिला पहले स्थान पर है, जहां 31 लाख से अधिक पौधे लगाए गए। 24 लाख से अधिक पौधे नदी किनारे रोपकर झांसी जिला दूसरे स्थान, जबकि हमीरपुर नदी किनारे पौधरोपण में तीसरे स्थान पर रहा, जहां 16 लाख से अधिक पौधे रोपे गए। पौधरोपण का यह महा अभियान तीव्र गति से लगातार चल रहा है।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत हर जिले में छोटी नदियों का कायाकल्प यु(स्तर पर किया जा रहा है। यह कार्य राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की सक्रियता से संभव हो पाया है। मनरेगा योजना के तहत नदियों से जुड़े तालाबों की खुदाई भी कराई जा रही है। वन विभाग के सहयोग से जिला गंगा समितियों द्वारा नदियों के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जा रहा है। नदी पुनर्जीवन का यह बदलाव केवल सरकारी प्रयासों से नहीं, बल्कि जन सहयोग, राजनीतिक संकल्प और प्रशासनिक तत्परता के सामूहिक समन्वय से संभव हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच और जनभावनाओं के अनुरूप योजनाएं अब धरातल पर साकार हो रही हैं। नदियों के पुनर्जीवन से जहां हरियाली बढ़ी है।

## स्कूलों के मर्जर को लेकर सांसद धर्मेंद्र ने जताई नाराजगी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता और सांसद धर्मेन्द्र यादव ने आजमगढ़ में स्कूलों के मर्जर को लेकर लचता जताई है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस निर्णय से छात्रों और उनके अभिभावकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री यादव ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि उनके संज्ञान में आया है कि आजमगढ़ में 2706 विद्यालयों में से 329 विद्यालय चिन्हित किए गए हैं। जिनमें अभी तक 231 विद्यालयों को बंद करने और बाकी को बंद करने या पेयर करने के आदेश दिए गए हैं। पत्र में कहा है कि सरकार के इस निर्णय से हजारों बच्चे और उनका परिवार प्रभावित होगा।

# लखनऊ दवा बाजार में छापा, तीन लाख की दवाएं सील

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नॉरकोटिक्स औषधि के अवैध कारोबार पर प्रतिबंध लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम लगातार छापेमारी कर रही हैं। एफएसडीए की टीम ने अमीनाबाद मेडिसिन मार्केट में छापा मार कर तीन लाख की दवाएं सील कर दीं।



इनमें अधिकांश नारकोटिक्स ड्रग्स हैं। अधिकारियों का कहना है कि दवाओं के सत्यापन के बाद ही इनकी बिक्री की जा सकेगी। टीम ने 11 ड्रग्स के सैम्पल लेकर जांच के लिए लैब भेजे हैं। एफएसडीए सहायक आयुक्त (औषधि) बृजेश कुमार के निर्देश पर आज नॉरकोटिक्स औषधि के अवैध कारोबार की रोकथाम के लिए अमीनाबाद मेडिसिन मार्केट की चार थोक दुकानों पर छापा मारा गया। छापा मारने वाली टीम में औषधि निरीक्षक संदेश मौर्य, विवेक कुमार सिंह, अशोक कुमार और अनीता कुरील ने संयुक्त रूप से मेडिसिन मार्केट में चल रही चार दुकानों की जांच की। जिन दुकानों में छापा मारा गया उसमें मेसर्स ओम साईं राम मेडिकोज, मेसर्स श्री बांके बिहारी फार्मा, मेसर्स दवा च्वाइस फार्मेसी प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स गुरूजी फार्मास्युटिकल शामिल हैं। सहायक आयुक्त ने बताया कि जांच के दौरान 11 दवाओं के नमूने संग्रहीत किए गए। उन्हें जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला को भेजा गया है। इसमें तीन सैम्पल नॉरकोटिक्स औषधियों के थे। उनकी जांच भी राजकीय प्रयोगशाला में की जाएगी। सभी की रिपोर्ट आने के बाद ही विभाग आगे की कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि मेसर्स ओम साई राम मेडिकोज पर 2.60 लाख रुपये की नॉरकोटिक्स औषधियां एवं मेसर्स श्रीबांके बिहारी फार्मा पर 40 हजार रुपये की अन्य औषधियों को फीज कर दिया गया है। फर्म संचालक को निर्देश दिया गया कि नॉरकोटिक्स एवं अन्य औषधियों के क्रय-विक्रय का सत्यापन कराये जाने के बाद ही दवाओं का विक्रय किया जा सकेगा।

# बूथ स्तर तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएगी कांग्रेस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस जिलों से लेकर बूथ स्तर तक महिलाओं की भागीदारी बढायेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने महिला कांग्रेस की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि महिलायें देश की आधी आबादी और आधा वोट है।

आज भारतीय जनता पार्टी जो सत्ता में काबिज है उसका श्रेय महिलाओं को ही जाता है। भाजपा आधी आबादी के वोट के ही दम पर आज सत्ता में काबिज है मगर आज इस सरकार में मातृ शक्ति की उपेक्षा हो रही है। उन्होंने कहा कि आये दिन महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध हत्या, बलात्कार, लूट जैसी जघन्य घटनाएं हो रही और उससे भी ज्यादा दुखद बात यह है कि थानों में उनकी एफआईआर तक दर्ज नहीं की जा रही है। बढ़ती महंगाई के चलते आप के घरों का बजट बिगड़ गया है आटा, दाल, सब्जी सहित सभी खाद्य सामग्रियों के दामों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। मगर यह सरकार सिर्फ धर्म की आड़ में अपनी सभी खामियों को छुपाने का प्रयास कर रही है। राय ने कहा कि अब देश और प्रदेश की जनता भाजपा की नीतियों को समझ चुकी है वह बदलाव चाहती है और कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है।

# पीजीआई ने गुर्दे की बीमारी के प्रारंभिक निदान की क्षमता वाले बॉयोमार्कर की पहचान की

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपी जीआई) ने मधुमेह क्रोनिक किडनी रोग (सीकेडी) के प्रारंभिक निदान के लिए बायोमार्कर की पहचान की है। बायोमार्कर की पहचान के बाद संस्थान ने इसके पेटेंट के लिए आवेदन भी कर रखा है।

मधुमेह क्रोनिक किडनी रोग (सीकेडी) के प्रारंभिक निदान के लिए एक महत्वपूर्ण जोखिम कारक है। मधुमेह से पीड़ित तीन में से एक व्यक्ति की डायग्नोसिस सीकेडी के रूप में की जाती है, जो गुर्दे की विफलता और हृदय संबंधी जटिलताओं का कारण बनता है। सीकेडी का शीघ्र पता लगने से समय पर उपचार और प्रबंधन सुनिश्चित हो सकता है। ऐसे में इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च और सेंटर ऑफ एडवांस्ड रिसर्च एंड एक्सीलेंस के तहत एसजीपीजीआई में मौलिक्यूलर मेडिसिन एंड बायोटेक्नोलाजी विभाग में किए गए एक शोध में मधुमेह के रोगियों में गुर्दे की बीमारी के प्रारंभिक निदान की क्षमता वाले बायोमार्कर की पहचान का पता चला है। सेंटर आफ एक्सीलेंस की प्रोजेक्ट कॉर्डिनेटर प्रोफेसर स्वस्ति तिवारी के मार्गदर्शन व निरीक्षण मे केयर टीम के सदस्यो द्वारा इस स्टडी को पूर्ण किया गया।

इस टीम में पुढुचेरी के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग के सदस्यों के साथ संजय गांधी पीजीआई से डाक्टर धर्मेंद्र के चौधरी, डाक्टर सुखान्शी कान्डपाल, डाक्टर दीनदयाल मिश्रा और डाक्टर बिश्वजीत साहू शामिल थे। मौलिक्यूलर मेडिसिन एंड बायोटेक्नोलौजी विभाग की प्रमुख डाक्टर स्वस्ति तिवारी ने बताया कि ये बायोमार्कर इस मायने में अद्वितीय हैं कि इनमें सीकेडी की शुरुआत से पहले ही इसका अनुमान लगाने की क्षमता है। जिससे उनका निदान नॉन इनवेसिव हो जाता है। उन्होंने बताया कि 2019 में शुरू किए गए इस अध्ययन के लिए लखनऊ और पुढचेरी के समुदायों से लगभग 1000 मधुमेह रोगियों को चिन्हित किया गया था। इन रोगियों को लगभग पांच वर्षो तक फॉलोअप में रखा गया।

उल्लेखनीय है कि एसजीपीजीआई के मौलिक्यूलर मेडिसिन और बायोटेक्नौलोजी विभाग की प्रयोगशाला भारत में पहली प्रयोगशाला थी, जिसने किडनी रोग के निदान में मूत्र एक्सोसोम की उपयोगिता को प्रदर्शित किया था।

# मस्जिद में बैठक को भाजपा ने सपा पर साधा निशाना

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव के एक कदम से उत्तर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है।

अखिलेश ने संसद भवन के निकट एक मस्जिद में बैठक की जिसके बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जमकर निशाना साधा है। बैठक के लिए मस्जिद का इस्तेमाल करने पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि सपा प्रमुख और समाजवादी पार्टी हमेशा संविधान का उल्लंघन करते हैं। भारतीय संविधान कहता है कि हम राजनीतिक उद्देश्यों के लिए धार्मिक स्थलों का उपयोग नहीं कर सकते। उन्हें संविधान में विश्वास नहीं है वो हमेशा नमाजवादी बने रहते हैं। दरअसल, 22 जुलाई को सपा मुखिया अखिलेश यादव समेत कई नेताओं के साथ मस्जिद में बैठक की थी जिसके बाद राजनीति गरमा गई है। अब इसकी तस्वीर सोशल मीडिया में जमकर शेयर की जा रही है। भाजपा के रूख के बाद सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने पलटवार करते हुए कहा कि आस्था जोड़ती है।

# त्रिलोचन महादेव मंदिर, जहां स्वयं प्रकट हुए थे शिवशंभू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर और वाराणसी की सीमा पर स्थित त्रिलोचन महादेव मंदिर पौराणिक रहस्यों और चमत्कारों से भरा एक जागृत शिवधाम है जहां सावन में यहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए उमड़ते हैं। 'त्रिलोचन[ का अर्थ है 'तीन नेत्रों वाला[, जो भगवान शिव के त्रिनेत्रधारी स्वरूप का प्रतीक है, और ज्ञान, शक्ति व विनाश का प्रतिनिधित्व करता है।

मान्यता है कि त्रेतायुग में भगवान शिव स्वयं पाताल भेदकर इस स्थान पर प्रकट हुए थे। द्वापर और कलयुग में भी यह मंदिर अपरिवर्तित बना रहा, अपनी प्राचीनता और दिव्यता को बनाए हुए, यह मंदिर जौनपुर जिले के रेहटी गांव में स्थित है, जो लखनऊ-वाराणसी नेशनल हाइवे से सटा हुआ है, और 'त्रिलोचन महादेव' के नाम से प्रसिद्ध है। इस मंदिर से जुड़ा एक रोचक रहस्य है, जो इसके प्राकट्य की कहानी बताता है। कहा जाता है कि एक चरवाहा प्रतिदिन अपनी गायों को जंगल में चराने ले जाता था, शाम को जब वह घर लौटता, तो उसकी गाय दूध नहीं देती थी, कई दिनों तक यह सिलसिला चलने से चरवाहा परेशान हो गया कि आखिर उसकी गाय का दूध कहां जाता है। एक दिन उसने अपनी गाय का पीछा किया, जंगल में चरते-चरते गाय एक विशेष स्थान पर रुकी और अपना सारा दूध जमीन पर बहा दिया, यह देखकर चरवाहा हैरान रह गया, अगले दिन भी गाय ने ठीक उसी स्थान पर जाकर दूध बहाया, यह चमत्कार देखकर चरवाहे ने गांव वालों को बताया, ग्रामीणों में उत्सुकता जगी और उन्होंने उस स्थान पर खुदाई शुरू की।

खुदाई के दौरान उन्हें जमीन के नीचे एक शिवलिंग दिखाई दिया। ग्रामीणों ने शिवलिंग को खोदकर बाहर निकालने और गांव में स्थापित करने का विचार किया। उन्होंने कई दिनों तक खुदाई की, लेकिन शिव. लिंग का अंत नहीं मिला, अंततः थक-हारकर ग्रामीणों ने उस स्वयंभू शिवलिंग की वहीं पूजा-अर्चना शुरू कर दी। इस अद्भुत शिवलिंग में आंख, नाक, मुंह और कान स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। ग्रामीणों के सहयोग से वहां एक मंदिर बनाया गया। शिवलिंग के प्राकट्य के बाद जौनपुर जिले के जलालपुर क्षेत्र के दो गांव रेहटी और लहंगपुर के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। दरअसल, यह शिवलिंग ठीक उस स्थान पर प्रकट हुआ था जहां दोनों गांवों की सीमाएं मिलती थीं, इस कारण दोनों गांव के ग्रामीण शिवलिंग को अपने-अपने गांव का होने का दावा करते हुए मंदिर के स्वामित्व को लेकर लड़ने लगे। बढ़ते विवाद को देखते हुए आसपास के ग्रामीणों की मौजूदगी में एक पंचायत बुलाई गई, पंचायत में यह तय किया गया कि इस विवाद को स्वयं महादेव पर ही छोड़ दिया जाए, यदि वे सच में स्वयंभू हैं, तो वे निश्चित रूप से इस विवाद को सुलझा देंगे, सबकी सहमति से पूजा-पाठ के बाद रात्रि में मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। मंदिर के मुख्य द्वार पर दोनों गांव के लोगों ने अपने-अपने ताले जड़ दिए। अगले दिन सुबह जब मंदिर के कपाट खुले, तो सभी अचंभित रह गए- मंदिर के प्रबंधक मुरलीधर गिरी जी बताते हैं कि जिस शिव. लिंग को लेकर रेहटी और लहंगपुर गांव के लोग आपस में लड़ रहे थे, वह शिवलिंग उत्तर दिशा, यानी रेहटी गांव की तरफ झुका हुआ मिला, इस चमत्कार को देखकर दोनों गांवों के लोग क्षमा याचना करते हुए भगवान शिव के प्रति अपनी श्रद्धा निवेदित करने लगे। सभी ने यह स्वीकार किया कि यह शिवलिंग रेहटी गांव में है, और इस प्रकार त्रिलोचन महादेव मंदिर का विवाद समाप्त हो गया। त्रिलोचन महादेव मंदिर अत्यंत ही प्राचीन और पौराणिक है, इसके बारे में स्कंद पुराण के पृष्ठ संख्या 674 पर वर्णन मिलता है।

# बिहार में चुनाव आयोग ने विपक्ष के सपने में डाली खललः केशव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और योगी सरकार में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव आयोग की पारदर्शी पहल ने उनके सपनों में खलल डाल दिया है।



श्री मौर्य ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, ह विदेशी घुसपैठियों के फर्जी वोटों के दलदल से बिहार में सत्ता तलाशने की जुगत में था इंडी ठगबंधन। लेकिन चुनाव आयोग की पारदर्शी पहल ने उनके सपनों में ख+लल डाल दिया, इसलिए बिहार से लेकर दिल्ली तक यह ठगबंधन 'चीखमचीख' मचाए है। गौरतलब है कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान के तहत शनिवार तक करीब 96 फीसदी मतदाताओं का सत्यापन हो चुका है। अब शेष चार फीसदी मतदाताओं का सत्यापन जारी है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक् राज्य के कुल सात करोड़ 89 लाख 69 हजार 844 मतदाताओं में से अब तक सात करोड़ 15 लाख 82 हजार सात (90-64 फीसदी) फॉर्म प्राप्त हो चुके हैं।

## कीलों की शय्या पर लेट कर जलाभिषेक को निकला शिवभक्त

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में एक शिव भक्त गाय को राष्ट्रीय गौ माता घोषित करने और भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की मुराद लेकर नुकीली कीलो की शैय्या पर लेट लेट कर गोलगोकर्ण नाथ छोटी काशी में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने निकला है। उसके साथ उसका पूरा परिवार भी साथ के चलकर उसका सहयोग कर रहा है। जिले के थाना रोजा क्षेत्र के अटोलिया गांव निवासी अंशुल यादव छह जुलाई को फर्रुखाबाद के पांचाल घाट से गंगाजल लेकर निकला था। इसके बाद वह लगातार लोहे की किलो से बनी शैय्या पर लेट लेट कर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है।

## महाशिवरात्रि पर लाखों शिवभक्तों ने किया नागेश्वरनाथ में जलाभिषेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अयोध्या।** श्रावण माह की महाशिवरात्रि के अवसर पर राम नगरी अयोध्या धाम में श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। भोर तीन बजे से सरयू का नया घाट और राम की पैड़ी पर स्नान और पवित्र जल लेने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देशभर से लाखों कांवरिए अयोध्या पहुंचे हैं।

श्रद्धालु सरयू नदी में पवित्र स्नान कर नागेश्वर नाथ क्षीरेश्वर नाथ सभी शिवालयों में जलाभिषेक कर रहे हैं। मुख्य रूप से नागेश्वरनाथ और क्षीरेश्वरनाथ महादेव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है। नागेश्वर नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी ओमप्रकाश ने बताया कि सावन के शिवरात्रि पर लाखों से अधिक श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके हैं, सुबह से ही शिव भक्तों की लंबी कतारें मंदि. रों में देखने को मिल रही हैं, जहां भजन-कीर्तन की ध्वनि वातावरण को भक्तिमय बना रही है। जिला प्रशासन ने श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए राम पथ, भक्ति पथ और दर्शन पथ पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। जगह-जगह बैरिकेलडग लगाई गई है और सुरक्षाकर्मी लगातार निगरानी कर रहे हैं।

## अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़, तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में कैंट पुलिस और लखनऊ एसटीएफ की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस उपायुक्त प्रमोद कुमार ने बुधवार को बताया कि कैंट पुलिस और लखनऊ एसटीएफ की टीम ने तस्कर के घर से तीन पिस्तौल, पांच अर्धनिर्मित असलहे, कारतूस, और असलहा बनाने के कई उपकरण बरामद किए हैं। मिठाई लाल सारनाथ में किराए के मकान और आशापुर में अपने घर पर अवैध असलहा बनाने का काम करता था।

# यूपीएसआरएलएम और बेसिक शिक्षा विभाग मिलकर करेंगे फाइलेरिया का उन्मूलन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** वर्ष 2027 तक उत्तर प्रदेश से फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 27 जिलों के बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों व उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (यूपीएसआरएलएम) के अधिकारियों ने फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान को पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया है।

राज्य फाइलेरिया अधिकारी डॉ- ए-के- चौधरी ने बच्चों को फाइलेरिया संक्रमण से बचाने के महत्व पर ज़ोर दिया, जिसके लक्षण 5 से 15 साल बाद दिखाई देते हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि बच्चों को इस बीमारी की गंभीरता के बारे में बताया जाना चाहिए और मध्या]न भोजन के बाद उन्हें दवा दी जानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग फाइलेरिया से प्रभावित क्षेत्रों से अवगत है और एमडीए ब्लॉकों का चयन तदनुसार किया गया है।

डॉ. चौधरी ने अधिकारियों से एमडीए अभियान का समर्थन करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि बच्चों को फाइलेरिया रोधी दवा मिले। डॉ. चौधरी ने बेसिक शिक्षा विभाग के पिछले सहयोग की सराहना की। कार्यक्रम में 30 वर्षों से फाइलेरिया के रोगी महेंद्र सिंह ने प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने व्यक्तिगत अनुभव और इस बीमारी के कमजोर करने वाले प्रभावों के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों के भविष्य के स्वास्थ्य के लिए दवा के महत्व पर ज़ोर दिया और दूसरों को भी अपनी तरह की पीड़ा से बचाने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता एमडीए अभियान के दौरान लोगों को फाइलेरिया-रोधी दवा के लाभों के बारे में शिक्षित करते हैं। महेंद्र को देख व सुनकर एमडीए वाले 27 ज़िलों के बीएसए ने कार्यक्रम को गंभीरता से लागू करने की प्रतिबद्धता जताई। डॉ- चौधरी ने महेंद्र के पीड़ित से फाइलेरिया के खिलाफ लड़ाई में मूल्यवान संसाधन बनने के परिवर्तन पर प्रकाश डाला और अधिकारियों से 2027 तक इस बीमारी को खत्म करने में सहयोग करने का आग्रह किया। महानिदेशक बेसिक शिक्षा कार्यालय के अधिकारी सलाहुद्दीन खान ने स्कूलों को प्रार्थना सभाओं के दौरान फाइलेरिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने, 8 अगस्त को जन जागरूकता रैली आयोजित करने और 10 अगस्त को स्कूल परिसर में दवा खिलाने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### चंद्रशेखर आजाद को दी पुष्पांजलि



**कोतवाली देहात।** अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के जन्मदिवस पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। ग्राम शादीपुर स्थित विवेक पुस्तकालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षाविद देवेंद्र कुमार ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने देश की स्वतंत्रता में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने देश भर के क्रांतिकारियों को एकजुट किया तथा देश की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी। सरदार भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, रामप्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह सहित अनेक क्रांतिकारी उन्हें अपना नेता मानते थे। चंद्रशेखर आजाद ने स्वतंत्रता आंदोलन की दशा तथा दिशा परिवर्तित करने का कार्य किया। उनका निशाना अचूक था। कार्यक्रम में अमर सिंह, करतार सिंह, विश्वास मौर्य, देवेंद्र सिंह, वरुण गुप्ता, प्राची, आदर्श शर्मा आदि मौजूद रहे।

### आईटीआई में प्रवेश की अंतिम तिथि आज

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक ने बताया कि जनपद बिजनौर में संचालित समस्त राजकीय एवं निजी आईटीआई हेतु राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद द्वारा घोषित द्वितीय चयन परिणाम के प्रवेश की अंतिम तिथि 24 जुलाई 2025 निर्धारित है जिन अभ्यर्थियों ने अभी तक प्रवेश नहीं लिया है वह 24 जुलाई को 5:00 बजे तक अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ संबंधित संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात प्रवेश संभव नहीं होगा।

### वीकेआईटी का परीक्षाफल शत-प्रतिशत





**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा बी.कॉम तृतीय वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर डिग्री कॉलेज, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बी.कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा प्रिया गोयल ने 64.85 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, ज्वालन्श कुमार ने 63.74 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं रानी ने 60 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एंव विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गड्ढे में मिला वृद्ध का शव

**कोतवाली देहात।** नशे के आदी वृद्ध व्यक्ति का शव सोमवार की रात्रि गांव के बाहर तालाब के पास एक गड्ढे में मिला। गांव बांकपुर निवासी घसीटा सिंह (75 वर्ष) खाना खाने के बाद घर से घूमने के लिए निकला था। गांव के बाहर तालाब के पास एक गड्ढे में पैर फिसलने से घसीटा सिंह गिर गया। गड्ढे मे भरे पानी मे डूबकर घसीटा सिंह ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गांवों में ड्रोन उड़ने से दहशत

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र में उड़ रहे ड्रोन ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। कई गांव में लोग रात को जाग कर पहरा दे रहे हैं। पुलिस ने इसे अफवाह करार देकर ध्यान ने देने की अपील की है। बीती रात्रि क्षेत्र के कई गांवों में ड्रोन उड़ने की सूचना पर ग्रामीणों की नींद उड़ गई। ग्राम बाकर नगला के ग्रामीणों ने गांव में पहरा देकर पूरी रात गुजारी। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में ड्रोन उड़ने से एक भय का माहौल बना हुआ है। लोग पूरी रात जागकर काटने को मजबूर हो रहे है। ड्रोन उड़ने की सूचना कई गांव से आई है। सीओ नगीना अंजनी कुमार ने बताया कि ड्रोन को लेकर अफवाहें चल रही है। पुलिस द्वारा गहनता से जांच करने के बावजूद भी कोई भी मामला सामने नहीं आया है। उन्होंने ग्रामीणों से अफवाहों से बचने की अपील की है। उन्होंने बताया कि पुलिस किसी भी अपराध से निपटने में सक्षम है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। बिना रेलिंग वाली छत पर अफवाह के चलते न जाएं।

### दो शावकों के साथ घूम रहा गुलदार

**कोतवालीदेहात।** ग्राम शेखपुरा निवासी पदम सिंह हाकर है। मंगलवार की सुबह अखबार बांटने ग्राम मालीवाला में गया था। जंगल के पास ही उसे एक गुलदार तथा दो शावक दिखाई दिए। यह देखकर पदम सिंह डर गया और उसने अपनी स्कूटी वापस मोड़ दी तथा सूचना ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के आसपास गुलदार तथा दो शावक पिछले कई दिनों से देखे जा रहे हैं। ग्रामीणों ने पिंजरा लगाने की मांग की है।

### मिल प्रशासन ने सौंपा आर्थिक मदद का चेक



**नांगल सोती।** उत्तम शुगर मिल बरकतपुर में एटीपी टैंक सफाई के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आकर कपिलदेव पुत्र भीम सिंह निवासी गांव तिसोतरा थाना नांगल, मुनेश्वर पुत्र सिब्बा सिंह निवासी गांव कबूलपुर थाना मंडावर और सोमपाल पुत्र दयाराम निवासी लालपुर सौजीमल थाना नांगल की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि उनका सुपरवाइजर प्रभात पुत्र नरेश निवासी बिजनौर उन्हें बचाने के प्रयास में गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसके बाद मिल प्रशासन ने सभी मृतकों के प्रति परिवार को 5 लाख आर्थिक मदद देने आश्वासन दिया था, लेकिन कुछ किसान नेताओं की हस्तक्षेप के बाद मिल प्रशासन सभी मृतकों के परिवार वालों को 12 लाख की आर्थिक मदद और परिवार के एक सदस्य को मिल में नौकरी देने को राजी हुआ था। बुधवार को कपिल पुत्र श्री भीम सिंह की पत्नी बेवी को मिल अधिकारी कुलदीप सिंह ने 12 लाख रुपये का चेक उनके घर पर आकर दिया। इस मौके पर कामेन्द्र तोमर, विनोद कुमार उर्फ बिट्टू, महिपाल सिंह तोमर, चौधरी ब्रजवीर सिंह, सूरतपाल सिंह, इरफान प्रधान, शोवीर सेठ, कुलबीर सिंह, टीटू लंबरदार, आलोक, भोले सिंह, अंकित हल्दिया, नरेन्द्र लाम्भा आदि मौजूद रहे।

### धर्म परिवर्तन करने के दबाव का आरोप

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर जागन निवासी अनिल कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह कोतवाली देहात में कुछ सामान खरीदने आया था। तभी उसे ग्राम सरवनपुर निवासी सरकारी अध्यापक आदेश कुमार मिला। आरोप है कि आदेश उसे ईसाई धर्म अपनाने के लिए कहने लगा। आदेश ने ईसाई धर्म अपनाने के लिए अनिल कुमार को पैसे का प्रलोभन भी दिया। उसने बताया कि कि वह अपने रसूलपुर जागन निवासी ससुराल पक्ष के लोगों का भी ईसाई धर्म में धर्मांतरण करवा चुका है। अनिल कुमार ने थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। इस संबंध में पुलिस का कहना है की तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# कार खेत में गिरी, चार घायल

## पहिए में बस्ट होने से हादसा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** बनैली नदी के तीव्र मोड़ पर कार का टायर बस्ट हो जाने के कारण कार दस फिट नीचे खेत में जा गिरी। कार में सवार चालक सहित चार व्यक्ति मामूली रूप से पर चोटिल हो गए। ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर द्वारा कार को बाहर निकाला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम मानियावाला स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 734 पर बनैली नदी पुल के तीव्र मोड़ पर बुधवार की प्रात: 6:30 बजे एक कार संख्या डीएल3सीसीजेड-2417 अगला टायर बस्ट हो जाने के कारण अनियंत्रित होकर दस फिट नीचे खेत में जा गिरी। कार चालक लक्ष्मी सिंह बिष्ट के अलावा चंदन सिंह अठवाल, राजेंद्र सिंह अठवाल, व पंकज सिंह अठवाल कुल चार व्यक्ति सवार थे जो सभी ग्राम जाल पोस्ट सगनेटी थाना रानीखेत जनपद अल्मोड़ा निवासी थे। चारों व्यक्ति मामूली रूप से चोटिल हो गए। अपने खेतों में काम कर रहे किसान सद्दाम हुसैन, फहीम अहमद, अतीक अहमद, मौहम्मद दानिश आदि ने ट्रैक्टर पर लगे गन्ना लोडर की मदद से खेत में गिरी कार को बाहर निकाला।

चंदन सिंह अठवाल ने बताया कि सभी लोग दिल्ली में नौकरी करते हैं तथा वह दिल्ली से रानीखेत ग्राम पंचायत चुनाव में भाग लेने जा रहे थे। उन्हें गजरौला से मुरादाबाद, काशीपुर, रामनगर हल्द्वानी होते हुए रानीखेत जाना था परंतु कांवड़ यात्रा के कारण पुलिस ने जगह जगह से नेशनल हाईवे को बेरीकेटिंग लगाकर बंद कर रखा है, जिस कारण उन्हें गजरौला से जंगल के रास्ते अमरोहा, नूरपुर, धामपुर मार्ग से भेज दिया गया। सारी रात वह जंगलों में भटकते रहे। प्रात: ही दुर्घटना का शिकार हो गया।

गौरतलब है कि मानियावाला स्थित बनैली नदी के इस तीव्र मोड पर प्रतिवर्ष 15 से 20 वाहन 10 फिट गहरे खेत में गिरकर दुर्घटना का शिकार होते हैं क्योंकि उक्त तीव्र मोड़ पर तेज गति से आने वाले वाहन चालक अपना नियंत्रण खो बैठते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाता है। राष्ट्रीय राजमार्ग अथॉरिटी व राष्ट्रीय राजमार्ग फोर लाइन का निर्माण करने वाली कार्यदाई कम्पनी पीएनसी द्वारा उक्त तीव्र मोड़ पर संकेत बोर्ड व मजबूत रेलिंग न लगाने के कारण अक्सर इस मोड़ पर दुर्घटनाएं होती रहती है।

### शिवालयों में बम बम भोले के जयकारे के साथ जलाभिषेक

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के गांव में श्रावण मास की शिवरात्रि पर सभी शिव मंदिर व शिवालयों में श्रद्धालुओं ने सुबह भोर से ही बम बम भोले के जयकारे के साथ जलाभिषेक शुरू कर दिया।

श्रावण मास की शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने भोर काल में ही शादीपुर, हाजीपुर, बेगमपुर शादी उर्फ रामपुर, बरूकी, फतेहपुर, रोशनपुर प्रताप आदि गांव में स्थित शिवालय में जलाभिषेक व रूद्राभिषेक किया। कुछ भक्तों ने भोले को प्रसन्न करने के लिए महामृत्युंजय मंत्र का जाप भी किया। जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर 7, 11 व 21 बेलपत्र चढ़ाकर मन्नते मांगी। मंदिर के पुजारी का कहना हैं कि तीनों लोक के स्वामी कहे जाने वाले भगवान शिव की पूजा करने के विधि काफी आसान मानी जाती हैं। भोले बाबा तो सिफ प्रेमभाव के भूखे हैं वह तो सिर्फ गंगाजल से ही प्रसन्न हो जाते हैं। अगर संभव हो सके तो श्रावण माह में दूध, दही, शहद, घी, गिलोय, वेलपत्र, भांग, धतूरा, आम का रस, आंवले का रस, भस्म, गंगा. जल आदि से प्रतिदिन किसी भी शिवमंदिर या शिवालय में जाकर जलाभिषेक करना चाहिए।

# गृह और जल कर में बेतहाशा बढ़ोतरी से बिफरे सभासद

## अध्यक्ष की मनमानी से नगर में नाराजगी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका परिषद द्वारा हाउस टैक्स व जल कर में मनमाने ढंग से की गई भारी वृद्धि के विरोध में नगर के 15 सभासद आर-पार के मूड में आ गए हैं। मंगलवार को सभासदों ने बैठक कर पालिका में ज्ञापन सौंपा और बढ़े हुए कर को वापस लेने की मांग की।

सभासदों का कहना है कि पालिका बोर्ड की पिछली बैठक में गृह कर व जल कर से जुड़ी चर्चा जरूर हुई थी लेकिन इसमें वृद्धि का कोई स्पष्ट प्रस्ताव नहीं रखा गया था। इसके बावजूद पालिका प्रशासन ने अधूरी जानकारी के आधार पर मनमाने तरीके से कर लागू कर दिया, जिससे नगरवासियों में भारी रोष है।

सभा में मौजूद सभासदों ने कहा कि पालिका अध्यक्ष यदि चाहें तो बोर्ड बैठक में इस पर पुनर्विचार का प्रस्ताव पारित कर सकते हैं लेकिन अध्यक्ष की मनमानी व हठधर्मिता के चलते यह मुद्दा ठंडे बस्ते में डाल दिया गया और नगरवासियों पर यह कर थोप दिया गया है।

सभासद विनोद तोमर ने कहा कि शासनादेश में स्पष्ट है कि टैक्स वृद्धि पर नागरिकों को आपत्ति का अधिकार है और अधिनियम की प्रक्रिया के तहत अपनी बात रख सकते हैं लेकिन यहाँ कर निर्धारण में न प्रक्रिया का पालन किया गया और न सभासदों को पूरी जानकारी दी गई।

बैठक में जयप्रकाश, मौ. नोमान, विनोद तोमर, खुर्शीद अहमद सहित 15 सभासद शामिल रहे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कर वृद्धि पर पुनर्विचार नहीं किया गया तो जन आंदोलन के विकल्प खुले रहेंगे। नगर में इस मुद्दे को लेकर चर्चाएं गर्म हैं कि आखिर पालिका अध्यक्ष किसके दबाव में यह मनमानी निर्णय ले रहे हैं जिन्हें अपने नगर की जनता का जरा भी ख्याल नहीं आया और पूरे जिला बिजनौर के अंदर सबसे पहले नगर पालिका स्योहारा मैं यह टैक्स लगाकर नगर की जनता पर भारी बोझ डाल दिया है।

जनपद में ऐसी कई नगर पालि. का हैं जिनमें हाउस टैक्स नहीं लगाए गए हैं और अगर लगाए भी गए हैं तो बहुत ही कम करके। अपनी नगर की जनता का ख्याल करते हुए शासन के आदेश का पालन भी किया और नगर की जनता पर अंधाधुंध टैक्स नहीं लगाया गया। जबकि भाजपा सरकार लगातार प्रदेश की जनता से लेकर पूरे देश की जनता का सहयोग और विकास कार्यों को गति दे रही है।

### ड्रोन से गन्ना फसल पर फफूंदीनाशक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों का छिड़काव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** किरतपुर क्षेत्र के ग्राम सिसौना में द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी की ओर से ड्रोन के माध्यम से किसान की गन्ना फसल में फफूंदीनाशक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों का छिड़काव कर अभियान की शुरुआत की गई।

मंगलवार को क्षेत्र के ग्राम सिसौना निवासी कृषक भोले सिंह के गन्ने के खेत में द्वारिकेश चीनी मिल बुंदकी की ओर से फफूंदीनाशक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों का ड्रोन के माध्यम से छिड़काव कराकर अभियान की शुरुआत की गई। मिल प्रबंधन गन्ना किसानों को इस पर अनुदान भी देगा। वहां उपस्थित चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक गन्ना अनिल कुमार चौहान, उप महा प्रबंधक गन्ना लवकुश सिंह, सहायक महाप्रबंधक गन्ना यशपाल सिंह ने ड्रोन से गन्ना खेत में फफूंदीनाशक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों का छिड़काव कराकर अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर ग्राम सिसौना व क्षेत्र के कई गांवों के गन्ना किसान भी मौजूद रहें। उपस्थित गन्ना किसानों ने मिल के इस कार्य को कृषक हित में बताते हुए मिल कार्य की सराहना की।

मिल के गन्ना अधिकारियों ने उपस्थित किसानों को बताया कि फसल सुरक्षा एवं गन्ना उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से ड्रोन के माध्यम से गन्ना फसल में फफूंदीनाशक एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों का छिड़काव कराना एक स्मार्ट तकनीक है।

मिल अधिकारियों ने बताया कि इस तकनीक से जल संरक्षण के साथ साथ समय की भी बचत होती है और गन्ने में लगने वाले लाल सड़न रोग की रोकथाम कर गन्ना फसल को होने वाले नुकसान से बचाया जा सकता है।

### ड्रोन को लेकर ग्रामीणों मे भय



## भाकियू कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ब्लॉक जलीलपुर के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आज बड़ी संख्या में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक कार्यकर्ता तहसील पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीण एवं क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं से अवगत कराते हुए रात्रि में उड़ रहे ड्रोन बनी समस्या के बारे में भी उन्हें अवगत कराया और समस्याओं के समाधान की मांग की।

तहसील चांदपुर में किसानों की जमीनी फर्दो में हो रही जीरो अंश की समस्या किसानों के कृषि संबंधित कार्य करने में समस्या पैदा कर रही है जिसे शीघ्र ही ठीक कराया जाने, ग्रामीणों पर अभी भी गुलदारों के हमले की चिंता हर समय सताती रहती है जिन्हें वन विभाग द्वारा पकड़वाये जाने, रात्रि में ग्रामीण क्षेत्रों में दिखाई दे रहे ड्रोन भी एक बड़ी समस्या बने हुए हैं के बारे में भी खोज करने और इस समस्या को सुलझाने, आवारा पशुओं द्वारा किसानो के खेतों में खड़ी फसलों को बर्बाद होने से रोके जाने के लिए आवारा पशुओं को पकड़वाकर समीप की गौशालाओं में पहुंचवाने, जलीलपुर खादर क्षेत्र में बाढ़ की समस्या से निस्तारण करने के लिए व फसलों के नुकसान को बचाने के लिए एसडीएम चांदपुर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपने वालों में ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष संजीव कुमार, मीडिया प्रभारी रोहित कुमार, फैज भाई, पदाधिकारी महिपाल सिंह तहसील महासचिव, नगर अध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी, नगर उपाध्यक्ष इरफान खान, नगर संगठन मंत्री अनवर खान, बब्बू भाई न्याय पंचायत अध्यक्ष सैंदवार, भूपेंद्र सिंह पंचायत अध्यक्ष रावटी, आजम खान, इरफान खान, फरमान खान आदि अन्य संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति की बैठक

## अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम व अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच के निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रभा रानी, नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डॉ. केके राहुल, शासकीय अधिवक्ता मुकेश त्यागी, रेडियोलोजिस्ट डॉ. आरबी त्यागी, सदस्य श्रीमती सुधा राठी आदि मौजूद थे।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने नोडल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि नियमित रूप से जिले में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम्स एवं अल्ट्रासाऊंड सेंटर्स की औचक जांच करना सुनिश्चित करें तथा कृत कार्यवाही एवं लिए गए एक्शन को पीसीपीएनडीटी मीटिंग के कार्यवृत में भी शामिल करें।

उन्होंने नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि पीसीपीएनडीटी की मासिक बैठक नियमित रूप से आयोजित करना सुनिश्चित करें ताकि अनावश्यक रूप से प्रकरण लंबित न रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि अल्ट्रासाउंड मशीन संचालक की पत्रावली प्रस्तुत करने से पूर्व प्रदेश से बाहर के चिकित्सकों से शपथ पत्र प्राप्त करें, जिसमें उनके द्वारा अन्य किसी स्थान पर अल्ट्रासाउंड मशीन का संचालन न करने तथा कार्य स्थल शहर में ही निवास करना शामिल हो, को पत्रावली के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पत्रावली में अल्ट्रासाउंड मशीन के संचालन के लिए नामित डॉक्टरों की पोस्ट ग्रेजुएट शैक्षिक योग्यता का सत्यापन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि रेडक्रॉस सोसायटी को क्रियाशील रखें और समय-समय पर नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं आई कैम्पों का आयोजन कर आमजन को लाभान्वित करते रहें तथा लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं नि:शुल्क दवाइयां उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें मुफ्त में चश्मे भी मुहैया कराएं।

जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने कहा कि पीसीपीएनडीटी सलाहकार समिति का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है, अत: अल्ट्रासाउंड मशीन की स्थापना के लिए सभी मानकों की सक्षम अधिकारी से जांच कराना सुनिश्चित करें तथा संतुष्टि के बाद ही पंजीकरण/नवीनीकरण की अनुमति के लिए पत्रावली प्रस्तुत करें।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि समय-समय पर चैक लिस्ट के आधार पर नियमित रूप से अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच भी करते रहें, ताकि किसी भी स्तर पर उसका दुर्पयोग न होने पाए।

## एक नजर

### शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु



**नूरपुर।** श्रावण मास की महाशिवरात्रि के पर्व पर शिव मंदिर चौक पर धार्मिक आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ शिवालयों पर उमड़ पड़ी। शिवभक्तों ने जलाभिषेक, बेलपत्र, दूध, दही, शहद व गंगाजल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर सुख शांति की कामना की। नगर के प्रमुख शिवालयों व ताजपुर के प्राचीन शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। मंदिरों को रंग बिरंगी झालरों, फूलों से सजाया गया। सुबह से ही महीलाओं की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई थी। श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से वातावरण को शिवमय कर दिया। नगर के शिव मंदिर पर थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ नजर बनाए हुए थे। उधर ताजपुर के शिव मंदिर पर चौकी प्रभारी राजवीर सिंह भारी सुरक्षा बल के साथ हर गति. विधियों पर नजर बनाए हुए हैं। देर शाम तक महाशिवरात्रि का त्यौहार बड़ी धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।

### धरना दसवें दिन भी जारी



**बिजनौर।** ईसीएसएच संघर्ष समिति का धरना आज दसवें दिन सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय बिजनौर पर 10:00 बजे से 11:00 बजे तक जारी रहा। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सैनिक केपी सिंह व संचालन अजय सिंह ने किया। केपी सिंह ने बताया कि ईसीएसएच भवन निर्माण के लिए आवंटन भूमि की जांच होना आवश्यक है, क्योंकि तथ्यों को छुपाने के कारण राजस्व विभाग आवंटन प्रक्रिया पूरी मानकर पत्राचार करता है। जबकि सैनिक कल्याण विभाग एवं सैनिक निदेशालय लखनऊ उपरोक्त भूमि को आज तक चिह्नित भूमि मानकर शासन से पत्राचार करता है। इन दोनों के पत्राचार के कारण ऐसा प्रतीत होता है कि शासन समझ नहीं पाया की उपरोक्त जमीन के आवंटन में किस कारण विलंब हो है। इसलिए आवंटन प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। उपरोक्त तत्वों को शासन के सामने लाने के लिए जांच होना अति आवश्यक है। हम मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हैं कि उपरोक्त पत्रावली की उच्च स्तरीय जांच करने के आदेश प्रदान कर सही तथ्यों के आधार पर आवंटन प्रक्रिया को पूरा कर पूर्व सैनिक व उनके परिवारों की हितों की रक्षा करेंगे।

### वन्य जीवों से सुरक्षा को सौंपा ज्ञापन



**कालागढ़।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की सीमा पर क्षतिग्रस्त सुरक्षा दीवार के निर्माण ना होने के कारण कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वन्य जीव ग्रामीण इलाकों में लगातार प्रवेश कर रहे थे, जिससे ग्रामीणों का भारी भरकम राजस्व का नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं खेत स्वामियों को भी लहराती फसलों का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा था। इसी संबंध में किसान यूनियन ब्लाक अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह नेगी प्रतिनिधि मंडल ने कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक साकेत बडोला से मुलाकात कर वार्ता की कि लंबे समय सीमा पर बनाई गई दीवार टूटी पड़ी है, जिसकी मरम्मत करना अति आवश्यक है। दीवार की मरम्मत न होने से जंगली जानवर लगातार खेतों में घुसकर किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व निदेशक साकेत बडोला आईएफएस ने प्रतिनिधि मंडल को बताया कि दीवार मरम्मत के लिए बजट स्वीकार किया जा चुका है। उधर उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के बाद सीमा पर दीवार की मरम्मत का कार्य शुरू किया जाएगा। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व निदेशक साकेत बडोला से वार्ता करने वाला प्रतिनिधि मंडल किसान यूनियन ब्लाक अध्यक्ष धीरेंद्र नेगी, ग्राम अध्यक्ष अनिल नेगी, संरक्षक कैलाश थपलियाल एवं कृष्ण थपलियाल आदि मौजूद रहे।

### महिला को सांप ने डसा



**स्योहारा।** थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के ग्राम गढ़ी मानियो वाली निवासी शाइस्ता परवीन पत्नी रईस अहमद सोमवार को अपने घर के बाहर खड़ी थी, तभी उन्हें सांप ने काट लिया। परिजन घबराए और झाड़-फूंक के लिए शाइस्ता को स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम बेलखेड़ा ले गए। लेकिन वहां उपचार से जब कोई लाभ नहीं हुआ तो परिजन उसे स्योहारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. योगेश कुमार के अनुसार महिला की स्थिति अब सामान्य है और जल्द ही उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

### मानसून गन्ना बुवाई सत्र का शुभारंभ




**चांदपुर।** बिंदल शुगर मिल चांगीपुर के उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार मलिक ने मानसून गन्ना बुवाई सत्र का शुभारंभ करते हुए किसान के खेत पर पहुंच कर मानसून गन्ना बुवाई का फीता काटकर उद्घाटन किया। श्री मलिक ने कहा कि यही ठीक समय है जब मानसून गन्ना बुवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि कृषक द्वारा मृदा एवं बीज उपचार कीटनाशक एवं फफूँदीनाशक से किया गया कृषक ने 0.400 है. क्षेत्रफल में गन्ना प्रजाति कोशा 18231 की बुवाई ट्रेंच विधि द्वारा की। इस अवसर पर मुख्य गन्ना प्रबंधक इंद्रवीर सिंह, उप गन्ना प्रबंधन राजवीर सिंह, डिवीजन इंचार्ज उदयराज सिंह, गन्ना सुपरवाइजर ऋषभ, गौरव एवं काफी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। इस मौके पर बिंदल चीनी मिल के उपाध्यक्ष गन्ना ने किसानों से अपील की कि इस समय गन्ना सर्वे प्रदर्शन का कार्य चल रहा है। उन्होंने किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि गन्ने में लगने वाली बीमारी की रोकथाम एवं अच्छी बढ़वार हेतु चीनी मिल द्वारा अनुदान पर चलाए जा रहे ड्रोन स्प्रे का कृषक उपयोग कर गन्ना किसान अपनी फसल को रोग मुक्त कर सकते हैं के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर मिल उपाध्यक्ष जितेंद्र मलिक एवं मुख्य गन्ना प्रबंधक इन्द्रवीर सिंह ने क्षेत्रीय कृषकों से अपनी बात साझा करते हुए अपने गन्ने की फसल को कीट रोगों से बचाव हेतु सतर्क रहने का भी सुझाव दिया।

# धर्म बदलकर प्रेमजाल में फंसा यौन शोषण

- मन भर गया, तो देह व्यापार में झोंका
- पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** धर्म बदलकर कलकत्ता की युवती को प्रेमजाल में फंसाकर यहां बुला लिया, और उसके साथ यौन शोषण किया। उसके गर्भवती होने पर उसका गर्भपात करा दिया। उसे मांस खिलाया, और वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर देह व्यापार में झोंक दिया। महिला ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर इंसाफ मांगा है।

कलकत्ता की रहने वाली एक युवती का कहना है कि एक साल पहले उसका यहां के गांव मंडनपुर शुमाली के मुस्लिम युवक से फोन पर सम्पर्क हो गया। फोन से लगातार बात होने पर उसने खुद को हिन्दू बताया, और उसको शादी के झांसे में लेकर उसने यहाँ बुला लिया, और शादी का झांसा देकर उसने उसका शारीरिक शोषण किया। उसने उसे बिना पत्नी के अपने घर पर रखा। जब उसने शादी करने को कहा तो युवक ने उसकी मांग में सिंदूर भर कर कहने लगा कि अब वह पति-पत्नी हो गए हैं। जब युवती को पता चला कि वह तो मुस्लिम है तो उसने इसका विरोध किया तो युवक और उसके घर वालों ने मारपीट की, और उन्होंने धमकाया कि अगर यह बात किसी से कही तो वह उसे जान से मार देंगे। जिससे वह डरकर रहने लगी। युवती ने बताया कि उसको जबरन मांस खिलाया, और इसके बाद उसके गर्भ ठहर गया तो युवक की मां ने उसका गर्भपात करा दिया। युवती का कहना है कि युवक ने उसको देह व्यापार में धकेला। युवक ने होटलों में ले जाकर उसे देह व्यापार में ढकेल दिया, और उसकी वीडियो क्लिपिंग बनाकर उसे ब्लैकमेल करने लगा। युवती किसी तरह उसके चंगुल से बचकर बाहर आई। युवती ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर युवक और उसके घर वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। जिसपर इंस्पेक्टर संजय तोमर ने युवक बख्तावर पुत्र बाबू निवासी मण्डनपुर शुमाली, ताजवर पुत्र बाबू निवासी मण्डनपुर शुमाली, आरोपी बख्तावर की मां निवासी मण्डनपुर शुमाली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# लापता मजदूर का दसवें दिन मिला शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के मोहल्ला बहोर नगला निवासी शिव शंकर 45 वर्ष अपने परिवार के साथ रहते थे, वह मजदूरी कर अपना परिवार चलाते थे। परिजनों ने बताया कि 14 जुलाई को वह मजदूरी के लिए जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन शाम तक जब वह वापस नहीं आए तो परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरु कर दी। काफी तलाशने पर भी उनका कोई पता नहीं मिला। बुधवार को मोहल्ले के पास में ही स्थित सूखे पड़े तालाब में उनका शव पड़ा मिला। शव काफी सड़ गल चुका था। मौके पर पहुंचे मृतक के बेटे विशाल ने कपड़ों से शव की पहचान अपने पिता शिवशंकर के रुप में की। वहीं सूचना पर पहुंचे सीओ गौरव सिंह, कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए। बाद में पुलिस ने शव का पचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। मृतक के परिजन दबी जुबान में मोहल्ले के ही एक व्यक्ति से जमीन को लेकर रंजिश होने की बात कह रहे हैं। लेकिन परिजनों ने अभी किसी के खिलाफ पुलिस कोई तहरीर नहीं दी है। उनकी मौत के बाद उनकी पत्नी निर्मला, बेटी मालती, सावित्री, बेटे विकास व विशाल का रो-रो कर बुरा हाल है।

## एक नजर

### पांच किलों प्रतिबन्धित मांस के साथ महिला को पकड़ा, तीन फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** बुधवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे के मोहल्ला शेखुपुरा के एक घर मे छापा मारकर प्रतिबन्धित पशु का 5 किलो मास के साथ एक महिला को दूध पीती बच्ची के साथ गिरफ्तार कर लिया। जबकि मीट तस्करी में शामिल तीन लोग फरार हो गए। पुलिस ने महिला सहित 4 अभियुक्तों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कर दुधमुंही बच्ची के साथ महिला को जेल भेज दिया। पुलिस फरार अभियुक्तों की तलाश में जुटी है।

थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार को उनकी पुलिस टीम की एस आई काजल कौशल व कांस्टेबल प्रदीप कुमार व मोनिका के साथ कांवड़ ड्यूटी पर थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कस्वे के मोहल्ला शेखुपुरा में अंसार अहमद के घर मे छापा मारा। जहां पर अभियुक्त महिला नाजिया पत्नी अंसार अहमद को दूध पीती बच्ची के साथ गिरफ्तार कर उसके पास से 5 किलो प्रतिबन्धित पशु का मास बरामद कर लिया। महिला अभियुक्त नाजिया ने पुलिस पूंछतांछ में बताया कि वह बंजारा जाती की है। जबकि फरार अभियुक्त हफीज व हसीब उर्फ फोल्डिंग कुरेशी बराद. री के हैं। उक्त लोगो से महिला के पति अंसार अहमद के घर आना जाना था। जिससे उनमें आपस मे काफी दोस्ती थी। जिससे हसीब व हफीज प्रतिबन्धित पशु का मास लाकर नाजिया के घर बिक्री करने को दे देते थे। नाजिया बंजारी बरादरी की होने पर उसपर कोई शक नहीं करता था। नाजिया मास को अच्छे दामों में मोहल्ला में घूमकर बिक्री करती थी। जिससे सभी की मीट तस्करी से खासी कमाई हो जाती थी।पुलिस ने महिला नाजिया सहित 4 तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार महिला को जेल भेज दिया।बरामद मास का मेडिकल परीक्षण करवाकर उसे मिट्टी में दफना दिया गया। जबकि नामित अभियुक्त अंसार अहमद,हफीज व हसीब सहित फरार अभियुक्तों की पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है।

### 17 हजार रुपये के चालान पर युवक का अनोखा विरोध

**युवक पीटीओ की गाड़ी के नीचे लेटा, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के मंडी के पास एक युवक ने संभागीय परिवहन कार्यालय बरेली के यात्री कर अधिकारी द्वारा 17 हजार रुपये का चालान काटने पर अनोखा विरोध किया। युवक ने पीटीओ की गाड़ी के नीचे लेटकर अपना गुस्सा जाहिर किया।

वहां मौजूद लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। युवक को गाड़ी के नीचे लेटा हुआ देखकर लोगों का जमघट लग गया। अब यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

ऐसे मामले पहले भी सामने आ चुके हैं जहां लोगों ने चालान कटने पर अनोखे तरीके से विरोध किया हो। हालांकि, आरटीओ विभाग द्वारा नियमों के उल्लंघन पर चालान काटना एक आम बात है।

आरटीओ विभाग द्वारा नियमों के उल्लंघन पर चालान काटा जाना एक आम बात है। विभाग का उद्देश्य यातायात नियमों का पालन करवाना और सड़कों को सुरक्षित बनाना है।

### दो लाख रुपये की मांग को लेकर विवाहिता को मारपीट कर निकाला, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** थाना क्योलड़िया क्षेत्र के गांव किशनपुर कुइयां के रहने वाले पूरन लाल ने अपनी पुत्री गायत्री की शादी एक साल पहले थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव वहोरनगला के रोहित के साथ की थी।

आरोप है कि कम दहेज के लिए विवाहिता को आए दिन परेशान कर गाली गलौज की जाती रहती है, ससुराल के लोग उससे दो लाख रुपए लाने की मांग लेकर उसे प्रताड़ित कर उसे गुजरी 21 जून को मारपीट कर घर से निकाल दिया। घटना की रिपोर्ट थाना क्योलड़िया में पति रोहित, सास गुड्डी देवी और ननद लक्ष्मी देवी के खिलाफ दर्ज कराई गई है।

# आरोपी ग्राम पंचायत अधिकारी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सीओ को सौंपा ज्ञापन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बीते 9 जुलाई को एक छात्र की दूसरे समुदाय की युवती से छेड़छाड़ के शक में ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी ने बेरहमी से पिटाई की थी, जिससे आहत होकर छात्र ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या कर ली थी, वहीं मृतक छात्र आरिश के पिता वली हसन ने ग्राम पंचायत अधिकारी भगवत शरण गंगवार सहित 6 लोगों के खिलाफ थाना नवाबगंज में मुक. दमा दर्ज कराया था, लेकिन दो हफ्ता बीत जाने के बाद भी ग्राम पंचायत अधिकारी निडर होकर अपनी ड्यूटी करता नजर आ रहा है, पुलिस ने एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया है। वायरल किए गए वीडियो में ग्राम पंचायत अधिकारी छात्र आरिश को बेरहमी से पीटता नजर आ रहा है।

आरोप है कि मृतक के पिता से पुलिस को मिठाई देने के बहाने ग्राम पंचायत अधिकारी भगवत शरन ने पांच हजार रूपए भी ऐंठे थे। बुधवार को भीम आर्मी ने क्षेत्रधिकारी गौरव सिंह को आरोपी भगवत शरन गंगवार की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। इस मौके पर जान मौहम्मद, तस्लीम, सुरजीत गौतम, शाकिर अली हनीफ आदि मौजूद रहे।

## गन्ने के खेत में मिली अज्ञात युवक की लाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र के पचपेड़ा के पास एक अज्ञात युवक की लाश मिली है। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है। बुधवार को शाम लगभग 7:30 बजे ग्राम पचपेड़ा थाना बहेड़ी जनपद बरेली से 200 मीटर दूरी पर रोड से 50 मीटर अंदर टीकाराम प्रजापति के गन्ने के खेत में एक युवक की लाश पाई गई।

शव लगभग एक सप्ताह पुराना प्रतीत होता है और युवक की उम्र लगभग 30 वर्ष होनी बताई जा रही है। स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस शव की शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी हुई है। पुलिस आसपास के थानों और जिलों से संपर्क कर रही है, ताकि शव की पहचान की जा सके। पुलिस का कहना है कि शव की शिनाख्त होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस को जल्द से जल्द शव की शिनाख्त करनी चाहिए, और अपराधियों को पकड़ना चाहिए। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

## लोधीपुर में जलभराव से लोगों की बढ़ी परेशानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के मोहल्ला लोधीपुर में रोड पर पानी भरा होने से स्कूली बच्चों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी भरने से रास्ता निकलना मुश्किल हो गया है, जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। महिलाएं पानी पार करने के लिए ई-रिक्शा का उपयोग कर रही हैं।

इस समस्या का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि सड़क पर पानी भरा होने से लोगों को कितनी परेशानी हो रही है। एक बुजुर्ग महिला ई-रिक्शा से सड़क पार कर रही है, जो इस समस्या की गंभीरता को दर्शाता है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। उनका कहना है कि जल भराव की समस्या का समाधान नहीं होने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि जल भराव की समस्या का समाधान करने के लिए जल्द ही कदम उठाए जाएंगे। नालियों की सफाई और पानी की निकासी के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके।

## झगड़े में बचाने आए युवक को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर के मोहल्ला मोहम्मदपुर में दो पक्षों के झगड़े में बचाने आए युवक को कुछ लोगों ने पीट दिया, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने घायल की तरफ से हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

उवैस पुत्र हसरत ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है कि सलमान पुत्र इशाक, वसीम पुत्र निसार, मुमताज पत्नी सलमान और इशाक पुत्र स्व. अनवार ने उसके साथ मारपीट की। उवैस ने बताया कि वह रिजबान पुत्र इकबाल को बचाने की कोशिश कर रहा था, जब सलमान और उसके साथियों ने उसके साथ गाली-गलौज की और मारपीट शुरू कर दी।

उवैस को सिर में काफी खुले घाव और अन्य जगह बंद चोटें आई हैं। हमलावरों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

# डीएम ने ली आधार कार्ड के सम्बन्ध में बैठक

- जीरो से पांच वर्ष के बच्चों के आधार कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनाए जाने के दिए निर्देश




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को आधार कार्ड के सम्बन्ध में बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में डीएम ने जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चों के आधार कार्ड प्राथमिकता के आधार पर बनाए जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए गए। बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों का आधार कार्ड बनाने का कार्य धीमी गति से चल रहा है, जिससे लोगों को समस्या हो रही है, जिससे अति शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डीएम ने निर्देश दिए कि जिन बच्चों के नए आधार कार्ड बनाए जाएं तो बिना जन्म प्रमाण पत्र के न बनाएं। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि बैंकों में जाकर यह अवश्य देख लें कि आधार कार्ड बन रहे हैं या नहीं।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजया चौधरी, लीड बैंक मैनेजर के अरोड़ा, बीएसएनएल व पोस्ट ऑफिस के अधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खबर छपते ही दर्ज हुई रिपोर्ट, तीन दिन से भटक रहा था पीआरडी का जवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होने के बाद आखिर पुलिस ने पीआरडी जवान के पुत्र की रिपोर्ट दर्ज कर ही ली। बेचारा पिछले तीन दिनों से रिपोर्ट दर्ज कराने को थाने के चक्कर काट रहा था। क्षेत्र के गांव मिलक पिछौड़ा के रहने वाले दलित पीआरडी जवान प्यारे लाल के पुत्र संजीव कुमार के साथ गांव के दबंगों ने गुजरी 18 जुलाई को उस समय घर में घुसकर जानलेवा हमला कर दिया था, जब वह अपने घर के नल से पानी भर रहा था, पानी की छींटे घर के बाहर बैठे दबंगों के ऊपर पढ़ गई थीं। घटना की तहरीर लेकर संजीव कुमार के पीआरडी जवान पिता प्यारे लाल पिछले कई दिनों से रिपोर्ट दर्ज कराए जाने को थाने के साथ ही सीओ के कार्यालयों के चक्कर काट रहा था। पीआरडी जवान के इस मामले को समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसपर बीती शाम पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज कर ली। पीआरडी के जवान ने इसके लिए समाचार पत्रों का आभार जताया है।

## मंदबुद्धि किशोर से कुकर्म करने वाले साठ वर्षीय वृद्ध को पुलिस ने भेजा जेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक वृद्ध ने एक गूंगे और मंदबुद्धि किशोर के साथ कुकर्म किया। आरोपी को ग्रामीणों ने मौके पर ही पकड़ लिया, और पुलिस के हवाले कर दिया। घटना बीते मंगलवार की लगभग सुबह 8:00 बजे की है। आरोप है कि गांव में ही रहने वाले वृद्ध बाबूराम पुत्र प्यारेलाल ने गांव के ही मूकबधिर एवं मंदबुद्धि किशोर को अपनी हवस का शिकार बनाने के लिए रास्ते में पकड़ लिया, और अपने मकान पर ले जाकर उसके साथ कुकर्म किया। पुलिस ने किशोर के परिजनों की तहरीर पर मुक. दमा दर्ज कर किशोर को मेडिकल के लिए भेजा था, जबकि आरोपी को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि आरोपी पीड़ित किशोर के भाई की हत्या के आरोप में बारह साल पहले जेल भी जा चुका है।

## दहेज में अल्टो कार न देने पर विवाहिता को ससुरालियों ने पीटकर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** दहेज में अल्टो कार न देने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़िता अलका पुत्री मोहनस्वरूप निवासी नजरगंज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी प्रमोद कुमार पुत्र रोशन लाल निवासी ग्राम मोहनपुर थाना देवरनियां जिला बरेली के साथ हुई थी। शादी में उसके पिता ने अपनी हैसियत से अधिक दान दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले इससे संतुष्ट नहीं थे।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि ससुराल वाले उससे अल्टो कार की मांग कर रहे थे, और नहीं देने पर उसके साथ मारपीट करते थे। 3 जून 2025 को ससुराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया, और कहा कि जब तक अल्टो कार नहीं लाएगी, तब तक घर में नहीं घुसने देंगे। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति प्रमोद कुमार, ससुर रोशन लाल, सास हरप्यारी, जेठ प्रदीप, जिठानी पूनम और अन्य ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, और आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

# मस्जिद में सपा की बैठक पर भड़के बरेलवी मौलाना



मस्जिद के इमाम रामपुर के सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी हैं। तस्वीर में मौलाना नदवी मस्जिद के बीचोंबीच सहन में बैठे हुए हैं। वह समा. जवादी पार्टी के पदाधिकारियों संग बैठक कर रहे हैं। तस्वीर में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, आजमगढ़ से संसद धर्मेंद्र यादव, संभल के संसद जियाउर्रहमान बर्क और दो महिलाएं भी बैठी देखी जा सकती हैं। मस्जिद में सपा की बैठक करना निहायत ही खतरनाक बात है। ये मस्जिद की पाकीजगी (पवित्रता) और गरिमा के खिलाफ है। मस्जिद में राजनीतिक बातें, राजनीतिक दलों की बैठकें और राजनी. तिक भाषण मुस्लिम कौम बर्दाश्त नहीं कर सकती।

- कहा- इमाम मोहिबुल्लाह नदवी ने किया पाप, कौम से मांगें माफी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** नई दिल्ली में संसद मार्ग स्थित मस्जिद में सपा नेताओं की बैठक होने पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि खुदा की इबादत करने की जगह मस्जिद है, न कि सियायत के लिए। मस्जिद का इस्लाम में महत्वपूर्ण स्थान है। मुसलमान पांच वक्त की नमाज मस्जिद में ही पढ़ने के लिए जाता है। जब वह मस्जिद पहुंचता है तो दुनियादारी को छोड़कर खुदा की इबादत में मसरूफ (व्यस्त) हो जाता है। फिर वहां पर उसको दुनिया की राजनीतिक बातों का कोई महत्व नहीं रह जाता और न ही उसको इसका अधिकार इस्लाम ने दिया है।

मौलाना ने मीडिया को एक तस्वीर दिखाते हुए कहा कि नई दिल्ली में संसद मार्ग स्थित



शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि मोहिबुल्लाह नदवी ने समाजवादी पार्टी के नेताओं के साथ मस्जिद में बैठक कर बहुत बड़ा पाप किया है। शरीयत की नजर में ये मुजा. रम हैं। मौलाना ने मस्जिद कमेटी से अपील करते हुए कहा कि मोहिबुल्लाह नदवी को मस्जिद कि इमामत से हटाया जाए। नदवी इस जुर्म पर मुस्लिम कौम से माफी मांगें। वरना बड़े स्तर पर नदवी के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा। मौलाना ने कहा कि नदवी को यह भी स्पष्ट करना होगा कि भविष्य में समाजवादी पार्टी की बैठक मस्जिद में नहीं करेंगे।

# महिला कल्याण योजनाओं की हुई समीक्षा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बुधवार को सीडीओ देवयानी की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की त्रैमासिक समीक्षा बैठक उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित की गयी। उक्त बैठक में अच्छे लाल यादव संयुक्त निदेशक अभियोजन, डा. राकेश कुमार अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डा. अजीत कुमार जिला विद्यालय निरीक्षक, मो. निका राणा जिला प्रोबेशन अधिकारी, आरके शर्मा श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रदीप गंगवार सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, दिनेश चन्द्र अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, डा. डीएन शर्मा सदस्य किशोर न्याय बोर्ड, दुरक्शा बानो उपनि. रीक्षक एसजेपीयू, सौरभ सिंह संरक्षण अधिकारी एवं महिला कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम मोनिका राणा जिला प्रोब. ेशन अधिकारी द्वारा महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में लम्बित आवे. दनों के विषय में जानकारी दी गयी। जिसपर सीडीओ देवयानी द्वारा निर्देशित किया गया कि उक्त योजना शासन की प्राथमिकताओं में होने के साथ ही मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित है। जिसकी निरन्तर समीक्षा डीएम एवं शासन स्तर से की जाती है। उक्त के क्रम में योजनान्तर्गत अधिक से अधिक आवे. दनों को भरवाकर योजना के अन्तर्गत उनकी श्रेणी के अनुसार लाभान्वित कराया जाये। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड/सामान्य) के लम्बित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत संचालित प्रवर्तकता कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से दिव्यांग बच्चों की सूची प्राप्त कर पात्रता के अनुसार लाभान्वित कराये जाने के निर्देश दिये गये। पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के अन्तर्गत लम्बित आवेदनों के शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित तहसील, ब्लॉक से समन्वय स्थापित करते पत्राचार करना सुनिश्चित करें। वन स्टाप सेंटर बरेली के कार्यों की समीक्षा की गयी। केन्द्र पर आने वाली पीड़ितों की समस्याओं का समाधान करते हुए कार्य करने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त राजकीय दत्तक ग्रहण इकाई में आवासित बच्चों के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) बरेली एवं राजकीय महिला शरणालय सम्बद्ध मानसिक रूप से अविकसित महिलाओं का प्रकोष्ठ बरेली में निरूद्ध संवासियों के सम्बन्धी समीक्षा की गयी, एवं संस्था में निरूद्ध संवासियों के प्रकरणों में त्वरित कार्यवाही कर उनको उनके परिवार में पुनर्वासित कराये जाने की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड बरेली के लम्बित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। हब फॉर इम्पावरमेन्ट ऑफ वूमेन योजना के कार्मिकों को निर्देशित किया गया कि जनपद की समस्य तहसीलों एवं विकास खण्डों में विभाग द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं को प्रचार-प्रसार, आम जनमानस तक योजनाओ का लाभ पहुंचाये जाने हेतु रोस्टर बनाकर कार्यक्रम आयोजित करना सुनिश्चित करें

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# डीएम की अध्यक्षता में हुई पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की बैठक

## योजना के अंतर्गत जनपद में अबतक 1346 संयंत्र किए गए स्थापित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में परियोजना अधिकारी यूपीनेडा सूर्य प्रकाश ने बताया कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत निजी आवासों पर 01 किलोवाट से 10 किलोवाट तक के सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना का प्रावधान है, जिस पर अधिकतम एक लाख 08 हजार रूपये तक की सब्सिडी केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा दी जाती है। इस योजना में घरों की छत पर सोलर पैनल लगवाने से लाभार्थियों को उनके विद्युत बिलों में भारी राहत मिलती है। उन्होंने बताया कि जनपद में अभी तक 1346 संयंत्रों की स्थापना करायी जा चुकी है।

जिलाधिकारी ने परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा को निर्देशित किया कि समस्त वेण्डर से उनके बैंक स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों की सूची तथा ऐसे आवेदकों की सूची, जिन्होंने वेण्डर को चयनित कर लिया है, को प्राप्त करते हुए तत्काल प्रस्तुत करें।

बैठक में उपस्थित बेसिक शिक्षा अधिकारी को 2000 एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को 500 का लक्ष्य निर्धारित करते हुए शीघ्र ही समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की एक कार्यशाला आयोजित कर उनको योजना के लाभों से अवगत कराते हुए अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगवाने हेतु प्रेरित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के समस्त कोटेदारों एवं कर्मचारियों के घरों पर अनिवार्य रूप से सोलर पैनल लगवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि जनपद के समस्त विकास खण्डों में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के घरों पर लक्ष्य के सापेक्ष सोलर पैनल लगवाना सुनिश्चित करें।

जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालि.का/नगर पंचायत को योजना का प्रचार प्रसार करते हुए अनिवार्य रूप से जनपद के समस्त ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी एवं अन्य शेष पंचायत सहायकों/सफाई कर्मचारियों को लगवाने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत बैंक में लम्बित आवेदन पत्रों का तत्काल निस्तारण कराये जाने हेतु जिला अग्रणी प्रबन्धक को निर्देशित किया कि अपने स्तर पर समस्त बैंकों के जिला समन्वयकों के साथ बैठक कर लम्बित आवेदन पत्रों का निस्तारण करायें। बैठक में उपस्थित वेण्डर्स को योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु सार्वजनिक स्थानों, विभिन्न तहस.ीलों, ब्लाकों एवं सरकारी कार्यालयों में कैम्प का आयोजन किये जाने हेतु निर्देशित किया।

साथ ही उन्होंने कहा कि समस्त वेण्डर्स तत्काल अपनी-अपनी फर्म के बैंक स्तर पर लम्बित आवेदन पत्रों



की अद्यतन सूची, लम्बित नेटमीटर की सूची एवं ऐसे आवेदकों की सूची जिन्होंने आपको वेण्डर के रूप में चयनित किया है, परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे जिला अग्रणी प्रबन्धक एवं बैंक समन्वयकों के साथ बैठक कर ऋण स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही शीघ्र करायी जा सके। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थापित संयंत्रों पर नेटमीटर की कार्यवाही त्वरित गति से करायी जाये एवं नेटमीटर उपरान्त सब्सिडी हेतु कमिशनिंग रिर्पोट तत्काल पोर्टल पर अपलोड की जाये।

यदि किसी उपभोक्ता के नाम इत्यादि में संशोधन अथवा ट्रांस्फर का आवेदन प्राप्त होता है तो उस पर तत्काल कार्यवाही की जाये। समय-समय पर जनपद की समस्त विद्युत उपखण्ड कार्यालयों में उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण हेतु कैम्प के आयोजन किये जायें।

परियोजना अधिकारी ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा सोलर पैनल लगवाने के लिए लाभार्थी को बैंकों के माध्यम से मात्र 07 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर ऋण भी उपलब्ध कराया जाता है। जो भी लाभार्थी इस योजना का लाभ लेना चाहता है, वह नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित पोर्टल चउेनतलंहींत.हवअ.पद पर निःशुल्क आनलाइन आवेदन कर सकता है। योजना के लिए आवश्यक दस्तावेज आवेदक का आधार कार्ड, बिजली का बिल, बैंक पासबुक एवं मोबाइल नं. हैं।

## पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** पुलिस द्वारा एक नफर वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा. न्यायालय रामपुर भेजा गया पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध व अपराधियो के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण मे तथा क्षेत्राधिकारी मिलक के कुशल पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व मे कोतवाली मिलक पुलिस द्वारा आज एक नफर वारण्टी अभियुक्त दिनेश पुत्र बनवारी निवासी ग्राम करीमगंज थाना मिलक जनपद रामपुर सम्बन्धित वाद संख्या 1125/22 मु.अ.सं. 193/22 धारा 147/323/504/506 भादवि बनाम जलधारा आदि माननीय न्यायालय सी.जे.एस.डी. द्वितीय सी.जे.एम. रामपुर नियत दिनांक 20.08.2025 सम्बन्धित न्यायालय रामपुर भेजा जा रहा है।

# डीएम और एसपी ने टीकाकरण वाहन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

## खुरपका मुंहपका बीमारी के टीकाकरण का हुआ शुभारम्भ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय रोग नियंत्रण अभियान के अन्तर्गत खुरपका मुंहपका बीमारी के टीकाकरण का शुभारम्भ जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने कलेक्ट्रेट परिसर से टीकाकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया।

मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा. वेद प्रकाश ने बताया कि जनपद को 459700 खुराक खुरपका मुंहपका का टीका प्राप्त हुआ है, जो कि जनपद के सभी गौवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं में लगाया जाएगा।

उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा. रामलखन ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में 106122 गौवंशीय तथा 353580 महिषवंशीय पशु है।



टीकाकरण हेतु ब्लॉक स्तर पर टीम का गठन कर दिया गया है, जो पशु मालिक के द्वार पर जाकर निःशुल्क टीकाकरण करेगी। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने रामपुर के सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं का टीकाकरण एवं टैग अवश्य लगवायें तथा अपने पशुओं को इस संक्रामक बीमारी से बचाएं।

## सैफनीः नए थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने संभाला चार्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाने के थाना प्रभारी हम्वीर सिंह जादौन का बुधवार को हुआ तबादला नए थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने देर शाम संभाला चार्ज चार्ज संभालते ही लोगों ने मुलाकात कर हार्दिक शुभकामनाएं भी प्रेषित की।

वहीं दूसरी ओर नए थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा का जन्म दिन होने व नए थाने का चार्ज संभालने के उपलक्ष्य में लोगों फोन पर व मुलाक.ात दी लख लख बधाईयां मिली। जानकारी अनुसार थाना प्रभारी हम्वीर सिंह जादौन लगभग 10 12 दिनों से छुट्टी पर गए हुए थे बुधवार को उन्हें वापस थाना आना था तभी अचानक



थाना प्रभारी का तबादला हो गया। वहीं नए थाना प्रभारी अजय कुमार मिश्रा को सैफनी थाने की कमान सौंप दी। प्रभारी अजय कुमार मिश्रा को काफी ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ,व्यावहारिक बताया जा रहा है।

# क्षतिग्रस्त चौहद्दा सीतारामपुर संपर्क मार्ग को कार सेवा से किया दुरुस्त

■ फिर निर्माण विभाग के खिलाफ किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौहद्दा में ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त मार्ग को समतल कर निर्माण विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया आरोप लगाया कि मार्ग कई वर्षों से क्षतिग्रस्त है और स्कूली बच्चों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चौहद्दा में सिख समाज के लोगों ने बुधवार को क्षतिग्रस्त मार्ग का समतलीकरण किया और उसे दुरुस्त किया। बीते कई वर्षों से यह मार्ग क्षतिग्रस्त था स्थानीय निवासियों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था साथ ही बारिश के इस मौसम में



मार्ग का जगह-जगह का कटान हो गया था जिससे स्कूली वाहन चालकों को भी वाहन लाने ले जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। सीतारामपुर चौहद्दा संपर्क मार्ग बदहाल होने से लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई थी। लेकिन लोक निर्माण विभाग ने इस मार्ग को दुरुस्त करने के लिए कोई पहल नहीं की जिससे ग्रामीणों में निर्माण विभाग के खिलाफ आक्रोश बढ़ रहा था बुधवार को तमाम ग्रामीणों ने मार्ग के गड्ढों को समतल कर दुरुस्त किया और निर्माण विभाग के खिलाफ प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्रदर्शन करने वालों में चीनू परमार, रघुवीर सिंह, बलविंदर सिंह, साबी सिंह पम्मी, अशोक कुमार, रिंकू सिंह, जयवीर सिंह, सचिन कुमार, भंडारी लाल, आदि शामिल रहे।

## चन्द्रशेखर आजाद की जयंती पर प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके बलिदान को किया याद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर के कुछ छात्रों ने बुधवार को चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्लोक शर्मा ने बताया कि चंद्रशेखर आजाद के बलिदान को याद किया।

इस दौरान कहा कि उनके द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के लिए भी युवा उन्हें याद करते है उन्होंने कहा था आजादी खून मांगती है और हम खून देंगे जिसमें उपस्थित वाशु जोशी, आदित्य जोशी, अनस, अगम कुमार,कल्पित गुप्ता, विख्यात कुमार सहित अन्य छात्र शामिल रहे।

# सावन की शिवरात्रि, भक्तों ने जलाभिषेक कर चढ़ाई कांवड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** सावन माह की शिवरात्रि बुधवार को थी। जिसमें भक्तों की बहुत श्रद्धा भावना उमड़ती है और भक्त अपने प्रिय शिव के लिए हरिद्वार से पैदल कावड़ और डाक कावड़ लाकर भोले को जल चढ़ाते है। सावन माह की शिवरात्रि यह पर्व भगवान शिव को समर्पित है। यह दिन भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का प्रतीक है।

इसी वजह से यह दिन शिव भक्तों के लिए बहुत ज्यादा खास है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से जीवन में खुशहाली आती है।जिस दिन महादेव ने विष पिया और देवी-देवताओं ने उनका अभिषेक किया, उस दिन सावन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि थी। इसी वजह से इस दिन को सावन शिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है और भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। सावन शिवरात्रि के दिन अविवाहित कन्याएं भगवान शिव जैसे आदर्श पति की कामना करते हुए व्रत रखती हैं।

इसी पवन अवसर पर शाहबाद लक्खीबाग में स्थित शिव मंदिर पर भक्तों ने लाभी लाइन में भक्तों बम



भोले के जयकारे लगाकर मंदिर में जल अभिषेक किया और प्रतिवर्ष यहां पर मैला भी लगता है। पैदल कावड़ भक्तों द्वारा बताया गया कि भगवान शिव के प्रति भक्तों की गहरी श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। यह यात्रा सावन के महीने में की जाती है, और भक्त पवित्र नदियों से जल भरकर लाते हैं और भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं।

पैदल चलने का उद्देश्य भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति और समर्पण को प्रदर्शित करना है, और इस यात्रा के दौरान भक्त कठोर तपस्या करते हैं।

डाक कावड़ भक्तों द्वारा बताया गया कि इस डाक कांवड़ यात्रा में कांवड़िए बिना रुके पूरी श्रद्धा के साथ यात्रा करते हैं, ताकि तय समय पर शिवरात्रि के दिन शिवलिंग पर जल चढ़ाया जा सके। इस यात्रा में कांवड़िए कांवड़ में जल भरने के बाद विश्राम नहीं करते हैं बल्कि लगातार चलते रहते हैं। इसी भक्तों ने लक्खीबाग स्थित शिव मंदिर पर क्षेत्र हजारों भक्तों ने मंदिर पर जल अभिषेक किया। इस अवसर पुलिस प्रशासन तैनात रहा।

## अमरसिंह गौरक्षा प्रमुख प्रखंड शाहबाद ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर कराया जलपान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खघ्रसौल बस स्टैंड पर बुधवार को श्रावण मास की शिव तेरस पर्व पर अमर सिंह गौरक्षा प्रमुख प्रखंड शाहाबाद ने अपनी टीम के साथ मिलकर आने वाले कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर जलपान भी कराया। जिसमें उपस्थित एस एस आई शर्मेंदर, एस आई शिवनाथ, एस आई राहुल गंगवार , सुशील प्रजापति, लकी चंद्रवंशी, नरेंद्र ठाकुर, दंगल सिंह, टिंकू यादव, सत्यम ठाकुर, अजयपाल प्रजापति, अर्जुन यादव, जागन सिंह प्रजापति, राजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# चोरी के सामान सहित चार चोरों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने मोगल पैर की सूचना पर बीते दिनों कोतवाली क्षेत्र के गांव बरखेड़ा के रहने वाले महेंद्र सिंह की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ दर्ज मुकदमा दर्ज किया था तथा चोरों की तलाश में पुलिस ने जाल बिछाना शुरू कर दिया था।पुलिस के मुताबिक मंगलवार को मुखबिर खास की सूचना पर कोतवाल पंकज पंत व हल्का दरोगा अंशुल कुमार, अपने सहयोगी कांस्टेबल संजीव कुमार, देवराज सिंह, नफासत अली, पिंटू सिंह व रोि.हत कुमार के साथ जयतोली रोड चन्द्र खड़ताल मन्दिर वाले रास्ते के बराबर में बाग में बनी कोठरी के पास पहुंचे और कोठरी की घेराबंदी कर उसमें मौजूद चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा थाने लेकर आ गए पकड़े



गए आरोपियों से पूछताछ की और तलाशी ली तब गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों में सबसे पहले ने अपना नाम शिवांग उर्फ नन्हें पुत्र जगतपाल शर्मा निवासी ग्राम अहलादपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 22 वर्ष बताया, जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व 03 अदद कार. 315 जिन्दा, व दूसरे ने अपना नाम वारिश पुत्र ताहिर पठान निवासी ग्राम मित्तरपुर थाना शाहबाद जनपद रामपुर उम्र करीब 28 वर्ष बताया जिसके कब्जे से एक अदद तमन्चा (पौनिया) 12 बोर व 02 कार0 जिन्दा 12 बोर, व तीसरे ने अपना नाम अनस पुत्र तसलीम पठान निवासी ग्राम मित्तरपुर थाना शाहबाद जनपद रामपुर उम्र करीब 21 वर्ष बताया जिसके कब्जे से एक अदद तमन्चा 315 व 02 कार0 315 बोर जिन्दा, तथा चोथे ने अपना नाम परवेज पुत्र शब्बन पठान निवासी बड़ागांव थाना सैफनी जिला रामपुर उम्र करीब 30 वर्ष बताया जिसके कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व 03 अदद कार. 315 जिन्दा बरामद हुआ तथा चारों आरोपियों के कब्जे से एक हैण्ड बैग मस्टर्ड रंग जिसके पास नकद 10000 रुपये (पांच पांच सौ के 20 नोट) एक अदद मंगलसूत्र पीली धातु जिसमें काले मोतियों की चौन है, तथा लाकेट जिसपर हरे लाल मीना लगा है, दो लेडीज अंगूठी पीली धातु जिन पर हरा लाल मीना लगा है, तथा दो जोड़ी कुण्डल पीली धातु जिनमें एक जोड़ी पर हरा लाल मीना लगा है, तथा दो जोड़ी बाली पीली धातु जिन पर भी हरा लाल मीना लगा है, व दो अदद मोती पीली धातु जिन पर सफेद हरा मीना लगा है, व दो जोड़ी चौड़ी पाजेब सफेद धातु जिन पर हरे गुलाबी मीने लगे है, तथा दो जोड़ी पतली पाजेब सफेद धातु व चार खड़ुवे बच्चे के घुंघरु लगे सफेद धातु व चार सिक्के सफेद धातु जिन पर गणेश लक्ष्मी व ओम व कलश आदि खुदा है, तथा एक आधार कार्ड नं0 8105 5907 1966 महेन्द्र सिंह जन्मतिथि 01/01/1990 पता आत्मज नरेशपाल सिंह, बरखेड़ा, शाहबाद, रामपुर, उत्तर प्रदेश 244922 लिखा है बरामद हुआ।मामला बीते 10 जुलाई का है जब कोतवाली क्षेत्र के गांव पर बरखेड़ा के रहने वाले महेन्द्र सिंह पुत्र नरेशपाल सिंह थाना शाहबाद में अज्ञात चोरों द्वारा घर मे घुसकर महेंद्र व उसके भाई अनिल व मनोज के कमरों में बक्से व अलमारी में रखे सोने के कुण्डल, अंगूठी व चाँदी के पायल आदि आभूषण व 22 हजार रू. चोरी कर ले जाने के संबंध में तहरीर दी थी। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों पर पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया।

# स्वास्थ्य कैंप में एचआईवी और टीबी के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** बुधवार को कैंप लगाकर ग्रामीणों को एचआईवी और टीबी की जानकारी देकर किया जागरूक। ग्राम किशनपुर में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कैंप लगाकर एचआईवी और टीबी के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। और हफ्ते में ज्यादा खांसी वाले मरीजों के टीवी का सैंपल लिया गया।

इस दौरान एचआईवी काउंसलर जितेंद्र प्रसाद ने बताया कि एचआईवी संक्रमण के शुरुआती लक्षणों में बुखार, थकान, और सूजी हुई लिम्फ नोड्स शामिल हैं। ये लक्षण संक्रमण के 2 से 4 हफ्तों के अंदर दिखाई दे सकते हैं। हालांकि, कई लोगों में पहली बार एचआईवी से संक्रमित




होने पर कोई लक्षण नहीं दिखते और सक्रिय टीबी रोग के सामान्य लक्षणों में खांसी, छाती में दर्द, तथा खून या बलगम (कफ) के साथ खांसी आना शामिल है। निष्क्रिय टीबी से पीड़ित लोगों,जिन्हें सुप्त टीबी संक्रमण भी कहा जाता है, में टीबी रोग के लक्षण नहीं होते हैं और वे दूसरों में टीबी नहीं फैला सकते हैं।सैंपल जांच हेतु साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद भेज दिए गए। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी पूजा रानी , काउंसलर जितेंद्र प्रसाद, सैंपल ट्रांसपोर्टर महिपाल मौजूद रहे।

## सैफनी नगर में 6 दिन पूर्व हुई बाईक चोरी पुलिस की गिरफ्तार से दूर चोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी /रामपुर।** नगर में 17 जुलाई को बाईक चोरी होने की थाने में तहरीर दी थी लेकिन पुलिस छः दिनों में भी चोरी हुई बाईक का कोई पता नहीं लगा सकी। प्रार्थी ने बताया कि में नगर के मोहल्ला गुलाबनगर निवासी नरवेज पुत्र खुर्शीद कपड़े की फेरी करके अपने बच्चों का पालन पोषण करता है। 17 जुलाई की सुबह लगभग 11 बजे करीब अपनी बाईक स्प्लेंडर प्लस यू पी 22 पी 3197 से अपने मोहल्ले में ही अंजुम पत्नी अकरम के घर पर समूह के लोन की किस्त जमा करने गया था। प्रार्थी ने बाईक घर के बाहर दरवाजे पर खड़ी की थी तभी प्रार्थी द्वारा उक्त अंजुम के घर पर किस्त देते समय बाहर से बाईक के स्टार्ट होने की आवाज सुनाई दी। जिस पर प्रार्थी तुरंत घर के बाहर दरवाजे पर आया तो एक अज्ञात चोर बाईक को तेज रफ्तार के साथ मस्जिद बाली गली में होकर जाता हुआ दिखाई दिया। जोकि सी सी टी वी फुटेज मे भी आया है जिसमें छः दिन बीत जाने पर भी पुलिस ने न ही कोई कार्यवाही की और न ही कोई मुकदमा दर्ज किया है। जबकि उपरोक्त प्रार्थी ने बताया कि बाईक मेरे साले सलीम पुत्र मियांजान निवासी मोहल्ला गुलाबनगर के नाम है नगर में बाईकों के चोरी होने का सिलसिला नहीं थम रहा पुलिस मोन बैठी है।

# सावन की शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने शिव मंदिरों में किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** सावन की शिवरात्रि पर तमाम लोगों और कांवड़ियों ने बुधवार को शिव मंदिरों में पहुंचकर जलाभिषेक किया और मनौतियां मांगी।

बुधवार को सावन की शिवरात्रि के मौके पर हरिद्वार और बृजघाट से गंगा.जल लेकर पहुंचे तमाम कांवड़ियों ने धूमधाम के साथ शिव मंदिरों पर जलाभिषेक किया। शिवरात्रि को लेकर नगर समेत आसपास के गांव में शिव मंदिरों को सजाया गया था डीजे की धुन पर नाचते गाते कांवड़ियों ने शिव मंदिरों पर जिला अभिषेक किया और मनौतिया मांगी दिनभर शिव





मंदिर ऊपर पूजा अर्चना का दौरा चला रहा क्षेत्र के प्रमुख मार्ग पर कांवरियों के आने का सिलसिला जारी रहा वहीं पुलिस भी कांवड़ियों की सुरक्षा में तैनात रही।

नगर के मोहल्ला चाउपुरा बिजारखाता रहमतगंज मंसूरपुर खुशहालपुर कुंदनपुर मोतीपुरा भूबरा सीतारामपुर हसनपुर उत्तरी मिलकनौखरीद शिकारपुर किशनपुर आदि गांव के शिव मंदिरों पर जलाभिषेक किया गया।

## श्मशान घाट पर अस्थियों से छेड़छाड़ पुलिस से कार्रवाई की लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** पट्टी कला श्मशान घाट पर अस्थियों से छेड़छाड़ करने के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ नामजद तहरीर सौंपी है और कार्रवाई की मांग की है।

नगर के एक व्यक्ति की दो दिन पूर्व मृत्यु हो गई थी उनका दाह संस्कार पट्टी कला के कोसी नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया था। उसी दिन मोतीपुरा के भी एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी उसका भी दाह संस्कार इसी घाट पर किया गया था। बताया जाता है कि बुधवार को तीसरे दिन मृतक के परिजन पट्टी कला के श्मशान घाट पर अस्थियां विसर्जन के लिए बीनने गए थे।

इसी दौरान नगर के मोहल्ला भूबरा का एक व्यक्ति अस्थियों से छेड़छाड़ कर रहा था। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसे घेर लिया और अस्थियों से छेड़छाड़ करने का कारण पूछा लेकिन वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका कुछ लोगों ने अस्थियों से छेड़छाड़ के दौरान उसकी वीडियो भी बना ली।

इसी दौरान नगर के एक सभासद पति ने लोगों पर दबाव बनाकर उसे छुड़वा दिया अब एक मृतक परिवार के परिजन बुधवार की शाम पुलिस चौकी पहुंचे और नामजद तहरीर सौंपकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। बताते हैं कि अस्थियों से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी की पत्नी तांत्रिक क्रिया में लिप्त रहती है और उसी के इशारे पर आस्थीयों को वह उठाकर ला रहा था।

पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# भक्तों ने शिवरात्रि पर किया जलाभिषेक

**आस्था**

## भोले के जयकारों से गूंज उठे शिव मंदिर, भक्ति की घुली सुगंध

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** बम-बम भोले की गूंज के साथ बुधवार को सावन माह की शिवरात्रि के अवसर पर कांवड़ियों ने शिवालयों में जलाभिषेक किया और मनोकामनाएं मांगी। सर्वाधिक भीड़ ब्लॉक क्षेत्र के चाकेश्वर शिव मंदिर में रही। यहां पर कांवड़ियों के साथ साथ स्थानीय शिवभक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। वहीं पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। बुधवार को चाकेश्वर मंदिर सहित अन्य मंदिरों में भोर से ही भोले के नाम की गूंज सुनाई देने लगी थी। किसी ने भगवान शिव के दरबार में मनोक. ामना मांगी तो किसी ने श्रद्धालुओं ने नंदी बैल के कान में मन की बात कही। महिला, पुरूषों के साथ साथ बच्चों की भी पंक्तियां लगीं रहीं। चाकेश्वर धाम के साथ साथ ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में स्थित शिवालयों में भगवान शिव की पूजा अर्चना के लिये भक्तों की भीड़ उमड़ी। सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने मंदिरों का भ्रमण करके सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। चौकियों व पिकेट पर भी पुलिस मुस्तैद रही।

### हिन्दू धर्म में सावन की शिवरात्रि का विशेष महत्व

हिंदू धर्म में सावन शिवरात्रि का महत्व है, इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने का महत्व है। सावन शिवरात्रि पर शिवलिंग का जल अभिषेक करने और दूध, बेलपत्र, भांग, धतूरा, शहद आदि चदाने से व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और कष्टों से मुक्ति मिलती है। भगवान शिव अपने भक्तों के कष्ट दूर करते हैं।



## विधायक ने किया जलाभिषेक



**शाह टाइम्स संवाददाता, मण्डी धनौरा/ गजरौला।** मण्डी धनौरा के विधायक राजीव तरारा ने मण्डी धनौरा स्थित पत्थर कुटी एवं गजरौला ब्लॉक के गांव चाकीखेड़ा में स्थित चाकेश्वर शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। विधायक ने कहा कि सावन माह भगवान शिव की भक्ति के लिये बहुत ही पवित्र माह माना जाता है। इस महीने में कांवड़िए हरिद्वार व ब्रजघाट से गंगा जल लेकर लौट रहे हैं, उत्तर प्रदेश सरकार कांवड़ियों की सुरक्षा के लिये पूरी तरह से तत्पर है। इस मौके पर सचिन त्यागी, निहार त्यागी, सुशील सिद्धू, सतवीर सिंह आदि मौजूद रहे।



अमरोहा। वासुदेव तीर्थ स्थित शिवलिंग पर जलाभिषेक करते भक्त।

# शिवालयों में गूंजे बम भोले के जयकारे

## शिवरात्रि पर भक्तों ने पूरी श्रद्धा से किया जलाभिषेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** शिवरात्रि पर भक्तों ने पूरी श्रद्धा व उत्साह के साथ शिवालयों में जलभिषेक किया। बम भोले के जयकारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। नगर के प्रसिद्ध श्रीवासुदेव तीर्थ पर भक्तों की भीड़ लगी रही।

बुधवार को सावन की शिवरात्रि का पर्व था। जिसे लेकर कांवड़ियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। वह बीती सांय ही कांवर लेकर अपनी मंजिल पर पहुंच गये थे। सुबह होते ही कांवड़ियों ने बम भोले के जयकारों के साथ शिवालयों में जल चढ़ाया। दूर तक बम भोले की जयकारों की गूंज सुनाई दे रही थी। हर कोई भगवान शंकर व मां पार्वती के चरणों में शीश झुकाने को उत्सुक नजर आ रहा था। सावन की शिवरात्रि को लेकर भक्तों में अपार श्रद्धा है। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से इस दिन भगवान शंकर का उपवास करता है तथा जलभिषेक करता है उस पर भोलेबाबा अपनी पूरी कृपा दिखाते है। यहीं कारण है कि बड़ी संख्या में इस दिन मंदिरों में भक्तों द्वारा जल चढ़ाया जाता है। उधर कांवड़ियों के अलावा आम भक्तों की भीड़ भी सुबह के समय जल चढ़ाने के लिये मंदिरों में पहुंच गई थी।

### मंदिरों में सारा दिन होते रहे भजन कीर्तन

इसके अलावा महिलाओं द्वारा सारा दिन मंदिरों में भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। हर कोई भोले बाबा व माता पार्वती को मनाने में लगा था। भक्तों ने शिवालयों में गंगाजल के अलावा धतूरा, चावल आदि से भी जलाभिषेक किया। शिवारात्रि को लेकर सभी के मन में उत्साह दिखाई दे रहा था। सुबह उठने के बाद भक्तों ने स्नान किया तथा वह जल लेकर शिवालयों की तरफ चल दिये।

# जलाभिषेक को मन्दिरों में उमड़ी भीड़

## बम भोले के जयघोष से गूंजे शिवालय

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** सावन माह की महाशिवरात्रि पर शिवालियों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शिवालयों के बाहर शिव भक्तों की कतार लगी रही। शिवालयों में सुबह से ही बम बम भोले के जयघोष सुनाई दे रहे थे। शिव मंदिर में जल चढ़ाने के लिए काफी दूर तक लोगों की कतारें लगी रही। बुधवार सुबह से ही हसनपुर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर, शिव मंदिर फूलपुर, पातालेश्वर महादेव शिव मंदिर आदमपुर, शिव मंदिर बिजनौरा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शिव मंदिरों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने हरिद्वार बृजघाट से जल भरकर महादेव को अर्पित किया। श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान महाद. ेव को बेलपत्र, शमी पत्र, धतूरा पुष्प आदि अर्पित किये गये। मंदिरों के अलावा घर-घर में भगवान शिव शंकर का जलाभिषेक किया गया। गांव जयतोली के प्राचीन शिव मंदिर पर शिव भक्त कांवड़ियों द्वारा जलाभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं के द्वारा ओम नमः शिवाय, श्री शिवाय नमस्तुभ्यं, महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया गया। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर पालिका द्वारा नगर में साफ सफाई की विशेष व्यवस्था की गई। सुरक्षा की दृष्टि से शिवालयों के आसपास भारी पुलिस बल को तैनात किया गया था। कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों को कांवड़ियों की वेशभूषा में तैनात किया गया था।

# झगड़े में दम्पति को पीटकर किया घायल

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** झगड़े में दंपति को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए तहरीर दी है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव नौरंगी की है। यहां रहने वाले मजदूर मोनी का दस वर्षीय बेटा इंश मंगलवार को घर के बाहर अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी गांव का ही हब्बू सिंह वहां पहुंचा और बच्चों के बीच हुए झगड़े में इंश के साथ गाली-गलौज करने लगा। शोर सुनकर मोनी व उसकी पत्नी रचना ने मौके पर पहुंचकर गाली देने का विरोध किया। आरोप है कि हब्बू सिंह ने दोनों को मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो हब्बू सिंह जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने घटना की जांच कर कार्रवाई की बात कही।

# शिवरात्रि पर धनौरा में उमड़ा आस्था का सैलाब

## पत्थरकुटी शिव मन्दिर में गूंजे जयकारे, बारिश ने बनाया माहौल भोलेमय

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मंडी धनौरा।** श्रावण मास की शिवरात्रि पर मंडी धनौरा पूरी तरह से शिवभक्ति में डूबा नजर आया। नगर के ऐतिहासिक पत्थरकुटी शिव मंदिर से लेकर अन्य सभी शिवालयों तक भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के भोर से ही हाथों में जल, बेलपत्र, धतूरा, भांग और दूध लिए श्रद्धालु ष्बम-बम भोलेष के उद्घोष के साथ मंदिरों की ओर उमड़ पड़े। शिवभक्ति में रंगा यह दिन इस बार और भी खास बन गया जब सावन की बारिश ने मौसम को ठंडक और भक्ति से सराबोर कर दिया।

बारिश की बूंदों और भक्ति के उत्साह ने शिवभक्तों के जोश को कई गुना बढ़ा दिया। मंदिर परिसर में पांव रखने तक की जगह नहीं थी, श्रद्धालुओं की कतारें मुख्य द्वार से लेकर सड़कों तक फैल गईं। भीगते हुए भक्तों ने 'हर-हर महादेव' का जयघोष करते हुए शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। बारिश में भींगते बच्चे, महिलाएं और वृद्धजन भी पूरे उत्साह के साथ दर्शन के लिए डटे रहे। प्राचीन पत्थरकुटी शिव मंदिर, जो नगर की आस्था का केंद्र है, वहां श्रद्धालुओं की अपार भीड़ देखी गई। मंदिर को आकर्षक फूलों, झालरों और रोशनी से सजाया गया था। चारों ओर मंत्रोच्चार, घंटियों की गूंज और भजन-कीर्तन की मधुर स्वर लहरियां माहौल को पूर्णतः आध्यात्मिक बना रही थीं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने भी कमर कस ली थी। थानाध्यक्ष मनोज कुमार स्वयं मंदिर परिसर में पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। जगह-जगह पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था, ताकि दर्शन व्यवस्था में कोई अव्यवस्था न हो। महिला सुरक्षा को लेकर विशेष ध्यान दिया गया था। मंदिर के अंदर और बाहर महिला पुलिसकर्मी तैनात की गईं जिन्होंने महिला श्रद्धालुओं को सहज और सुरक्षित माहौल प्रदान किया। केवल पत्थरकुटी ही नहीं, बल्कि नगर के शिवपुरी महादेव, नुक्कड़ शिव मंदिर शिवालय सहित तमाम शिव मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा। इस बार की सावन शिवरात्रि ने भक्ति, वर्षा और व्यवस्था तीनों के संगम से एक अद्वितीय दृश्य प्रस्तुत किया। बारिश की रिमझिम बूंदों ने माहौल को और शिवमय बना दिया। भक्तों के चेहरों पर दिखती आस्था, भावनाओं में डूबा नगर और शिवालयों की घंटियां सब मिलकर सावन की इस पावन रात को अविस्मरणीय बना गए।

# अवैध मांस के साथ पिता पुत्र गिरफ्तार

## श्रावण मांस में मीट पर लगी है रोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** पुलिस ने पिता-पुत्र को अवैध मांस तथा पशु के अवशेष के साथ गिरफ्तार किया है। पशु क्रूरता व संक्रमण से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है। दरअसल, श्रावण मास के चलते जिले में मीट की दुकानों के अलावा नॉनवेज होटल व रेस्टोरेंट बंद कराए गए हैं। वहीं, फैक्ट्रियों से होने वाली मीट की सप्लाई पर भी पूरी तरह रोक लगाई गई है। ऐसे में कुछ लोग मौके का फायदा भुना रहे हैं। अवैध तरीके से घरों में पशुओं का कटान कर मीट की बिक्री की जा रही है।

नगर कोतवाली में तैनात दारा. ेगा नरेश पाल राणा मंगलवार को सिपाही सूरज, नतिन व रविंद्र चौहान के साथ कांवड़ यात्रा की सुरक्षा को लेकर शहर की गश्त कर रहे थे। पुलिस टीम जब वासुदेव तीर्थ से सटकर गुजर रहे जटीवन मार्ग पर स्थित डीएफओ कार्यालय के करीब पहुंची तो उसी वक्त मुखबिर ने सूचना दी कि पास में ही एक खाली प्लॉट में दो लोग पशु का कटान कर रहे हैं। लिहाजा, निशानदेही पर पुलिस ने अकबरपुर पट्टी मार्ग पर करीब 100 मीटर दूर एक प्लॉट की घेरे. बंदी कर ली। सिपाहियों ने प्लॉट से दो लोगों को दबोच लिया। उनके कब्जे एक प्लास्टिक के कट्टे में 15 किलो मांस व पशु के अवशेष बरामद हुआ। कोतवाली लाकर पूछताछ करने पर आरोपी मोहल्ला घेर पछय्या निवासी शाहिद व दूसरा उसका बेटा दाऊद निकला। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि दोनों आरो. पियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है। पशु चिकित्सक नील कुमार को मौके पर बुलाकर मांस का परीक्षण कराया गया, जिसकी रिपोर्ट में मांस के कटरे के होने की पुष्टि की गई है।

# ट्रक चालक के घर से दो लाख की चोरी

## रिपोर्ट दर्ज कराने को दी तहरीर



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रहरा।** अज्ञात चोरों ने महिला को नशा सुंघाकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामान को चोरी कर लिया।

बीती रात रहरा थाना के गांव बांसका खुर्द में अज्ञात चोर शाहआलम पुत्र नूर मोहम्मद के घर में घुस गये। पेशे से ड्राइवर शाह आलम वारदात के समय मुरादाबाद गया हुआ था। घटना के समय घर के लोग मुरादाबाद गए हुए थे। घर पर उनकी पत्नी नसीमा और मां खुर्शैदी सो रही थीं। चोरों ने नसीमा को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। और फिर घर के बेड में रखे सोने के कुंडल, चांदी की पायल, दस्त बंद, हाथ फूल, कानों की बालियां, झुमकी और सोने की अंगूठी सहित हजारों का सामान लेकर फरार हो गये । सुबह जागने पर नसीमा ने घर का सामान बिखरा पड़ा देखा तो उनके होश उड़ गये। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। परिवार की ओर से थाने में तहरीर दे दी गई है। वही रहरा थाना क्षेत्र के ही मटीपुरा गांव में नरेंद्र पुत्र खूबचंद के घर में दो अज्ञात चोर दीवार फांदकर घुस आये। आहट सुनकर नरेंद्र और उनकी पत्नी सोमलता की नींद खुल गई। चोरों का विरोध करने पर दोनों पक्षों में हाथापाई भी हुई। सोमलता के शोर मचाने पर चोरों ने उनके हाथ में चोट मारकर उन्हें घायल कर दिया और फिर दीवार कूदकर भाग निकले। पुलिस दोनों घटनाओं की जांच कर रही है।

# दुकान से चोरी कर भाग रहे युवक को पकड़ा

## पिटाई कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** स्पेयर पार्ट्स की दुकान से रुपये चोरी कर भाग रहे युवक को लोगों ने पीछा कर रंगेहाथ पकड़ लिया। पहले उसकी जमकर पिटाई की तथा बाद में पुलिस के हवाले कर दिया।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव मानकजूड़ी निवासी भगवान दास की शहर में कैलसा मार्ग पर ट्रैक्टर स्पेयर पार्ट्स की दुकान है। मंगलवार सुबह रोजाना की तरह भगवान दास दुकान खोलने के बाद सामान तरतीब से लगा रहे थे। बताया जा रहा है कि उसी दौरान एक युवक उनकी दुकान पर पहुंचा तथा गल्ले से रखे रुपये निकाल कर भगाने लगा। चोरी कर युवक को भागते हुए देख भगवान दास ने शोर मचा दिया। लोगों ने पीछा कर युवक को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम शमीम उर्फ काला निवासी मोहल्ला रेता (गाजी नगर) बताया। तलाशी में उसकी जेब से चोरी के दो हजार रुपये बरामद हुए तथा एक चाकू भी मिला, इसके बाद भीड़ ने उसकी जमकर पिटाई की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, आरोपी शमीम उर्फ काला को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी शमीम उर्फ काला का चालान करने की बात कही।

# महिला को धक्का देकर फरार हुए चोर



## दिनदहाड़े चोरी के इरादे से घर में घुसे थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नौगांवा सादात।** दिनदहाड़े तीन चोर घर में घुस आये। जब महिला ने चोरी का विरोध किया तो चोर उसे धक्का देकर फरार हो गये। रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी गयी है।

थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर खालसा में किसान छोटे सिंह का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी बाला देवी के अलावा चार बेटे हैं। चारों बेटे सतीश कुमार, विपिन, परविंदर और सुमित पत्नी व बच्चों के साथ हरिद्वार में रहकर नौकरी करते हैं। मंगलवार सतीश पत्नी व बच्चों के साथ घर आया हुआ था।। शाम में करीब पांच बजे छोटे घसिंह किसी काम से घर से बाहर चले गए। उसी दौरान तीन बदमाश घर में दाखिल हो गए। इस दौरान परिवार के सभी दूसरी मंजिल पर थे। आहट होने पर छोटे सिंह की पत्नी बाला देवी जब नीचे आईं तो बदमाश कमरे में रखी अलमारी से सामान चोरी कर रहे थे। बाला देवी ने विरोध किया तो बदमाश उन्हें धक्का देकर फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। थोड़ी देर में छोटे सिंह भी घर पहुंच गए। मंजर देखकर उनके होश उड़ गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, जांच पड़ताल की। पीड़ित परिवार ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी है। वहीं, पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है।

# मन्दिर से दिनदहाड़े नकदी व शिवलिंग चोरी

## घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** दिनदहाड़े चोर मन्दिर से पीतल का कमंडल, शिवलिंग तथा दानपात्र में रखी दस हजार रूपये की नकदी चोरी कर लिये। पूरी घटना मन्दिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी।

घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शास्त्री नगर की है। यहां एक प्राचीन चामुंडा मंदिर बना है जो मोहल्ले के सैकड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। श्रद्धालू रोजाना यहां पूजा अर्चना करने के लिए आते हैं। श्रावण मास में इस मंदिर में भीड़ अधिक रहती है। माह के हर सोमवार को मंदिर परिसर में स्थापित शिवलिंग का जलाभिषेक भी होता है। घटना 21 जुलाई की शाम करीब साढ़े चार बजे की है। मंदिर में घुसा एक युवक पीतल का कमंडल, शिव. लिंग तथा दानपात्र में रखी 10 हजार रुपये की नकदी चोरी कर फरार हो गया। चोरी का ये पूरा घटनाक्रम मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। थोड़ी देर बाद जब पुजारी सिद्धबाबा मंदिर पहुंचे तो शिवलिंग व अन्य सामान गायब देख उनके होश उड़ गए। देखते ही देखते मौके पर भीड़ लग गई। तीसरे सोमवार से पहले शिव. लिंग की चोरी होने से रोष बन गया। सूचना पर पुलिस ने मौका-मुआयना किया। पुजारी सिद्धबाबा ने फुटेज के साथ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि फुटेज की जांच की जा रही है। पहचान करते हुए आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

## श्री धार्मिक रामलीला कमेटी की बैठक में बनी मंचन की रणनीति

# रामलीला में मंचन करेंगे टीवी कलाकार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** श्री धार्मिक आदर्श रामलीला कमेटी की बैठक मैं रामलीला मंचन की रूपरेखा तैयार कर रणनीति बनाई गई। मंगलवार देर शाम जगदीश शरण हिंदू इंटर कॉलेज के मैदान में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कमेटी अध्यक्ष मनोज टंडन और महामंत्री राकेश वर्मा ने रामलीला मंचन की रूपरेखा साझा करते हुए कमेटी का विस्तार किया।

कार्यक्रम की शुरुआत कमेटी कार्यालय में पंडित रामदेव नौटियाल द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्रीराम दरबार के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण के साथ हुई। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भगवान राम की मर्यादा और आदर्शों पर आधारित भव्य रामलीला का मंचन केवल श्री धार्मिक आदर्श रामलीला कमेटी द्वारा कराया जायेगा। विद्यालय प्रबंध समिति के मंत्री विमल कुमार टंडन ने स्पष्ट किया कि समिति द्वारा केवल इसी कमेटी को रामलीला आयोजन की विधिवत अनुमति दी गई है। उकमेटी अध्यक्ष मनोज टंडन और महामंत्री राकेश वर्मा ने बैठक में कमेटी का विस्तार करते हुए संरक्षक अनिल स्वरूप टंडन, दिलीप कुमार टंडन, विमल कुमार टंडन, राजीव कुमार अग्रवाल, अम्बरीश कुमार अग्रवाल एवं सुरेंद्र सिंह को नामित किया। उपाध्यक्ष मनीष टंडन, मनजीत सिंह छाबड़ा, राहुल महेश्वरी और सचिन कुमार बनाये गये। शरद कुमार अग्रवाल कोषाध्यक्ष, मनु शर्मा मीडिया प्रभारी और देवेश चंद्र बाहेती, नितिन शंकर अग्रवाल, विवेक शर्मा उर्फ विक्की, सुभाष शर्मा, दिलीप बाल्मीकि, सरदार रणवीर सिंह और विशाल गर्ग को मंत्री नियुक्त किया गया। नीरज अग्रवाल, संजीव जिंदल व अंश अग्रवाल राम बारात प्रभारी और विकास टंडन भरत मिलाप प्रभारी बनाये गये। ऋषि चौहान को प्रचार मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ-साथ पवन कुमार शर्मा, सरदार राजेंद्र सिंह छाबड़ा, राहुल मोहन महेश्वरी, सचिन त्रिवेदी, सक्षम टंडन, शिवम शर्मा सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।बैठक की अध्यक्षता हरि सिंह मौर्य और विद्यालय के प्रधानाचार्य गजेंद्र सिंह ने की




# हरमनप्रीत ब्रिगेड ने जीती वनडे सीरीज

## ● हरमनप्रीत कौर का शतक, क्रांति गौड़ की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत इंग्लैंड को हराया

**चेस्टर-ली-स्ट्रीट।** कप्तान हरमनप्रीत कौर (102) की शानदार शतकीय पारी के बाद क्रांति गौड़ (छह विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 13 रनों से हरा दिया। इसी के साथ भारतीय टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली है।

319 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की महिला टीम शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र आठ रन के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिए। टैमी बोमॉन्ट (दो) एमी जोंस (चार) को क्रांति गौड ने आउट किया। इसके बाद एमा लैंब और नेट शिवर ब्रंट ने इंग्लैंड की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिए 162 रनों की साझेदारी हुई। जब तक ये दोनों खिलाड़ी बल्लेबाजी कर रही थी तो ऐसा लग रहा था कि इंग्लैंड आसानी से यह मुकाबला जीत लेगा, लेकिन 31वें ओवर में श्रीचरणी ने एमा लैंब 81 गेंदों में (68) को बोल्ड कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। इसके बाद 35वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने शतक की ओर बढ़ रही नेट शिवर ब्रंट 105 गेंदों में (98) को विकेटकीपर ऋचा घोष के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद सोफिया डंकली और ऐलिस डेविडसन-रिचर्ड्स ने मोर्चा संभाला, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने उन्हें पिच पर अधिक देर टिकने नहीं दिया। पांचवें विकेट के रूप में सोफिया डंकली (34) रन आउट हुई। ऐलिस डेविडसन-रिचर्ड्स (44) को गौड़ ने राधा यादव के हाथों कैच आउट कराया। शार्लेट डीन (21), लॉरेन फाइलर (शून्य) और लॉरेन बेल (सात) को भी गौड़ ने आउट किया। भारत ने 49.5 ओवर में इंग्लैंड को 305 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 13 रनों से अपने नाम कर लिया। 84 गेंदों मे 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेलने वाली भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को 'प्लेयर ऑफ मैच' तथा 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया। भारत की ओर से क्रांति गौड़ ने 9-5 में 52 रन देकर छह विकेट लिए। श्रीचरणी को दो विकेट मिले। दीप्ति शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट लिए 64 रन जोड़े। 13वें ओवर में शार्लेट डीन ने प्रतिका रावल (26) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। भारत का दूसरा विकेट 18वें ओवर में स्मृति मंधाना (45) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान हरमनप्रीत कौर ने हरलीन देओल के साथ 81 रनों की साझेदारी की। हरलीन देओल (45) के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आई जेमिमाह रॉड्रिग्स के साथ 110 रन की साझेदारी कर भारत के स्कोर को 272 तक पहुंचाया। 46वें ओवर में जेमिमाह रॉड्रिग्स 45 गेंदों में (50) को फाइलर ने आउट किया। भारत का पांचवां विकेट पर हरमनप्रीत कौर के रूप में गिरा।

# यह सीरीज जीत निश्चित रूप से हमें आत्मविश्वास देगी: हरमनप्रीत कौर

## ● मैं बल्लेबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती थी, लेकिन आज का मैच हमारे लिए बहुत अहम था

**डरहम, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में जब भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर बल्लेबाजी करने उतरीं तो उनका पहला रन 11वीं गेंद पर आया। यह 102 रनों की शतकीय पारी की शुरुआत थी,

जिसने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की सीरीज जीत की नींव रखी और घर पर होने वाले वनडे विश्व कप से पहले पूरी दुनिया को एक सशक्त संदेश भी दिया। चेस्टर-ली-स्ट्रीट में जब उन्होंने ग्यारहवीं गेंद खेली तो बाएं हाथ की स्पिनर लिंसी स्मिथ की गेंद पर खूबसूरत कवर ड्राइव के जरिये बाउंड्री पाई। धीमी शुरुआत होने के बावजूद वह अपनी लय में आ चुकी थीं। हरमनप्रीत का यह शतक वनडे में उनका सातवां लेकिन पिछली 13 पारियों में पहला 50+ स्कोर था। दौरे की शुरुआत में ईसीबी डेवलपमेंट ग्प के खिलाफ खेले गए 50 ओवर के वार्म-अप मैच में उन्होंने 54 रन बनाए थे और इंग्लैंड के खिलाफ सफेद गेंद की दोनों सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर केवल 26 रन था, जो उन्होंने चौथे टी20 में बनाया। मैच के बाद उन्होंने कहा कि हर मैच में मैं बल्लेबाजी में अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहती थी लेकिन आज का मैच हमारे लिए बहुत अहम था। योजना यह थी कि क्रीज पर कुछ समय बिताया जाए और फिर देखा जाए कि आगे क्या होता है। वह रणनीति मेरे लिए कारगर रही। पहली दस गेंदों पर मुझे कोई रन नहीं मिला लेकिन तब मैं खुद से कह रही थी: 'मुझे हार नहीं माननी है, बस टिके रहना है, टीम के लिए टिके रहना है। 82 गेंदों में शतक पूरा करके हरमनप्रीत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले साल बनाए गए 87 गेंदों वाले शतक को पीछे छोड़ दिया और महिलाओं के वनडे में भारत के लिए दूसरा सबसे तेज शतक बनाया। इस साल की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ स्मृति मंधाना ने 70 गेंदों में शतक लगाया था जो भारत के लिए सबसे तेज शतक है। साथ ही वह 4000 रन पूरे करने वाली भारत की तीसरी महिला खिलाड़ी भी बनीं। भारत के लिए संतोषजनक बात यह भी रही कि पूरी बल्लेबाजी इकाई ने अच्छा प्रदर्शन किया। जेमिमाह रॉड्रिग्स ने 50 रन बनाए और हरमनप्रीत के साथ चौथे विकेट के लिए 110 रन की साझेदारी की। मंधाना और हरलीन देओल ने 45-45 रन बनाए और ऋचा घोष ने 18 गेंदों में 38 रन की तेज पारी खेली। इसके बाद क्रांति गौड़ ने 52 रन देकर छह विकेट लिए और इंग्लैंड की टीम को 305 रन पर आउट कर दिया। इंग्लैंड एक गेंद बाकी रहते 13 रन से विश्व रिकॉर्ड लक्ष्य हासिल करने से चूक गई। गौड़ महिलाओं के वनडे में भारत की ओर से पांच विकेट लेने वाली दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी बनीं। उनसे कम उम्र में यह उपलब्धि केवल दीप्ति शर्मा ने हासिल की थी। हरमनप्रीत ने गौड़ के बारे में कहा कि जब भी वह मैदान पर होती हैं और गेंदबाज़ी कर रही होती हैं तो वह प्रभावशाली रहती हैं। मैं बहुत खुश हूं जिस तरह की गेंदबाजी उन्होंने की और जब भी हमें ब्रेकथ्रू की जरूरत थी, वह टीम के लिए मौजूद थीं। भारत का 318/5 का स्कोर इंग्लैंड में किसी भी मेहमान टीम द्वारा बनाया गया।

## आयरलैंड दौरे के लिए पाकिस्तान की महिला टीम में एमान शामिल

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने छह अगस्त से शुरु होने वाले आयरलैंड दौरे के तीन टी-20 मैचों के लिए फातिमा सना की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम में अनकैप्ड बल्लेबाज एमान फातिमा को शामिल किया है। छह से 10 अगस्त तक चलने वाली इस टी-20 सीरीज के मैच डबलिन के क्लोंटार्फ क्रिकेट क्लब में खेले जायेंगे। अनकैप्ड एमान फातिमा ने राष्ट्रीय महिला टी-20 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन कर टीम में जगह बनाई। उन्होंने आठ मैचों में 155-14 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 287 रन बनाए। इस 22 वर्षीय खिलाड़ी ने 2023 में होने वाले पहले महिला अंडर-19 विश्वकप में भी पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया था। 15 सदस्यीय टीम द्विपक्षीय श्रृंखला में भाग लेने के लिए आयरलैंड रवाना होने से पहले कराची में एक प्री-सीरीज प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी।

# बुमराह के साथ भारतीय टीम के पास जीतने और सीरीज बराबर करने के लिए जरूरी हथियार हैं: संजय



## ● तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच का अंतर किसी भी खिलाड़ी के लिए वापसी करने के लिए पर्याप्त है

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट से पहले 'फॉलो द ब्लूज' पर विशेष बातचीत करते हुए, जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ संजय बांगर ने टीम के अहम फैसलों पर अपनी राय रखी, जसप्रीत बुमराह की वापसी और आकाश दीप की अनुपस्थिति से लेकर ऋषभ पंत की विकेटकीपिंग और भारत के गेंदबाजी संतुलन तक।

भारत और इंग्लैंड के बीच चौथे टेस्ट से पहले 'फॉलो द ब्लूज' पर विशेष बातचीत करते हुए, जियो हॉटस्टार विशेषज्ञ संजय बांगर ने जसप्रीत बुमराह को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने पर अपने विचार साझा किए। बांगर ने कहा कि बुमराह का चौथा टेस्ट खेलना अच्छी खबर है। एक अच्छी बात यह है कि कार्यक्रम में जगह बनाई गई है। खासकर जब आप लगातार दो टेस्ट मैच खेल रहे हों। तीसरे और चौथे टेस्ट के बीच का अंतर किसी भी खिलाड़ी के लिए वापसी करने के लिए पर्याप्त है। जसप्रीत बुमराह किसी भी टीम, खासकर भारतीय टीम, की ताकत बढ़ाते हैं। हाल के दिनों में जब भी उन्होंने खेला है, उनका विदेशी टेस्ट रिकॉर्ड और भी बेहतर हुआ है। उनकी मौजूदगी से, मुझे लगता है कि भारतीय टीम के पास जीत और सीरीज बराबर करने के लिए जरूरी हथियार मौजूद हैं। क्योंकि सीरीज दांव पर है, इसलिए भारत को इसमें वापसी करनी होगी। अगर कोई गेंदबाज है जो किसी भी परिस्थिति का फायदा उठा सकता है, तो वो बुमराह हैं। कुल मिलाकर, जहां तक बल्लेबाजी का सवाल है, सीरीज के पहले तीन टेस्ट मैच काफी आसान रहे। लेकिन इस खास टेस्ट में परिस्थितियां गेंदबाजों के ज्यादा अनुकूल होने की संभावना है। इसका मतलब होगा कि हमें ज्यादा ओवर नहीं फेंकने पड़ेंगे और हम निश्चित रूप से भारत को इंग्लिश बल्लेबाजों को सस्ते में आउट करने में मदद कर सकते हैं। प्रसिद्ध कृष्णा बनाम अंशुल कंबोज के चयन की दुविधा पर बांगर ने कहा कि शुभमन और गौतम गंभीर के लिए प्रसिद्ध और अंशुल में से किसी एक को चुनना मुश्किल होगा। शायद यही वजह है कि उन्होंने टेस्ट मैच शुरू होने तक फैसला टाल दिया है। मेरा मानना है कि प्रसिद्ध ने काफी कुछ किया है, और अगले टेस्ट मैच में आपको एक ऐसे गेंदबाज की जरूरत है जो मैनचेस्टर की पिच से उछाल हासिल कर सके। मुझे लगता है कि इस खास टेस्ट के लिए प्रसिद्ध से थोड़ा बेहतर हैं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### चैंपियंस लीग टी-20 10 साल से ज्यादा समय बाद वापसी के लिए तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** चैंपियंस लीग ट्वंटी-20 वापसी के लिए तैयार है - और इसका दूसरा संस्करण बड़ा और बेहतर होगा। आईसीसी के सदस्यों ने, जिन्होंने हाल ही में सिंगापुर में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन के दौरान बैठक की, विभिन्न देशों की घरेलू ट्वंटी-20 लीगों की फ्रेंचाइजी वाली इस टूर्नामेंट को फिर से शुरू करने का औपचारिक निर्णय लिया। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो लीग अगले साल की शुरुआत में फिर से शुरू हो सकती है। क्रिकबज को पता चला है कि अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड जल्द ही लीग की रूपरेखा पर विचार-विमर्श के लिए बैठक करेंगे, खासकर इस तथ्य को देखते हुए कि कई फ्रेंचाइजी मालिकों की टीमें कई देशों में हैं।

### पाकस्तान को एफआईएच हॉकी प्रो लीग में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण मिला

**स्विट्जरलैंड, वार्ता।** हॉकी न्यूजीलैंड द्वारा पिछले महीने एफआईएच हॉकी नेशंस कप जीतने के बावजूद अगले एफआईएच हॉकी प्रो लीग पुरुष सत्र में भाग न लेने के अपने निर्णय की अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ को सूचना देने के बाद, एफआईएच ने नियमों के अनुसार, नेशंस कप उपविजेता, यानी पाकिस्तान को 2025-26 प्रो लीग संस्करण में शामिल होने का निमंत्रण दिया है। पाक हॉकी संघ को निमंत्रण स्वीकार या अस्वीकार करने के अपने निर्णय के बारे में एफआईएच को सूचित करने के लिए 12 अगस्त तक की समय सीमा दी गई है। 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग में डच महिला और पुरुष दोनों टीमों को चैंपियन घोषित किया गया।

# अब तक की सबसे बड़ी पुरस्कार राशि के साथ पंजाब हॉकी लीग की घोषणा

PUNJAB
HOCKEY LEAGUE

## ● देशभर की आठ आकादमी की टीमें इस लीग में हिस्सा लेंगी जो दो चरणों में आयोजित की जाएगी

**मोहाली, वार्ता।** राउंडग्लास हॉकी अकादमी ने हॉकी पंजाब के सहयोग से जूनियर आयु वर्ग के लिए पंजाब हॉकी लीग (पीएचएल) के दूसरे संस्करण की घोषणा की है। इस बार कुल पुरस्कार राशि 30 लाख रुपये होगी, जो देश में किसी भी जूनियर स्तर की हॉकी प्रतियोगिता के लिए अब तक की सबसे बड़ी राशि है। राउंडग्लास और हॉकी पंजाब द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह लीग, जमीनी स्तर से खिलाड़ियों को व्यापक मैच अनुभव प्रदान करने और उनके पेशेवर व व्यक्तिगत विकास में सार्थक योगदान देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। देशभर की आठ अकादमियों की टीमें इस लीग में हिस्सा लेंगी, जो दो चरणों में आयोजित की जाएगी। इसके पहले संस्करण में पंजाब की छह टीमों ने होम-अवे फॉर्मेट में दो चरणों में भाग लिया था। इस वर्ष का पहला चरण 31 अगस्त से 9 सितंबर तक मोहाली इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।


# सिंधु-उन्नति प्री क्वार्टरफाइनल में



## ● पीसी सिंधु ने तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-15, 8-21 और 21-17 से जीत हासिल की

**चांगझोउ, वार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने बुधवार को चांगझोउ के ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर जिम्नेजियम में चल रहे प्रतिष्ठित बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट चाइना ओपन 2025 में रोमांचक जीत के साथ महिला एकल के राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। विश्व नंबर 6 जापान की तोमोका मियाजाकी के खिलाफ, सिंधु (विश्व रैंकिंग 15) ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता का परिचय देते हुए तीन गेमों के कड़े मुकाबले में 21-15, 8-21, 21-17 से जीत हासिल की। दूसरा गेम हारने के बाद, भारतीय खिलाड़ी ने निर्णायक गेम में बढ़त बनाए रखते हुए जीत पक्की कर ली। सिंधु का प्री क्वार्टर फाइनल में 17 वर्षीय उन्नति हुड्डा से मुकाबला होगा जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनुभवी स्कॉटिश शटलर क्रिस्टी गिलमोर को केवल 36 मिनट में 21-11, 21-16 से हराया। पुरुष युगल में, विश्व की 12वें नंबर की जोड़ी, सात्विक-चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राउंड-ऑफ-16 में प्रवेश किया। इस जोड़ी ने जापान के केन्या मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को सीधे गेमों में 21-13, 21-9 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस बीच, महिला युगल में, पांडा बहनों, रुतपर्णा और श्वेतपर्णा को हांगकांग-चीन की अनुभवी जोड़ी के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा।

# वीनस विलियम्स की प्रतिस्पर्धी टेनिस में विजयी वापसी



**न्यूयॉर्क, वार्ता।** अमेरिका की दिग्गज वीनस विलियम्स ने 16 महीनों के बाद डीसी ओवर में पीटन स्टर्न्स को हराकर प्रतिस्पर्धी टेनिस में विजयी वापसी की। 45 वर्षीय विलियम्स ने मुबाडाला सिटी डीसी ओपन 2025 के महिला एकल मुकाबले में विश्व की 35 नवंबर की खिलाड़ी पीटन स्टर्न्स को सीधे सेटों (6-3, 6-4) में हराया। इस जीत के साथ ही विलियम्स 45 साल की उम्र में टूर-स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गईं। इससे पहले मार्टिना नवरातिलोवा ने (47 साल की उम्र में) 2004 में विंबलडन में कैटालिना कास्टानो को हराया था। मैच के बाद विलियम्स ने कहा कि इतने लंबे समय के ब्रेक के बाद पहला मैच खेलना कितना मुश्किल होता है, यह बयां करना मुश्किल है। अगर आप मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से मेहनत करते हैं, तो आपको परिणाम मिल सकता है। मैं यहाँ अपने दोस्तों, परिवार, अपने प्रियजनों और प्रशंसकों के साथ हूँ, जिन्हें मैं प्यार करती हूँ और वे भी मुझे प्यार करते हैं, इसलिए यह एक खूबसूरत रात रही। विलियम्स का अगला मैच गुरुवार, 24 जुलाई को पोलैंड की मैग्डेलेना फ्रेच (विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर) के खिलाफ दूसरे दौर का रोमांचक मुकाबला होगा।

# ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज को हराया



## ● जोश इंग्लिश ने नाबाद 78 और कैमरून ग्रीन ने 56 रनों की तूफानी पारी खेली, एडम जम्पा ने तीन विके ट लिए

**किंगस्टन, वार्ता।** एडम जम्पा (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद जॉश इंग्लिश नाबाद (78) और कैमरन ग्रीन (56) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में वेस्टइंडीज को 28 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया।

इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है। 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में मात्र 13 रन के स्कोर पर ग्लेन मैक्सवेल (12) के रूप में अपना पहला विकेट गंवा दिया था। टीम को दूसरा झटका 42 रन के स्कोर पर कप्तान मिशेच मार्श (21) के रूप में लगा, लेकिन इसके बाद जॉश इंग्लिश और कैमरन ग्रीन ने वेस्टइंडीज के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 131 रनों की अविजित साझेदारी हुई। ऑस्ट्रेलिया ने 15-2 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से जीत लिया। जॉश इंग्लिश ने 33 गेंद में पांच छक्के और सात चौकों की मदद से नाबाद 78 रनों की पारी खेली। वही कैमरन ग्रीन 32 गेंद में चार छक्के और तीन चौके लगाते हुए नाबाद 56 रन बनाये। वेस्टइंडीज की ओर से जेसेन होल्डर और अल्जारी जोसेफ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज ने लिए ब्रैंडन किंग और कप्तान शाई होप की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 63 रन जोड़े। ब्रैंडन किंग 36 गेंदों में तीन चौके और चार छक्कों की मदद से (51) रनों की पारी खेली। कप्तान होप 13 गेंद में नौ रन बनाकर आउट हुए।

## ● भारत बनाम इंग्लैंड-चौथा टेस्ट

# भारत पहली पारी में 150 रनों के पार

## ● ऋषभ पंत-साई सुदर्शन खेल रहे, कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल व केएल राहुल हो चुके आउट

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जा रहा है। बुधवार को मुकाबले का पहला दिन था और तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने पहली पारी में 3 विकेट पर 163 रन बना लिए हैं।

साई सुदर्शन और ऋषभ पंत नाबाद हैं। टी-ब्रेक से पहले कप्तान शुभमन गिल 12 रन, यशस्वी जायसवाल 58 रन और केएल राहुल 46 रन बनाकर आउट हुए। बेन स्टोक्स, लियम डासन और क्रिस वोक्स को एक-एक विकेट मिले। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। तेज गेंदबाज अंशुल कम्बोज भारत से टेस्ट डेब्यू कर रहे हैं। उन्हें पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज दीप दासगुप्ता ने टेस्ट कैप पहनाई। मैनचेस्टर में 51 साल बाद किसी भारतीय ओपनर ने फिफ्टी लगाई है। यशस्वी जायसवाल (58 रन) से पहले सुनील गावस्कर (101 रन, 58 रन) ने 1974 में इंग्लैंड के खिलाफ अर्धशतक बनाया था। केएल राहुल 46 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने इंग्लैंड में 1000 रन पूरे किए। वे ऐसा करने वाले 5वें भारतीय बैटर बने। उनसे पहले तेंदुलकर, द्रविड़, गावस्कर और कोहली ऐसा कर चुके हैं। भारतीय बैटर साई सुदर्शन दूसरी पर रनआउट होने से बच गए। 57वें ओवर की चौथी बाल को साई ने पिच पर धकेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। दूसरी ओर ऋषभ पंत ने इन्कार कर दिया। तब तक सुदर्शन आधी पिच पर आ गए थे। उन्होंने बैट छोड़ा और वापस स्ट्राइक की ओर दौड़ पड़े। इस बीच स्टोक्स ने थ्रो मारा, लेकिन नहीं लगा। 53वें ओवर में भारत ने पहली पारी में 150 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। ऋषभ पंत ने ब्रायडन कार्स के ओवर की दूसरी बाल पर एक रन लिया और टीम का 150वां रन बनाया। मैनचेस्टर टेस्ट के पहले दिन का दूसरा सेशन इंग्लैंड के नाम रहा। 26 ओवर के इस सेशन में भारत ने 71 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए। टी-ब्रेक से पहले भारतीय कप्तान शुभमन गिल (12 रन) को बेन स्टोक्स ने पगबाधा आउट किया। यशस्वी जायसवाल 58 रन और केएल राहुल 46 रन बनाकर आउट हुए। 50वें ओवर में भारत ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां कप्तान शुभमन गिल 12 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन स्टोक्स ने पगबाधा आउट किया। गिल बेन स्टोक्स की गुड लेंथ से अंदर आती बाल छोड़ना चाह रहे थे, लेकिन स्विंग को भांप नहीं सके। बाल उनके पैड पर टकराई। फील्ड अंपायर के आउट देने के बाद गिल ने डीआर मांगा, लेकिन थर्ड अंपायर ने फैसला नहीं बदला। 48वें ओवर की तीसरी बाल पर साई सुदर्शन को जीवनदान मिला। बेन स्टोक्स की लेग स्टंप से बाहर जाती बाल ने बल्ले का किनारा लिया और विकेटकीपर जैमी स्मिथ के पास गई, लेकिन वे इसे कैच नहीं कर सके। लियाम डासन ने आठ साल बाद टेस्ट में गेंदबाजी करते हुए सिर्फ सातवीं ही गेंद पर विकेट ले लिया।

**शाह टाइम्स**

# सम्पादकीय

**गुरुवार, 24 जुलाई 2025**

## संसद में फिर गतिरोध

जैसीकि उम्मीद थी कि बुधवार को भी संसद के दोनों सदनों राज्यसभा व लोकसभा में कोई काम नहीं हो सका। सोमवार व मंगलवार की तरह ही विपक्षी दलों ने हंगामा किया। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी कृष्ण प्रसाद तेन्नेटी ने दो बार के स्थगन के बाद अपरान्ह दो बजे जैसे ही सदन की कार्रवाई शुरू की, विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोबीच आ गए। पीठासीन अधिकारी चाहते थे कि गोवा की जनजातियों से जुड़े मुद्दे पर चर्चा हो, लेकिन विपक्ष अपनी इसी बात पर अड़ा था कि बिहार में चुनाव आयोग की मतदाता सूची और ऑपरेशन सिंदूर पर पहले चर्चा हो। इसी को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख श्री तेन्नेटी ने सदन की कार्रवाई दिनभर के लिए स्थगित कर दी। ऐसा ही नजारा राज्यसभा में भी देखने को मिला। वहां भी दो बार के स्थगन के बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में विपक्ष नियम 267 के तहत कार्य स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा कराना चाहता था। 25 सदस्यों ने इस पर अपनी राय जाहिर कर मांग भी की थी। विपक्ष चाहता था कि सभी विधायी कामकाज रोककर बिहार चुनाव आयोग पुनरीक्षण पर चर्चा होनी चाहिए।

भाकपा महंगाई के मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग कर रही थी। वहीं आप दिल्ली में झुग्गी झोपड़ी का मसला उठा रही थी। उस पर उप सभापति ने कहा कि ये सभी नोटिस अनुरूप में नहीं हैं और इसलिए इन्हें स्वीकार नहीं किया जा सकता। उनके इतना कहते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया और वहां भी दो बजे राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित हो गई। गुरुवार को संसद की कार्यवाही फिर से शुरू होगी, लेकिन उसमें स्थिति किसी तरह की बदलेगी ऐसा नहीं लगता, बल्कि लगता यह है कि संसद का पूरा मानसून सत्र ही हंगामे की नजर हो सकता है, क्योंकि न ही विपक्ष और न ही सत्ता पक्ष अपनी बातों से पीछे हटता दिखाई दे रहा है। सब अपना अड़ियल रुख दिखाते दिखाई दे रहे हैं। कई बार तो ऐसा लगता है कि जैसे किसी की भी इच्छा यह नहीं है कि संसद का सत्र सुचारू रूप से चले। संसद सत्र बुलाने से पूर्व जो सर्वदलीय बैठक हुई थी, वह बिल्कुल बेनतीजा होती दिखाई दे रही है। यह देखना भी कितना अजीब लगता है कि जब सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती है तो तमाम राजनीतिक दल संसद की बैठकों के लिए अपना पूरा सहयोग देते दिखाई देते हैं।

सरकार भी विपक्ष की प्रशंसा करती है और अपनी तरफ से पूरा भरोसा विपक्ष को दिलाती है कि वह विपक्षी दलों को तमाम मुद्दों पर चर्चा कराने के लिए तैयार होगी, लेकिन जब सत्र शुरू होता है, तब नजारा दूसरा ही देखने को मिलता है। बात केवल चालू सत्र की नहीं बल्कि इसके पीछे अब संसद का पुराना अनुभव यही बताता है कि अब चर्चाओं में किसी की भी दिलचस्पी नहीं रह गई है। यह देखना भी दिलचस्प है कि संसद की कार्यवाही बाधित होने के लिए सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों ही एक-दूसरे को दोषी ठहराते हैं। यह बात अपनी जगह सही है कि दोनों ही पक्षों की जिम्मेदारी होती है कि संसद की कार्यवाही चलाने में वह पूरा सहयोग दें, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि इसमें सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है।

### सीजफायर कराना ट्रम्प का काम नहीं



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 25 बार दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष में सीजफायर कराया, वह कौन हैं, यह उनका काम नहीं है, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह से चुप हैं, उन्होंने एक बार भी ट्रम्प के दावों का जवाब नहीं दिया, प्रधानमंत्री क्या बोलेंगे, कैसे बताएंगे कि ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ समझौता करवाया है, पूरी दुनिया जानती है कि ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष में सीजफायर की घोषणा की थी। पीएम मोदी यह नहीं कह सकते, लेकिन यह सच है और पूरी दुनिया जानती है। जो लोग खुद को देशभक्त कहते हैं वे भाग गए हैं।

**-राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोकसभा**

## प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की सच्चाई





**एम. इमरान**

विश्वभर में प्लास्टिक प्रदूषण एक विकराल समस्या बन चुका है। हर वर्ष करोड़ों टन प्लास्टिक हमारे समुद्रों, नदियों, जंगलों और यहां तक कि हमारे शरीर में सूक्ष्म कणों के रूप में जमा होता जा रहा है। प्लास्टिक की विशेषता यह है कि यह सैकड़ों वर्षों तक प्राकृतिक रूप से नष्ट नहीं होता, जिससे यह पर्यावरण और जैव विविधता के लिए गंभीर खतरा बन गया है। वैज्ञानिक वर्षों से इस समस्या का समाधान खोजने का प्रयास कर रहे हैं और इसी क्रम में हाल ही में सोशल मीडिया पर एक ऐसे फफूंद की वीडियो और खबरें वायरल हो रही हैं, जो प्लास्टिक को खा सकता है। मेरे कई सहयोगियों ने मुझे वह वीडियो भेजा और जानना चाहा कि क्या यह सच है।

दरअसल प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की कहानी 2011 से शुरू होती है जब एल यूनिवर्सिटी के कुछ छात्रों ने इक्वाडोर के अमेजन वर्षावनों में एक खोजी अभियान के दौरान Pestalotiopsis microspora नामक एक विशेष प्रकार के फफूंद की पहचान की। (जबकि इस फंफूद की खोज वर्ष 1880 में कार्लो लुइगी द्वारा की जा चुकी थी)। वर्ष 2011 में यह खोज हुई कि यह फफूंद एकमात्र ऐसा जीव था जो बिना ऑक्सीजन के भी पॉलीयूरेथेन प्लास्टिक को अपना पोषण बना सकता था। यह खोज इतनी महत्वपूर्ण थी कि उसने वैज्ञानिकों का ध्यान आकर्षित किया और इस दिशा में गहन शोध शुरू हो गया।

फफूंद की यह क्षमता इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि प्लास्टिक मुख्यत: पॉलीमर से बना होता है, जो अत्यंत जटिल और टूटने में कठिन होता है, लेकिन यह फफूंद प्लास्टिक के पॉलीयूरेथेन यौगिकों को तोड़कर उन्हें सरल कार्बनिक यौगिकों में बदल सकता है, जिन्हें वह अपनी वृद्धि और जीवन चक्र को बनाए रखने के लिए उपयोग करता है। इससे यह संकेत मिला कि यदि इस जैविक प्रक्रिया को नियंत्रित और प्रबंधित किया जा सके, तो यह भविष्य में प्लास्टिक कचरे के निपटान का एक पर्यावरण-मित्र तरीका हो सकता है।

इस खोज के बाद अन्य वैज्ञानिकों ने भी प्लास्टिक खाने वाले और कई प्रकार के फफूंद और जीवाणु खोजे हैं। 2017 में जापानी वैज्ञानिकों ने Ideonella sakaiensis नामक बैक्टीरिया की पहचान की जो PET Polyethylene Terephthalate नामक प्लास्टिक को तोड़ने में सक्षम था। इसी तरह नीदरलैंड, भारत, चीन और अमेरिका के शोधकर्ताओं ने ऐसे कई अन्य सूक्ष्मजीवों की पहचान की है जो विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को धीरे-धीरे पचाने की क्षमता रखते हैं।

फफूंद के जरिए प्लास्टिक को नष्ट करने के इस तरीके के अनेक लाभ हो सकते हैं। सबसे पहला और मुख्य लाभ यह है कि यह एक प्राकृतिक और जैविक प्रक्रिया है, जिससे हानिकारक गैसों या अवशेषों का उत्सर्जन नहीं होता। पारंपरिक तरीकों जैसे प्लास्टिक को जलाने से जहरीली गैसें वातावरण में फैलती हैं, जिससे वायु प्रदूषण और मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है, लेकिन फफूंद की सहायता से यह प्रक्रिया स्वाभाविक ढंग से हो सकती है और प्रदूषण से भी बचा जा सकता है।

दूसरा लाभ यह है कि यह विधि सस्ती और टिकाऊ है। यदि यह तकनीक व्यापक स्तर पर लागू की जाती है, तो कचरा प्रबंधन की लागत में भारी कमी आ सकती है। विशेष रूप से विकासशील देशों में, जहां प्लास्टिक कचरे का प्रबंधन एक बड़ी समस्या है, वहां यह तकनीक वरदान साबित हो सकती है। इसके अलावा, यह फफूंद नमी और अंधेरे में भी सक्रिय रहता है, जिससे इसे भूमिगत लैंडफिल क्षेत्रों में इस्तेमाल किया जा सकता है।

तीसरा बड़ा लाभ यह है कि यह विधि माइक्रोप्लास्टिक के खतरे को कम करने में भी उपयोगी हो सकती है। आजकल माइक्रोप्लास्टिक समुद्रों से लेकर पीने के पानी तक में पाए जा रहे हैं। यह मानव शरीर में प्रवेश करके कई बीमारियों का कारण बन सकते हैं। अगर यह फफूंद इन सूक्ष्म कणों को भी तोड़ सकती है, तो यह सार्वजनिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी क्रांतिकारी कदम हो सकता है।

हालांकि, जहां इस तकनीक के अनेक लाभ हैं, वहीं इसके कुछ नुकसान और चुनौतियां भी हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सबसे पहली चुनौती यह है कि यह प्रक्रिया अत्यंत धीमी है। प्राकृतिक रूप से फफूंद द्वारा प्लास्टिक को पूरी तरह नष्ट करने में महीनों या वर्षों तक लग सकते हैं। इस वजह से यह बड़े पैमाने पर तत्काल समाधान नहीं हो सकता।

दूसरी चुनौती यह है कि सभी प्रकार के प्लास्टिक को यह फफूंद समान रूप से नहीं तोड़ सकता। जैसे पॉलीयूरेथेन को Pestalotiopsis microspora द्वारा तोड़ा जा सकता है, लेकिन अन्य प्रकार के प्लास्टिक जैसे PVC, HDPE, LDPE को नष्ट करने के लिए अलग-अलग प्रकार के सूक्ष्मजीवों की आवश्यकता होती है। इससे इस तकनीक को व्यावसायिक स्तर पर लागू करना जटिल हो जाता है।

तीसरी चुनौती यह है कि इन फफूंदों को नियंत्रित वातावरण में पनपाना और उनकी वृद्धि को बनाए रखना आसान नहीं है। अगर इसे खुले में उपयोग किया जाए, तो अन्य जीवों या पर्यावरणीय परिस्थितियों से यह प्रभावित हो सकता है। साथ ही, अगर ऐसे फफूंद अनियंत्रित रूप से फैलने लगें, तो यह अन्य जैविक तंत्रों को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण विचार यह भी है कि इन फफूंदों से प्लास्टिक का जो अपघटन होता है, उसके उप-उत्पाद क्या होते हैं और वे पर्यावरण के लिए कितने सुरक्षित हैं। यदि ये उप-उत्पाद विषैले या हानिक. ारक हों, तो यह तकनीक समस्या का समाधान करने की बजाय नई समस्याएं खड़ी कर सकती है। इसलिए इसके दीर्घकालिक प्रभावों का परीक्षण और मूल्यांकन आवश्यक है। फिर भी, यह कहा जा सकता है कि फफूंद आधारित प्लास्टिक अपघटन की तकनीक एक नवाचार है जिसकी संभावनाएं अत्यंत व्यापक हैं। यदि इस क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाए और अधिक प्रभावी एवं तेजी से कार्य करने वाले सूक्ष्मजीव विकसित किए जाएं, तो यह तकनीक भविष्य में प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने का सबसे प्रभावी हथियार बन सकती है। कुछ देशों ने पहले ही इस दिशा में प्रयोग शुरू कर दिए हैं। उदाहरण के लिए नीदरलैंड और जर्मनी में कुछ प्रयोगशालाओं में जैव-रिएक्टर तैयार किए जा रहे हैं जहां इन फफूंदों को नियंत्रित रूप से प्लास्टिक अपशिष्ट में मिलाकर उनका निष्कासन किया जा रहा है। भारत में भी कुछ निजी स्टार्टअप कंपनियां और IIT संस्थान इस तकनीक पर अनुसंधान कर रहे हैं और जल्द ही इसके प्रारंभिक मॉडल सार्वजनिक किए जा सकते हैं।

भविष्य में यह संभव है कि लैंडफिल साइट्स पर फफूंद आधारित अपघटन संयंत्र लगाए जाएंगे, जहां प्लास्टिक कचरे को संग्रह करके जैविक रूप से नष्ट किया जाएगा। इसके साथ ही, फफूंद को भोजन का माध्यम बनाकर इससे जैव ईंधन, खाद या अन्य उपयोगी उत्पाद भी तैयार किए जा सकते हैं। कुछ वैज्ञानिक तो यह भी मानते हैं कि यदि जेनेटिक इंजीनियरिंग के माध्यम से इन फफूंदों को अधिक प्रभावशाली बनाया जाए, तो यह कई प्रकार के औद्योगिक अपशिष्टों को भी नष्ट करने में सक्षम हो सकते हैं। हालांकि इस तकनीक के नैतिक और पर्यावरणीय पक्षों पर भी विचार आवश्यक है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह फफूंद प्रकृति में अनियंत्रित होकर पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान न पहुंचाएं। साथ ही, जैविक विविधता की रक्षा करना भी अत्यंत आवश्यक है, ताकि किसी नई तकनीक के कारण मौजूदा संतुलन न बिगड़ जाए। यह मानव जाति को उसके द्वारा बनाए गए सबसे जटिल प्रदूषण प्लास्टिक से छुटकारा दिलाने की एक आशा की किरण है। इसके हर पहलू का गहन परीक्षण करें और फिर इसे धरातल पर उतारें। जब तक यह तकनीक पूर्ण रूप से व्यावसायिक रूप से सक्षम नहीं हो जाती, तब तक हमें अपने जीवनशैली में बदलाव लाकर प्लास्टिक का प्रयोग कम करना ही सबसे व्यावहारिक उपाय है। पुन: प्रयोग, पुन: उपयोग और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। साथ ही, सरकारों, उद्योगों और आम जनता को मिलकर इस दिशा में कार्य करना होगा ताकि हम आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ पृथ्वी सौंप सकें।

अंत में यह कहा जा सकता है कि प्लास्टिक खाने वाले फफूंद की खोज नई नहीं है इस पर वर्षों से शोध हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस तरह के वीडियो भ्रमित करने वाले हैं जिसमें कहा जा रहा है कि अब दुनिया से सारे प्लास्टिक कचरे का निपटारा हो जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## बिहार चुनाव अपराध और राजनीति

**चुनावी वातावरण के बीच बिहार में भारतीय जनता पार्टी के और भी कई नेताओं पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगे हैं। मिसाल के तौर पर आरा में भाजपा नेता बबलू सिंह ने कार में रगड़ लगने जैसी मामूली घटना के बाद दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। जंगल राज का इससे बड़ा सुबूत और क्या हो सकता है ? इसी तरह एक अन्य मामले में, भाजपा नेता आलोक कुमार चौहान पर शराब तस्करों को छुड़ाने के लिए 150 लोगों के साथ थाने पर हमला करने, थानाध्यक्ष को पीटने और उनकी वर्दी फाड़ने का आरोप लगा। उधर कुछ दिन पूर्व बिहार सरकार में मंत्री और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणू देवी के भाई पर जमीन हड़पने, अपहरण, हत्या और रंगदारी जैसे संगीन मामलों में शामिल होने का आरोप लगा। एक घटना में मंत्री रेणू देवी के भाई पर बेतिया में एक व्यक्ति का अपहरण कर होटल में ले जाकर मारपीट करने जैसा गंभीर आरोप लगा।**



**निर्मल रानी**

बिहार में नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल 22 नवंबर 2025 को समाप्त हो रहा है। उम्मीद की जा रही है कि चुनाव आयोग बिहार विधानसभा की सभी 243 सीटों के लिए इसी वर्ष (2025) के अंत तक यानी अक्टूबर और नवंबर में चुनाव करा सकता है। आगामी चुनावों के मद्देनजर राज्य में चुनावी सरगर्मियां काफी तेज हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों या कांग्रेस नेता राहुल गांधी या अन्य दलों के शीर्ष नेता सभी चुनावी माहौल को अपने पक्ष में करने की जी तोड़ कोशिश में लग चुके हैं।


जब भी बिहार का चुनाव करीब आता है मीडिया में गुंडाराज और जंगल राज जैसे शब्द सुनाई देने लगते हैं। चाहे वह वर्तमान भाजपा-जे डी यू सरकार के लोगों द्वारा एक दशक से भी पहले के लालू यादव राज को याद कर उसे गुंडा राज सम्बोधित कर मतदाताओं में दहशत फैलाने की गरज से की जाने वाली चर्चा हो या फिर विपक्ष द्वारा नीतीश सरकार के शासन में बेखौफ अपराधियों द्वारा अंजाम दी जाने वाली दुस्साहसिक अपराधी घटनाओं के हवाले से सत्ता पर गुंडाराज को संरक्षण देने की बात हो परन्तु बिहार चुनावों में गुंडाराज की चर्चा छिड़ना लगभग स्वाभाविक सा हो गया है। हालांकि देश के कई अन्य राज्यों में भी अपराध और राजनीति का गहरा सम्बन्ध है। परन्तु बिहार में घटने वाली कुछ आपराधिक घटनाएं ऐसी होती हैं जो पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचती है। उदाहरण स्वरूप बिहार की राजधानी पटना में 17 जुलाई 2025 की उस सनसनीखेज घटना को ही देख लीजिए जबकि पांच सशस्त्र अपराधियों द्वारा पारस HMRI अस्पताल के आई सी यू में घुसकर चंदन मिश्रा नाम के गैंगस्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना सुबह करीब 7:15 बजे पुलिस मुख्यालय से मात्र दो किलोमीटर दूर हुई। इस घटना के बाद बिहार की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठना स्वाभाविक था।

जिस दुस्साहसिक अंदाज में पांच हमलावर, बिना चेहरा ढके हुए , बेखौफ अंदाज में अस्पताल की दूसरी मंजिल पर पहुंचे और केवल चंद सेकंड में इस हत्या को अंजाम देकर बड़ी ही आसानी से अस्पताल से बाहर चले गए इससे राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी था। कांग्रेस ने नीतीश सरकार पर कानून-व्यवस्था को नियंत्रित करने में विफल रहने का आरोप लगाया तो राजद ने हमलावरों को सरकारी अपराधी करार देते हुए कहा कि बिहार में जंगलराज की वापसी हो रही है। कई नेताओं ने इस घटना को नीतीश कुमार सरकार की नाकामी का सबूत बताया। ऐसी घटनाएं बिहार में अपराधियों के बढ़ते हौसले के साथ साथ अस्पतालों की सुरक्षा और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाती हैं। आश्चर्य की बात तो यह कि इस शूट आउट से केवल एक दिन पहले यानी 16 जुलाई 2025 को ही बिहार पुलिस ने यह दावा किया था कि संगठित अपराध और पेशेवर शूटरों पर शिकंजा कसा जा रहा है, परन्तु इस घटना ने तो पुलिस के दावों की पोल ही खोल कर रख दी। उसी दिन यानी 17 जुलाई को ही पटना में एक और हत्या की घटना पेश आई। इस घटना में दानापुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में 20 वर्षीय युवक शिवम उर्फ बंटी नामक युवक की अपराधियों द्वारा तेज धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। इसी तरह 21 जुलाई 2025 को आदित्य कुमार नामक एक युवक की दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र के सदावह गांव में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की गई।

इन्हीं चुनावी माहौल के बीच एक और अप्रत्याशित खबर ने राज्य में धमाका कर दिया है। बिहार सरकार के नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश मिश्रा सहित 9 लोगों को राजस्थान की राजसमंद कोर्ट ने 4 जून 2025 को 15 साल पुराने यानी 2010 के एक नकली दवा मामले में दोषी ठहराया है। खबरों के अनुसार जीवेश मिश्रा पहले दवा कारोबार से जुड़े थे और दिल्ली की आल्टो हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के निदेशक थे। इस मामले ने बिहार की राजनीति में हलचल मचा दी है, और विपक्षी दलों, विशेष रूप से कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल ने उनके इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। विपक्ष का कहना है कि कि जीवेश मिश्रा को दोषी ठहराए जाने के बावजूद नीतीश कुमार की सरकार और बीजेपी उन्हें संरक्षण दे रही है। कोई जीवेश मिश्रा को मौत का सौदागर कह रहा है तो कोई उन्हें नकली दवा माफिया करार देकर उसे बर्खास्त करने की मांग कर रहा है। इस मामले में 1 से 3 साल तक की सजा और 20,000 रुपए तक का जुर्माना हो सकता था परन्तु जीवेश मिश्रा को केवल जुर्माना देकर छोड़ दिया गया। आखिर ऐसा क्यों?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## ऑनलाइन आलोचना से स्वास्थ्य एजेंसियों पर घटता विश्वास



डिजिटल दौर में जन स्वास्थ्य एजेंसियों के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। उन्हें अब सिर्फ बीमारियों के प्रसार से ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक जानकारियों और व्यक्तिगत हमलों से भी निपटना पड़ रहा है। एक हालिया अध्ययन बताता है कि यूएस के सेंटर फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन जैसी स्वास्थ्य संस्थाओं के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई नकारात्मक टिप्पणियां लोगों के भरोसे को तोड़ रही हैं, उनमें गुस्सा बढ़ा रही हैं।

हाल ही में CDC ने टेक्सास और न्यू मेक्सिको में खसरे के प्रकोप को लेकर एक चेतावनी ट्विट की थी, जिसमें यात्रियों को टीका लगवाने की सलाह दी गई थी। कुछ लोगों ने इसका समर्थन किया, लेकिन कई लोगों ने इस पर शक जताया, साजिश के आरोप लगाए और यहां तक कि आपराधिक व्यवहार का इल्जाम तक लगाया। ऐसी तीखी प्रतिक्रियाएं अब आम हो रही हैं। इसका असर समझने के लिए स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने 6800 अमेरिकियों पर अध्ययन किया। प्रतिभागियों को एक काल्पनिक सोशल मीडिया पोस्ट दिखाई, जिसमें CDC जैसी संस्था ने एक दुविधामई स्वास्थ्य सलाह दी थी, जैसे सबको स्लीप एप्निया की जांच करवाने की सलाह। इसके बाद उन्हें आलोचनात्मक टिप्पणियां दिखाई, जो असली ऑनलाइन टिप्पणियों की तरह बनाई गई थीं। इन आलोचनात्मक टिप्पणियों की प्रकृति अलग-अलग थी। कुछ में सलाह से सिर्फ असहमति जताई थी, तो कुछ में संस्था की क्षमता पर या ईमानदारी पर सवाल उठाया था, जैसे राजनीतिक हित या छुपे हुए इरादे होना।

अध्ययन के नतीजे चौंकाने वाले थे। महज एक नकारात्मक टिप्पणी - भले ही हल्की-फुल्की ही क्यों न हो - भी लोगों का भरोसा कम कर देती है, लेकिन सबसे ज्यादा नुकसान वे टिप्पणियां करती हैं जो संस्था की सच्चाई और नैतिकता पर हमला करती हैं। ऐसी टिप्पणियां न सिर्फ भरोसा घटाती हैं, बल्कि लोगों में गुस्सा पैदा करती हैं और उन्हें उसे साझा करने, भावनात्मक प्रतिक्रिया देने या जवाब देने के लिए उकसाती हैं। दिलचस्प बात यह रही कि यह असर राजनीतिक सोच पर निर्भर नहीं था। चाहे व्यक्ति रिपब्लिकन हो या डेमोक्रेट, संस्था की ईमानदारी पर हमला देखकर दोनों ने समान प्रतिक्रिया दी। इससे पता चलता है कि भरोसे में कमी सिर्फ राजनीति का मसला नहीं, बल्कि इंसानों की सामान्य प्रवृत्ति है। यह अध्ययन दर्शाता है कि हर तरह की आलोचना का असर एक जैसा नहीं होता - किस तरह की आलोचना की जाती है, इससे बहुत फर्क पड़ता है।

हालांकि, राजनीतिक विश्लेषक जेम्स ड्रूकमैन का कहना है कि गुस्से जैसी भावनाओं को सर्वेक्षण के जरिए मापना मुश्किल है, जो बात एक व्यक्ति को गुस्से जैसी लगे, वह दूसरे को चिंता जैसी लग सकती है। फिर भी, इस अध्ययन में जो पैटर्न सामने आया है, वह चिंता की बात है। स्वास्थ्य एजेंसी की तरफ से सफाई देने पर भी लोगों का भरोसा पहले जैसा नहीं लौटा। शोधकर्ता एवं मनोरोग विशेषज्ञ जोनाथन ली का मानना है कि इसका एक कारण यह हो सकता है कि लोग तुरंत सही बात सुनने के लिए तैयार नहीं होते - उन्हें पहले थोड़ा शांत होने के लिए समय की जरूरत होती है। इस अध्ययन से यह बात साफ होती है कि पारदर्शिता यानी ईमानदारी बहुत जरूरी है। सलाह है कि स्वास्थ्य एजेंसियों को यह स्वीकार करने में हिचकना नहीं चाहिए कि उन्हें हर सवाल का जवाब नहीं पता। खासकर महामारी जैसी तेजी से बदलती परिस्थितियों में यह ईमानदारी भरोसा बढ़ा सकती है।

**स्रोत फीचर्स**

## लिवर डैमेज होने पर शरीर में नजर आते हैं ये लक्षण



हमारे शरीर में जब भी किसी तरह की गड़बड़ी की शुरुआत होती है, तो कोई भी अंग ठीक से काम नहीं करता है। या फिर किसी भी न्यूट्रिशन और विटामिन की कमी होने लगती है, तो शरीर में इसके संकेत साफ नजर आते हैं। हालांकि अगर इन संकेतों को शुरुआत में ही समझ लिया जाए, तो आने वाले समय में बड़ी मुश्किल से बचा जा सकता है। पेट में गैस बनना, पाचन का कमजोर होना या ब्लोटिंग महसूस होना, नींद आने में मुश्किल, हमेशा कमजोरी, भूख न लगना, हाथ-पैरों में दर्द रहना या थकान महसूस होना आदि ऐसे लक्षण हैं, जिन पर आपको समय रहते ध्यान देना चाहिए। अगर आपके साथ भी ऐसा लगता है आपको भूख नहीं लगती है और खाना सामने आने पर खाने का मन नहीं करता है, तो यह लिवर की बीमारी का संकेत होता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बारे में जानकारी देने जा रहे हैं।

**लिवर की समस्या**- आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनहेल्दी खानपान की वजह से कई लोग पेट और लिवर से जुड़ी समस्याओं से परेशान रहते हैं। अगर आपको लंबे समय से भूख नहीं लग रही है या फिर कुछ भी खाने का मन नहीं करता है। तो इसको हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह लिवर की किसी गंभीर बीमारी का संकेत हो सकता है। लिवर हमारे शरीर का पावर हाउस है और यह डाइजेशन को सही तरह से चलाने, शरीर में एनर्जी बनाए रखने और शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है। जब हमारा लिवर संक्रमित या कमजोर हो जाता है। तो मतली आने, पेट में सूजन, भूख कम लगने या पेट के दाहिने ऊपरी हिस्से में दर्द जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। फैटी लिवर, सिरोसिस, हेपेटाइटिस या लिवर इंफेक्शन जैसी बीमारियां आदि भूख न लगने की मुख्य वजह बन सकती हैं। अगर लंबे समय तक ऐसा रहता है, तो आपको फौरन डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है। शुरूआती जांच में अल्ट्रासाउंड और लिवर फंक्शन टेस्ट करवाएं।

हेल्दी लिवर के लिए रेगुलर एक्सरसाइज और बैलेंस आहार लेना चाहिए। साथ ही एल्कोहल या जंक फूड से दूरी बनाए रखना चाहिए। समय पर इलाज और लाइफस्टाइल में बदलाव से लिवर की बीमारियों से बचाव संभव है। इनके लक्षणों को रिवर्स करने में भी सहायता मिल सकती है। एक्सपर्ट की मानें, तो अगर आपको भूख नहीं लग रही है, खाना खाकर उल्टी महसूस होती है या फिर बार-बार खाने से मन हट रहा है। तो इसको नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह लिवर की बीमारी का संकेत हो सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान में बारिश के चलते 13 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बारिश से संबंधित हादसों में पिछले 48 घंटों में नौ बच्चों सहित कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हुए हैं। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान के कई हिस्सों में भीषण बारिश हो रही है और मौसम वैज्ञानिकों ने कई शहरों के लिए शहरी बाढ़ की चेतावनी जारी की है। एनडीएमए ने बताया है कि जून के अंत से मानसून की बारिश से संबंधित घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर 234 हो गई है।

### सीरिया पर प्रतिबंधों को लेकर तुर्की में वार्ता

**अंकारा।** तुर्की में अमेरिका के वित्त विभाग का एक प्रतिनिधिमंडल तुर्की, सीरिया और इराक के अधिकारियों के साथ सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को हटाने के मुद्दे पर बातचीत कर रहा है। इस बातचीत में धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने में दमिश्क का समर्थन करने के लिए अमेरिका की तत्परता पर ज़ोर दिया गया है।तुर्की के इस्तांबुल स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने यह जानकारी दी।

### ज़ेलेंस्की को अपने गुट की जांच का डर: रिपोर्ट

**मॉस्को।** यूक्रेन ने देश में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए बनी संस्थाओं की शक्तियों में कटौती कर दी है। सरकार के इस कदम को कठोर आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के भ्रष्टाचार विरोधी निकायों पर प्रतिबंध लगाने वाले कानूनों को जल्दबाजी में बनाने का कारण संभवत: यह है कि यूक्रेन का राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, उनके करीबी लोगों के खिलाफ जांच शुरू कर चुका है। द इकोनॉमिस्ट पत्रिका ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

### 5 साल बाद फिर शुरू होगी दोनों देशों के बीच वीजा व्यवस्था

# चीन के साथ रिश्तों में आई गरमाहट

## आज से आवेदन प्रक्रिया होगी शुरू, गलवान संघर्ष के बाद से बंद थी सर्विस, दूतावास ने की पुष्टि

**नई दिल्ली/बीजिंग।** भारत सरकार अब चीनी पर्यटकों को फिर से वीजा देने जा रही है। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक भारत पांच साल बाद ये सेवा फिर से शुरू करेगा। कोरोना काल के बाद यह सर्विस बंद हो गई थी। इसके बाद जून 2020 में हुए गलवान संघर्ष ने दोनों देशों के रिश्तों को और खराब कर दिया था। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने इसकी पुष्टि की है। दूतावास ने बताया कि यह प्रक्रिया 24 जुलाई 2025 से शुरू होगी। इस जानकारी को चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भी प्रकाशित किया है, जिसमें कहा गया है कि भारतीय दूतावास ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म वीबो पर इस संबंध में जानकारी साझा की है।




भारतीय दूतावास ने कहा है कि चीन के लोग अब भारत घूमने के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें सबसे पहले ऑनलाइन आवेदन फार्म भरना होगा। फिर वेबसाइट पर जाकर अपाइंटमेंट लेना होगा। इसके बाद उन्हें अपने पासपोर्ट और जरूरी दस्तावेज लेकर वीजा केंद्र जाना होगा।

- **इस जानकारी को चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने भी प्रकाशित किया**
- **चीन के लोग अब भारत घूमने के लिए वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं**

ये वीजा केंद्र बीजिंग, शंघाई और ग्वांगझू जैसे शहरों में हैं, जो दक्षिण चीन के ग्वांगडोंग प्रांत में आते हैं। वहां जाकर वे अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। गौरतलब है कि भारत ने 2020 में कोविड-19 महामारी के चलते सभी पर्यटक वीजा को निलंबित कर दिया था। इसके बाद भारत-चीन के बीच जून 2020 में गलवान संघर्ष हुआ था। इससे दोनों देशों के संबंध खराब हो गए थे। अप्रैल 2022 में अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ (आईएटीए) ने कहा था कि चीनी नागरिकों के सभी पर्यटक वीजा अब वैलिड नहीं हैं। दरअसल, चीन ने तब 22000 भारतीय छात्रों के फिर से चीन जाने की अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद भारत ने 'जैसे को तैसा' की तरह जवाब देते हुए चीनी नागरिकों का टूरिस्ट वीजा अमान्य कर दिया था। जून 2022 में चीन ने अपनी वीजा नीतियों में ढील दी थी और भारतीय नागरिकों को पर्यटक वीजा के लिए आवेदन करने की अनुमति दी, जो आमतौर पर 90 दिनों की वैधता के साथ 30 दिनों तक ठहरने की अनुमति देता है। इसके अलावा चीन ने भारतीय पेशेवरों उनके परिवारों और अन्य विदेशी नागरिकों के लिए भी वीजा आवेदन फिर से शुरू किए, जो चीन में काम या परिवार से मिलने के लिए जाना चाहते थे। इस नीति के तहत भारतीय नागरिक जो चीन में कार्यरत थे या जिनके परिवार वहां थे, वे वीजा के लिए आवेदन कर सकते थे।

### भारत न होता, तो हमारी इकोनॉमी बर्बाद हो जाती

**माले।** मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने कहा है कि अगर भारत नहीं होता, तो हमारी इकोनामी बर्बाद हो जाती। नशीद ने कहा कि कि उनके देश की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो गई थी कि अगर भारत ने समय पर मदद न की होती, तो मालदीव दिवालिया (डिफाल्ट) हो गया होता। 2022-23 में पर्यटन ठप होने से मालदीव गहरे आर्थिक संकट में चला गया था। उस पर विदेशी कर्ज बढ़ गया था और डालर की भारी कमी थी। भारत ने अनाज-ईंधन सप्लाई और क्रेडिट लाइन देकर मालदीव को डिफाल्ट होने से बचाया था। नशीद का यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मालदीव दौरे के ठीक पहले आया है। पीएम मोदी 25 और 26 जुलाई को मालदीव के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि को तौर पर शामिल होंगे। नशीद ने कहा कि मालदीव की विदेश नीति हमेशा इंडिया फर्स्ट की रही है।

# बिना वीजा 59 देशों की यात्रा कर सकते हैं भारतीय

## भारत ने पासपोर्ट रैंकिंग में 77वां स्थान हासिल किया

**नई दिल्ली।** भारतीय अब बिना वीजा के 59 देशों की यात्रा कर सकते हैं। ये जानकारी हेनली पासपोर्ट इंडेक्स में सामने आई। भारत ने वैश्विक पासपोर्ट रैंकिंग में 77वां स्थान हासिल किया है। भारत की रैंकिंग में ये बदलाव पिछले 6 महीनों में आया है।

यह रैंकिंग दुनिया भर के पासपोर्ट को उनके वीजा-फ्री यात्रा की संख्या के आधार पर तय की जाती है। दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट के मामले में सिंगापुर शीर्ष पर है। सिंगापुर का पासपोर्ट 193 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा की सुविधा देता है। 190 देशों के साथ जापान और साउथ कोरिया दूसरे स्थान पर हैं। तीसरे स्थान पर डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली और स्पेन संयुक्त रूप से हैं, जिनके नागरिक 189 देशों में वीजा-मुक्त यात्रा कर सकते हैं।

- **सिंगापुर पहले स्थान पर, पाक 96वें स्थान पर, अफगानिस्तान सबसे नीचे**

सिंगापुर हेनली पासपोर्ट इंडेक्स में पहले स्थान पर है। इसके पासपोर्ट पर 193 देशों में वीजा-फ्री यात्रा कर सकते हैं। 2025 की रैंकिंग में भारतीय पासपोर्ट ने लगातार दूसरी बार सुधार दर्ज किया है। पिछले साल भारत 85वें स्थान पर था, और इस बार 8 पायदान ऊपर चढ़कर 77वें स्थान पर पहुंचा है। हालांकि, वीजा-मुक्त यात्रा की संख्या में कमी आई है। 2024 में भारतीय पासपोर्ट धारक 62 देशों में बिना वीजा यात्रा कर सकते थे, जबकि इस साल यह संख्या 59 है। फिर भी, रैंकिंग में सुधार का कारण दूसरे देशों के पासपोर्ट के तुलना में बेहतर प्रदर्शन है।




मुंबई। वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर बारिश के कारण जाम में फंसे वाहन।

### गाजा में राहत सामग्री वाले ट्रकों के फंसे होने पर इजरायल ने जताई हैरानी

**यरुशलम।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशानी ने गाजा में राहत सामग्री के वितरण में आ रही दिक्कतों पर हैरानी जताई है। शोशानी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें दिखाया गया कि 950 ट्रक गाज़ा की क्रॉसिंग पर फंसे हुए हैं। उन्होंने लिखा कि यह तब हुआ जब इजरायल ने सहायता पहुंचाने में मदद की। इतनी सहायता सामग्री क्यों अटकी हुई है? गौरतलब है कि 100 से ज़्डादा गैर सरकार संगठनों (एनजीओ) ने कहा है कि गाजा में रोजाना औसतन 28 ट्रकों के जरिये सहायता सामग्री वितरित की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र ने कई बार कहा है कि उसे क्रॉसिंग पॉइंट्स के अंदर से गाज़ा के चालकों के साथ आने वाली आपूर्ति को इकट्ठा करने और सैन्य क्षेत्रों से होकर ले जाने के लिए आवश्यक इज़राईली अनुमति प्राप्त करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### ट्रम्प ने की जापान के साथ व्यापार समझौते की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जापान के साथ एक बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते की घोषणा की है। ट्रम्प ने कल रात ट्रुथ सोशल पर कहा कि हमने जापान के साथ एक बड़ा समझौता पूरा किया है, शायद अब तक का सबसे बड़ा समझौता। इस समझौते के तहत अमेरिकी आयातक देश को निर्यात किए जाने वाले जापानी सामानों पर 15 प्रतिशत पारस्परिक शुल्क का भुगतान करेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि जापान अमेरिका में 550 अरब डॉलर का निवेश भी करेगा। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका को 'मुनाफे का 90 प्रतिशत' मिलेगा, लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि ये निवेश कैसे काम करेंगे या मुनाफे की गणना कैसे की जाएगी।

# ट्रम्प ने 25वीं बार दोहराया भारत-पाक युद्ध मेरे कहने पर रुका

## बोले: भारत-पाकिस्तान संघर्ष में 5 फाइटर जेट्स गिरे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से भारत-पाकिस्तान के बीच जंग में 5 फाइटर जेट्स के गिरने का दावा किया है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि दोनों देशों के बीच तनाव बहुत ज्यादा बढ़ गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि संघर्ष के बीच उन्होंने हस्तक्षेप किया और इसे रोकने में कामयाब हुए। ट्रम्प ने कहा कि उस समय दोनों देशों के बीच संघर्ष गंभीर हो गया था, 5 फाइटर जेट्स गिराए जा चुके थे। किसी भी वक्त परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हो सकता था। गौरतलब है भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई को सीजफायर हुआ था। तब पहली बार ट्रम्प ने सीजफायर कराने का दावा किया था। बीते 73 दिनों में वे 25 बार जंग खत्म करने का दावा कर चुके हैं। इससे पहले ट्रम्प ने 19 जुलाई को 5 जेट



- **दोनों देशों के बीच सीजफायर कराया, 73 दिन में 25वीं बार क्रेडिट लिया**

गिरने का दावा किया था। तब भी उन्होंने यह साफ नहीं किया कि ये विमान किस देश के गिरे थे। दूसरी बार कहा: भारत-पाक संघर्ष में 5 विमान गिरे ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों के नेताओं को फोन किया और चेतावनी दी कि अगर लड़ाई नहीं रुकी तो अमेरिका व्यापार रोक देगा। वे दोनों देश परमाणु हथियार रखते हैं। कौन जानता है कि इसका अंजाम क्या होता, लेकिन उन्होंने इसे रोक दिया। ट्रम्प ने यह भी बताया कि यह बातचीत एक बार नहीं, बल्कि कई बार हुई।

यह पहली बार नहीं है जब ट्रम्प ने इस तरह का दावा किया है। इससे पहले भी उन्होंने शुक्रवार को कहा था कि भारत के आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया था। इसी महीने व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन नेताओं के साथ एक निजी डिनर के दौरान ट्रम्प ने फिर दोहराया था कि भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे और चार या पांच विमान हवा में ही गिरा दिए गए थे। उन्होंने कहा विमानों को हवा में ही मार गिराया जा रहा था। 5, 5, 4 या 5, लेकिन मुझे लगता है कि असल में 5 विमान मार गिराए गए थे।

# पृथ्वी की गति तेज, दिन हुए छोटे, वैज्ञानिक हैरान

कैलिफोर्निया। इस साल गर्मी के मौसम में पृथ्वी की गति तेज़ होने के कारण दिन थोड़े छोटे हो गए हैं, जिसने वैज्ञानिकों को समय की गणना पर खासा ध्यान देना पड़ा है। इंटरनेशनल अर्थ रोटेशन एडं रेफरेंस सिस्टम्स सर्विस और अमेरिका नौसेना वेधशाला के आंकड़ों से पता चला है कि गत 10 जुलाई अब तक का सबसे छोटा दिन था, जो 24 घंटे से 1.36 मिलीसेकंड कम दर्ज किया गया।

एक चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि 22 जुलाई को दिन 24 घंटे से 1.34 मिलीसेकंड छोटा रहा। यही नहीं अनुमान है कि आगामी पांच अगस्त का दिन भी 24 घंटे से 1.25 मिलीसेकंड कम हो सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार एक दिन की लंबाई वह समय है जो धरती अपनी धुरी पर एक पूरा चक्कर काटने में लेती है।

यह औसतन 24 घंटे या 86400 सेकंड होता है, लेकिन वास्तव में, चंद्रमा का गुरुत्वाकर्षण बल, धरती पर मौसमी बदलाव और पृथ्वी के आंतरिक कोर के असर जैसी चीजों के चलते धरती का घूमना थोड़ा आगे पीछे हो जाता है। इसका असर यह पड़ता है कि एक पूरा चक्कर आमतौर पर 86,400 सेकंड से थोड़ा कम या अधिक समय लगता है-यह अंतर केवल मिलीसेकंड का है जिसका रोजमर्रा के जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

- **एक चौंकाने वाली बात यह भी सामने आई कि 22 जुलाई को दिन 24 घंटे से 1.34 मिलीसेकंड छोटा रहा**

ये अंतर लंबे समय में कंप्यूटर, उपग्रह और दूरसंचार पर असर डाल सकते हैं, यही कारण है कि 1955 में शुरू की गई परमाणु घड़ियों का उपयोग कर समय के सबसे छोटे बदलाव को भी दर्ज कर लिया जाता है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि इससे वाई2के समस्या जैसी बात सामने आ सकती है, जिससे कभी कम्प्यूटर प्रणाली को ही ठप कर देने का खतरा पैदा कर दिया था। परमाणु घड़ियां एक निर्वात कक्ष में रखे परमाणुओं के दोलनों की गणना करके 24 घंटों की गणना अत्यंत सटीकता से करती हैं। ये समय-निर्धारण के लिए वैश्विक मानक है, साथ ही यह वह समय भी है जिस पर हमारे सभी फोन और कंप्यूटर सेट होते हैं।



पिछले साल, 05 जुलाई को पृथ्वी ने अब तक का सबसे छोटा दिन देखा, जो 24 घंटे से 1.66 मिलीसेकंड कम था। स्क्रिप्स इंस्टीट्यूशन ऑफ़ ओशनोग्राफी में भूभौतिकी के एमेरिटस प्रोफ़ेसर और कैलिफ़ोर्निया विश्वविद्यालय, सैन डिएगो में एक शोध भूभौतिकीविद् डंकन एग्न्यू ने कहा कि 1972 से हम थोड़े तेज़ दिनों की ओर बढ़ रहे हैं।

# इमरान के बेटों से मिले ट्रम्प के दूत

## ग्रेनेल ने पाक के पूर्व पीएम की गिरफ्तारी को 'राजनीतिक उत्पीड़न' करार दिया

- **आज आपके साथ समय बिताकर बहुत अच्छा लगा: रिचर्ड ग्रेनेल**

**कैलिफोर्निया।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विशेष प्रतिनिधि रिचर्ड ग्रेनेल ने कैलिफोर्निया में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के बेटों, सुलैमान ईसा और कासिम खान से मुलाकात की।

ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को 'राजनीतिक उत्पीड़न' करार देते हुए उनकी रिहाई की मांग दोहराई। ग्रेनेल ने एक्स पर लिखा- कैलिफोर्निया (सुलैमान और कासिम) में आपका स्वागत है, मेरे दोस्तों। आज आपके साथ समय बिताकर बहुत अच्छा लगा। सुलैमान और कासिम, आपको मजबूत रहना



होगा। दुनिया भर में लाखों लोग राजनीतिक उत्पीड़न से तंग आ चुके हैं। आप अकेले नहीं हैं। यह पहली बार नहीं है जब ग्रेनेल ने इमरान खान का समर्थन किया है। पहले भी उन्होंने न्यूजमैक्स को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि ट्रम्प सरकार के दौरान, जब इमरान खान पाकिस्तान के नेता थे, अमेरिका और पाकिस्तान के बीच संबंध बेहतर थे। उन्होंने खान को एक गैर-राजनीतिक व्यक्ति और समझदारी से बात करने वाला नेता बताया, जिनका ट्रम्प के साथ अच्छा रिश्ता था। ग्रेनेल ने इमरान खान की गिरफ्तारी को ट्रम्प के खिलाफ अमेरिका में चल रहे कानूनी मामलों से जोड़ा, इसे 'झूठे आरोपों' और 'भ्रष्टाचार के दावों' का मामला बताया।

### ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र पर नस्लभेदी हमला

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के एडिलेड शहर में एक भारतीय छात्र पर शनिवार को बेरहमी से हमला किया गया। 'द आस्ट्रेलिया टुडे' के रिपोर्ट के मुताबिक चरणप्रीत सिंह अपनी पत्नी के साथ कार से शहर के लाइट शो देखने निकला था। इसी दौरान किंटोर एवेन्यू के पास रात 9 बजे कार पार्किंग को लेकर उसकी स्थानीय लोगों से बहस हो गई। लड़कों ने चरणप्रीत को नस्लीय गालियां दी और उनपर हिंसक हमला किया। चरणप्रीत ने मीडिया को बताया कि उन्होंने मुझे कहा, इंडियन भाग जा और फिर मुझे लात-घूंसों से मारना शुरू कर दिया। मैंने जवाब देने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने मुझे तब तक मारा जब तक मैं बेहोश नहीं हो गया।

# नेतन्याहू के कत्ल की साजिश में 70 वर्षीय महिला गिरफ्तार

**तेल अवीव।** इजरायल की सुरक्षा एजेंसी शिन बेत ने बुधवार को एक 70 साल की बुजुर्ग महिला को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या की साजिश रचने के शक में गिरफ्तार किया है। इजरायली पब्लिक ब्राडकास्टर केएएन के मुताबिक, महिला पर आरोप है कि वह आईइडी ब्लास्ट के जरिए नेतन्याहू पर हमला करने की प्लानिंग कर रही थी।

केएएन ने बताया कि गुरुवार को महिला के खिलाफ अपराध की साजिश रचने और आतंकी एक्ट करने की साजिश के आरोप में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, महिला को दो हफ्ते पहले भी गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उसे कुछ शर्तों के साथ रिहा कर दिया गया। इन शर्तों में उसे सभी सरकारी संस्थानों में एंट्री करने और प्रधानमंत्री के करीब जाने से प्रतिबंधित किया गया था। पुलिस के मुताबिक, यह

- **महिला आईईडी ब्लास्ट के जरिए नेतन्याहू पर हमला करने की प्लानिंग कर रही थी**

महिला 'जानी-मानी सरकार विरोधी प्रदर्शनकारी' है। उसने अन्य प्रदर्शनकारियों से हथियार हासिल करने और प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेने की कोशिश की थी। कोर्ट के आदेश से महिला की पहचान को सीक्रेट रखा गया था, लेकिन जांचकर्ताओं की अपील पर बुधवार को गोपनीयता का आदेश हटा लिया गया, जिससे उसके खिलाफ मामले सार्वजनिक हुए। जांच पूरी होने के बाद, पुलिस ने बताया कि स्टेट अटार्नी आफिस और सरकारी वकील को आगे की कार्रवाई और चार्जशीट के लिए जरूरी दस्तावेज सौंप दिए गए हैं। यह पहली बार नहीं है जब इजरायली पीएम पर हमला हुआ है।

अब खबरें आपके मोबाइल फोन पर...
www.shahtimesnews.com

प्रवेश सूचना- पैरामैडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट